जबलपुर
सोमवार, 14 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-4
वर्ष : 20 अंक : 75
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की घर वापसी आज

## 4:35 पर आईएसएस से कूच कल 3 बजे समुद्र में स्प्लैशडाउन



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) 14 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अनडॉक होने की तैयारी कर रहा है। यह दल 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम लगभग 4:35 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उतरेगा और मंगलवार, 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 3 बजे कैलिफ़ोर्निया के पास प्रशांत महासागर में लैंड करेगा। ड्रैगन अंतरिक्ष यान से वापसी की यात्रा लगभग 22 घंटे की होगी।

### 7 दिन के आइसोलेशन में रहेंगे ग्रुप कैप्टन

*इसरो ने बताया कि शुभांशु शुक्ला को पृथ्वी पर लौटने के बाद 7 दिन के पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरना होगा, ताकि वह फिर से पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के अनुरूप ढल सकें। वह इस दौरान फ्लाइट सर्जन की देखरेख में रहेंगे। पृथ्वी पर लौटने से पहले, 14 जुलाई को दोपहर 2:25 बजे वे क्रू ड्रैगन यान में सवार होंगे, स्पेससूट पहनेंगे और जरूरी जांच पूरी करेंगे।*

दुबई पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव... भारतीय प्रवासी समुदाय ने गर्मजोशी से किया स्वागत

# सरकार प्रवासी उद्यमियों को निवेश के लिए अनुकूल माहौल देगी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई यात्रा के पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय, विशेष रूप से इंदौर से जुड़े उद्यमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इंदौरी इंटरनेशनल बिजनेस नेटवर्क (आईआईबीएन) ने एक विशेष आयोजन किया, जिसमें 25 से अधिक सीईओ मौजूद थे। 15 से अधिक प्रमुख उद्यमियों ने मप्र में निवेश की रूचि दिखाते हुए अपने निवेश प्रस्ताव दिए। वर्तमान में आईआईबीएन यूएई में 750 से अधिक सदस्यों के साथ एक स्थापित लाइसेंस प्राप्त समुदाय है। इसमें व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, बैंकर, शिक्षाविद सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल शामिल हैं।

- *इंदौर प्रवासी उद्यमियों ने दिए कई निवेश प्रस्ताव*
- *बिजनेस नेटवर्क में शामिल हुए 25 से अधिक सीईओ*
- *विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस का प्रस्ताव*



### सस्टेनेबल सिटी के लिए 1000 करोड़ निवेश का प्रस्ताव

दुबई में रहने वाले सीए प्रवीण मेहता ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए निजी क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए की लागत से एक परियोजना और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले सस्टेनेबल सिटी के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार भी उन वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है जिनके बच्चे विदेशों में हैं। उन्होंने कहा कि यदि आपके बच्चे बाहर हैं, तो हम आपका परिवार हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और संबंधित कलेक्टर इन वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नीट यूजी काउंसलिंग 21 जुलाई से शुरू



**नई दिल्ली।** एमबीबीएस, बीडीएस और बीएससी नर्सिंग एडमिशन के लिए एमसीसी यानी मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की ओर से नीट यूजी 2025 काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 21 जुलाई से शुरू होंगे। काउंसलिंग कुल चार राउंड में होगी। नीट क्वालिफाइड अभ्यर्थी वेबसाइट mcc.nic.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।

### साउथ के फेमस एक्टर श्रीनिवास राव का निधन



**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के फेमस एक्टर कोटा श्रीनिवास राव का निधन हो गया है। उन्होंने 83 साल की उम्र में अपनी अंतिम सांस ली। उनके निधन की वजह से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू तक ने शोक व्यक्त किया है। वो लंबे समये से उम्र से संबंधित बीमारी से जूझ रहे थे।

### मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जली



**तिरुवल्लूर।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। कलेक्टर एम प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को ट्रेन से अलग कर लिया गया है।

करणी सेना के लोगों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, 59 को भेजा जेल

# हरदा में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछार छोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा/देवास

जिले में रविवार सुबह करणी सेना को चक्काजाम स्थल से हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन ने सख्ती की। शनिवार शाम को करनी सेना जिलाअध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत सहित 3 अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तर किया था। इसके बाद करणी सेना ने चक्काजाम कर दिया था। करीब 12 घंटे बाद रविवार सुबह वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हालांकि हरदा एसपी और कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बिगड़ रही थी, इसलिए बल प्रयोग करना पड़ा। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सम्पूर्ण जिले में धारा 163 (पूर्व में 144) लागू कर दिया है।

सड़क पर प्रदर्शन कर रहे करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने पहले वाटर कैनन आंसू गैस के गोल छोड़े। वाटर कैनन चलाकर भीड़ को कंट्रोल किया गया। प्रदर्शन में शामिल करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर समेत 59 लोगों को पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। सुरक्षा की दृष्टि से जिले मे हरदा के अलावा, नर्मदापुरम, बैतूल, सीहोर, देवास और खंडवा जिले का पुलिस फोर्स तैनात है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि कार्यकर्ताओं को चक्काजाम खत्म करने की समझाइश दी जा रही थी।

करणी सेना परिवार का प्रमुख गिरफ्तार जिले में धारा 163 लागू

### नहीं मानने पर किया लाठी चार्ज







इस मामले से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन

सात माह पहले हरदा के आशीष राजपूत ने कीमती एक हीरा खरीदा था। जो बाद में बेचते समय मोहित और उसके साथियों ने बदलकर नकली दे दिया। इस दौरान उसकी मोहित और उमेश नामक युवक से कहा सुनी भी हुई। जिसके बाद मोहित ने उसे 10 लाख और उमेश ने 13 लाख का चेक दिया। जब उन चेक को खाते में जमा किया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी और शनिवार को आरोपी के साथ चालान पेश किया। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज करणी सैनिकों ने प्रदर्शन किया।

#### इनका कहना

जिले में कानून व्यवस्था बेहतर रहे इसके कारण संबंधितों को समझाया गया, लेकिन वह नहीं माने। पहले उन्हे नार्मल समझाया, लेकिन जब नहीं माने तो वाटर कैनन, आँसू गैस छोड़ी इसके बाद बाल प्रयोग करना पड़ा। जिले में धारा 163 लागू कर दी है।

सिद्धार्थ जैन, कलेक्टर हरदा

### हरदा में लाठीचार्ज के विरोध में देवास में भी किया चक्का जाम





**देवास।** हरदा में करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर और कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में देवास में करणी सैनिकों ने भोपाल रोड़ बायपास पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। समझाईश के बाद भी नहीं मानने पर पुलिस को मजबूरन लाठी चार्ज करना पड़ा। रविवार को देवास में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने इंदौर-भोपाल बायपास चौराहे पर चक्का जाम कर दिया।

मतदाता पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में मिले विदेशी नागरिक




# बिहार वोटर लिस्ट में नेपाल, बांग्लादेश व म्यांमार के घुसपैठिए

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए चुनाव आयोग की ओर से घर-घर जाकर चलाए जा रहे विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के लोग के पाए जाने की जानकारी सामने आई है। ऐसे लोगों की संख्या लाखों में बताई जा रही है। घर-घर सत्यापन में जुटे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की इस रिपोर्ट के बाद हरकत में आए आयोग ने ऐसे लोगों की जांच के लिए 01 से 30 अगस्त के बीच विशेष अभियान चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। यदि ऐसे लोगों के दस्तावेज गलत पाए गए तो 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से इनके नाम हटा दिए जाएंगे।

- लोगों ने राशन कार्ड तक बनवाए

### घर-घर जाकर होगी जांच

1 अगस्त से 30 अगस्त के बीच इनकी घर-घर जाकर जांच की जाएगी। यदि इनके दस्तावेज गलत पाए गए तो 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से इनके नाम हटा दिए जाएंगे। सूत्रों की मानें तो शत-प्रतिशत गणना फार्म जमा होने के बाद इनकी संख्या और बढ़ सकती है। **क्यों हो रहा है मतदाता पुनरीक्षण?:** चुनाव आयोग के जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद -326 के तहत सिर्फ भारतीय नागरिक ही मतदाता बन सकता है।


### तेजस्वी ने चुनाव आयोग को घेरा



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में 7 करोड़ 90 लाख मतदाता हैं। अगर एक फीसदी वोटर्स का भी नाम कट जाए तो सात लाख 90 हजार मतदाताओं का नाम कट जाएगा। यानी हर विधानसभा में 3 हजार 251 मतदाताओं का नाम कट जाएगा। उन्होने कहा कि 2020 में 35 सीटों पर जीत-हार का यह अंतर था। एक विधानसभा में औसतन 320 बूथ हैं।

मप्र विस में स्पीकर कॉफ्रेंस आज

### मप्र समेत सात राज्यों के अध्यक्ष करेंगे मंथन



- विधानसभा समितियों की होगी समीक्षा

**भोपाल।** भोपाल में सोमवार को होने जा रहे देश के सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की समिति की बैठक विधानसभा सभाकक्ष में होगी। इसमें विधानसभाओं में गठित होने वाली समितियों की प्रणाली की समीक्षा की जाएगी। इसमें मप्र के अलावा उप्र, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिसा और पश्चिम बंगाल के विधानसभा अध्यक्ष व उनकी पूरी टीम शामिल होगी। समिति की प्रणाली पर विचार विमर्श होगा।

भिंड कलेक्टर श्रीवास्तव पर आरोप

### परीक्षा दे रहे छात्र को कलेक्टर ने मारे थप्पड़



- कॉलर पकड़कर खींचा, वीडियो वायरल

**भोपाल।** भिंड जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शख्स एक युवक को थप्पड़ मारता हुआ नज़र आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि ये वीडियो दीनदयाल डांगरोलिया महाविद्यालय का है और थप्पड़ मारने वाला व्यक्ति जिले के कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव हैं। पीटे जाने वाले छात्र का नाम रोहित राठौड़ है। वह इसी कॉलेज में द्वितीय वर्ष का छात्र है।

इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर हादसा

### कालीसिंध नदी में जा गिरी कार, दो की मौत



- कार के दरवाजे लॉक होने से हुई मौत

**देवास।** इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर हादसों के लिहाज से डेंजर जोन में शामिल मोखापीपल्या क्षेत्र में कालीसिंध नदी पर बने अंग्रेजों के जमाने के पुल पर रविवार को हादसा हो गया। पुल पर सामने से ट्रक आने के दौरान खातेगांव की ओर से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। कार के दरवाजे लॉक हो जाने के कारण लोग समय पर बाहर नहीं निकल पाए। कार गिरती देख मौके पर मौजूद ग्रामीण नदी में कूदे, कुछ ही देर में पुलिस भी पहुंच गई।


राष्ट्रपति मुर्मू ने 4 हस्तियों को राज्यसभा के लिए किया मनोनीत

## प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दीः पूछा हिंदी में बात करूं या मराठी में?

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को नॉमिनेट किया है। इनमें पूर्व सरकारी वकील और लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे उज्ज्वल निकम शामिल हैं। निकम, 26/11 के मुंबई हमला समेत कई हाई-प्रोफाइल मामलों में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रहे हैं। इनके अलावा, केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी. सदानंदन मास्टर, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार एवं शिक्षाविद मीनाक्षी जैन भी राज्यसभा जाएंगी। राज्यसभा सदस्य बनाए जाने पर उज्ज्वल निकम ने खुशी और गर्व व्यक्त किया।

#### इन हस्तियों को जानिए



**▸▸ उज्ज्वल निकम**
महाराष्ट्र जलगांव से हैं और प्रतिष्ठित वकील हैं। उन्हें 2016 में पद्मश्री से नवाजा गया। आतंकी अजमल कसाब को मौत की सजा दिलाने में अहम भूमिका रही।



**▸▸ हर्षवर्धन श्रृंगला**
पूर्व विदेश सचिव और अमेरिका व बांग्ला देश में भारत के राजदूत रहे हर्षवर्धन श्रृंगला को राजनयिक सेवाओं में उनका योगदान रहा है।



**▸▸ सी. सदानंदन मास्टर**
केरल के त्रिशूर जिले के हैं और शिक्षाविद हैं। 1994 में उन पर जानलेवा हमला हुआ। आरोप है कि वामपंथियों ने उनके दोनों पैर काट दिए थे। आर्टिफिशियल पैरों से सेवा में जुटे है।



**▸▸ डॉ. मीनाक्षी जैन**
आप एसोसिएट प्रोफेसर रहीं हैं और उन्होंने कई किताबे लिखीं है। उनकी रत्तकें महज इतिहास की व्याख्या नहीं करतीं। , वे उसे फिर से परिभाषित करने का प्रयास करती हैं।

नाम लिए बिना नितिन गडकरी ने सुनाई खरी-खोटी

## सत्ता में आकर अक्सर लोग अहंकारी हो जाते हैं, मांगने से नहीं मिलता सम्मान

सरकारी क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर कहा कि शिक्षक भी इसमें शामिल



एजेंसी ▸▸ नागपुर

बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए पहचाने जाने वाले केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। नागपुर में शनिवार को शिक्षकों की एक सभा में उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता, धन, ज्ञान या सुंदरता प्राप्त करते हैं, वे अकसर अहंकारी हो जाते हैं। गडकरी ने कहा कि जब लोग यह मानने लगते हैं कि वे सबसे बुद्धिमान हैं तो उनकी हठधर्मिता दूसरों पर असर डालती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी खुद को थोपकर महान नहीं बनता।

#### किस पर था गडकरी का इशारा?

नितिन गडकरी के इस बयान पर राजनीतिक विरोधियों ने अलग-अलग मतलब निकाले। कुछ लोगों का मानना है कि उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधा है। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नितिन राउत ने कहा कि नितिन गडकरी का इशारा भाजपा के उन नेताओं की तरफ था, जो आजकल अहंकारी और स्वार्थी हो गए हैं। वहीं विपक्ष के कुछ नेताओं ने कहा कि नितिन गडकरी ने सीधा पीएम मोदी पर निशाना साधा है।

प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से बाढ़ के हालात, ग्वालियर और मुरैना के कई गांवों में अलर्ट

अशोक नगर में कई मार्ग बंद, रेहटी में तीन लोग डूबे एक को बचाया

## छतरपुर में रनगुवां डैम के 15 गेट खोले, कई गांवों में चला रेस्क्यू टीकमगढ़ में घर-स्कूल में 3 फीट तक पानी भरा, नदी में पिकअप बही

*अगले 24 घंटे के दौरान जिन जिलों में अति भारी बारिश की चेतावनी है, उनमें ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, धार, झाबुआ, रतलाम, नीमच और मंदसौर शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से बाढ़ के हालात रहे। रीवा, सतना, मैहर और छतरपुर के कई गांवों से लोगों का रेस्क्यू किया गया है। छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया-नरसिंहपुर, जबलपुर, दमोह-मंडला में तेज बारिश हुई।

जिससे कई जगह सड़क मार्ग बंद हो गए। वहीं आधा इंच बारिश दर्ज की गई। छतरपुर में धसान नदी में पिकअप वाहन बह गया। इसमें सवार दो लोग शीशा तोड़कर बाहर निकल आए।



### अशोकनगर में 3 लोगों का रेस्क्यू

अशोकनगर में रविवार को लगातार बारिश से जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। पिपरई क्षेत्र के देसाईखेड़ा गांव में एक कार गड्ढे में गिरकर पानी में डूब गई।

### सोलवी नदी में पति-पत्नी और बेटा डूबा



**रेहटी।** रेहटी थाना अंतर्गत ग्राम सुरई के पास सोलवी नदी में नहाने आए एक परिवार के तीन लोग डूब गए। डूबने वालों में पति, पत्नी और ढाई साल का बालक शामिल है। 10 वर्ष का बेटा बाल बाल बचा गया। दरअसल ग्राम सुरई की सोलवी नदी में मालीबाया गांव के रहने वाले एक परिवार के चार लोग नहाने पहुंचे थे।

### आज यहां अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान जिन जिलों में अति भारी बारिश की चेतावनी है, उनमें ग्वालियर, निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, धार, झाबुआ, रतलाम, नीमच और मंदसौर शामिल हैं।

## इस साल की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा

# कंधों पर 351 लीटर गंगाजल लेकर चला कांवड़िया, 3 माह 6 दिन में पहुंचेगा

### श्रद्धा और धैर्य का एक असाधारण उदाहरण पेश कर मनोज ने सफर किया शुरू

एजेंसी ▶▶ सहारनपुर

जनपद के नकुड़ में इस वर्ष कांवड़ यात्रा में अभी तक की सबसे भारी कांवड़ नजर आई। श्रद्धा और धैर्य का एक असाधारण उदाहरण पेश करते हुए नकुड़ के गांव नयागांव निवासी मनोज कुमार तीन माह छह दिनों से लगातार कांवड़ यात्रा पर हैं। उन्होंने हरिद्वार से 351 लीटर गंगाजल अपने कंधों पर लेकर सफर शुरू किया था और अब वह सहारनपुर रोड स्थित हरि कॉलेज के पास पहुंच चुके हैं। मनोज का कहना है कि यह यात्रा उन्होंने किसी मन्नत या दिखावे के लिए नहीं की है। उन्होंने न तो कोई अभ्यास किया, न ही कोई पूर्व योजना बनाई थी। केवल भोले बाबा का नाम लिया और 351 लीटर गंगाजल को दोनों कंधों पर दो बड़ी केनों में बांधकर निकल पड़े।

**एक दिन में एक किमी चल रहे**

हर केन में लगभग 175 लीटर जल है और इसका कुल वजन इतना अधिक है कि मनोज एक दिन में मात्र एक किलोमीटर की दूरी ही तय कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि इस गंगाजल को अपने कंधों पर अकेले उठाकर हरिद्वार से लेकर अब तक सफर किया है। गांव तक पहुंचने में अभी लगभग 6-7 दिन और लग सकते हैं।



**विलक्षण प्रतिभा को देखकर हर कोई हैरान**

मनोज की इस विलक्षण भक्ति-यात्रा को देखकर राह चलते लोग हैरान रह जाते हैं। कोई उन्हें प्रणाम करता है, कोई जल पिलाता है, तो कोई उनके साहस को सलाम करता है। उनकी इस साधना ने कांवड़ यात्रा को एक नया रूप और गहराई दे दी है।

#### दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बाइक सवार को रौंदा

## कार की टक्कर से कांवड़िए की मौत

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक व कार की टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार एक कांवड़िए की मौत हो गई।



जबकि दो कांवड़िए घायल हो गए। तीन दोस्त शाहजहांपुर से हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे थे। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक कांवड़िया अमित अपने पिता की इकलौता संतान था। हादसे में घर का इकलौता चिराग भी बुझ गया। जैसे ही ये लोग देर रात दो बजे के लगभग छपार क्षेत्र में रेई-बढेडी-चौराहे के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही बीएमडब्ल्यू कार चालक ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सवार कांवड़िए घायल हो गए।

#### नगर निगम कार्यकारिणी का निर्णय

## काशी में सावन में बंद रहेंगी मीट-मछली की दुकानें

वाराणसी। नगर निगम ने सावन में मीट-मछली की दुकानें पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। निगम की कार्यकारिणी ने शहर के मीट-मछली की दुकानों को सावन में बंद



रखने का निर्देश दिया गया है। सावन में यदि कोई मीट-मछली की दुकानें खुली मिली तो निगम उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा कर विधिक कार्रवाई करेगा। महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निगम के सभागार में हुई कार्यकारिणी की बैठक में 182 वर्ग किलोमीटर के नगरीय सीमा में सावन के दौरान मीट-मछली की दुकानें बंद करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई। निगम की धारा 91 (1) के तहत सावन में शिवालयों के आसपास मांस-मछली की दुकानों को पूरी तरह बंद कराने का प्रस्ताव पार्षद हनुमान प्रसाद ने कार्यकारिणी में रखा।

## खबर संक्षेप

### कुलगाम में 3 बसें टकराईं, 10 जख्मी

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के खुडवानी क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर



अमरनाथ यात्रा काफिले के दौरान तीन बसों की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा टैचलू क्रॉसिंग के पास उस समय हुआ जब बालटाल की ओर जा रहे यात्रा काफिले की 1बसें आपस में टकरा गईं।

### ऑडी ने फुटपाथ पर सो रहे 5 लोगों को रौंदा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दर्दनाक सड़क हादसे में 5 लोगों के घायल होने का मामला सामने



आया है। यहां वसंत विहार इलाके में यह हादसा हुआ है। शिवा कैंप के पास फुटपाथ पर सो रहे लोगों को नशे में धुत ऑडी कार चालक ने कुचल दिया, जिससे वे घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में दो दंपति और आठ साल की एक बच्ची शामिल है।

### रिटायर्ड साइंटिस्ट से 1.29 करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने एक रिटायर्ड साइंटिस्ट को डिजिटल अरेस्ट कर



उनसे 1 करोड़ 29 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के 2और सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एसटीएफ पहले ही 8 जुलाई को गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है।आरोपियों की पहचान प्रदीप कुमार सिंह और महफूज के रूप में हुई है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर में 4 श्रद्धालुओं की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़त की



वजह से कार सवार 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 2अन्य घायल हो गए। कार सवार श्रद्धालु बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित थावे दुर्गा मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे और कार चालक की आंख लगने की वजह से गाड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से पीछे से टकरा गई।

### बस-ट्रक की टक्कर में 4 सदस्यों की गई जान

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में रविवार तड़के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक मिनी बस अपने



आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई, जिससे बस में सवार एक परिवार के 4सदस्यों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस चालक को संभवतः झपकी आ गई थी, जिससे उसने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया।

#### महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं की दादागीरी फिर सामने आई

# मराठी बोलने से किया इनकार तो मनसे ने प्रवासी ऑटो ड्राइवर को पीटा

## विरार स्टेशन के पास पार्टी के लोगों ने दिखाई अपनी दबंगई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी ) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के कार्यकर्ताओं ने एक प्रवासी ऑटो ड्राइवर की पिटाई कर दी है। ऑटो ड्राइवर ने कहा था कि वह भोजपुरी और हिंदी में बात करेगा, मराठी में नहीं। याद दिलाना होगा कि एमएनएस के कार्यकर्ताओं ने कुछ दिन पहले मराठी भाषा नहीं बोलने को लेकर ठाणे जिले के मीरा-भायंदर में एक दुकानदार की जमकर पिटाई की थी।ताजा वायरल वीडियो में शिवसेना (यूबीटी) और एमएनएस के कार्यकर्ता एक मराठी ऑटो ड्राइवर को सिर्फ इसलिए पीट रहे हैं क्योंकि कुछ दिन पहले उसका वीडियो वायरल हुआ था। ऑटो ड्राइवर विरार स्टेशन के पास एक स्थानीय युवक को धमकाते और मराठी में बात करने से इनकार करते हुए कैमरे में कैद हुआ था। इसमें उसने कहा था कि मैं हिंदी बोलूंगा, मैं भोजपुरी बोलूंगा। मुझे मराठी नहीं आती है।

**शिवसेना (यूबीटी) के लोग भी रहे शामिल**

**युवक बोला-भोजपुरी बोलूंगा, मराठी नहीं आती तो धमकाया**



**कई महिलाएं भी शामिल थीं, मराठी का अपमान किया**

ऑटो ड्राइवर का वीडियो वायरल होने के बाद शिवसेना और एमएनएस के कार्यकर्ताओं ने उसे खोज निकाला और उसे पीटा। यह घटना शनिवार को हुई। शिवसेना और एमएनएस के कार्यकर्ताओं में महिलाएं भी शामिल थी। उन्होंने ऑटो ड्राइवर को थप्पड़ मारे और उसे माफी मांगने के लिए मजबूर किया। आरोप लगाया कि इस शख्स ने मराठी भाषा और मराठी आइकन का अपमान किया है।

**शिवसेना के स्टाइल में देंगे जवाब**

ऑटो ड्राइवर को पीटने वालों में शामिल शिव सेना (यूबीटी की विरार इकाई के प्रमुख उदय जाधव ने पिटाई का बचाव किया। उन्होंने कहा कि जो कोई भी मराठी भाषा, महाराष्ट्र या मराठी मानुष का अपमान करेगा उसको शिवसेना के स्टाइल में जवाब दिया जाएगा। शिवसेना के एक और नेता ने कहा कि उसे कड़ा सबक सिखा दिया गया है। यह वीडियो जब सोशल मीडिया पर जोरदार ढंग से वायरल हुआ तो पुलिस ने कहा कि अभी तक हमें शिकायत नहीं मिली है।

**मराठी बनाम उत्तर भाषी का विवाद**

मीरा-भायंदर में दुकानदार को पीटने का वीडियो खूब वायरल हुआ था और इसके बाद मराठी बनाम उत्तर भाषी का विवाद बड़े पैमाने पर खड़ा हो गया था। भाजपा और शिवसेना (यूबीटी ) के नेताओं की बयानबाजी की वजह से यह मामला काफी ज्यादा तूल पकड़ गया था। अब फिर वैसा काम किया।

**माफी मांगने और मराठी में नारे लगाने के लिए मजबूर किया**

ड्राइवर से पूछा था कि वह सबके सामने मराठी क्यों नहीं बोलता, जिस पर ड्राइवर ने कहा था कि वह ऐसा नहीं करेगा और भोजपुरी और हिंदी में बात करेगा। इस घटना के बाद शिवसेना यूबीटी और एमएनएस के समर्थकों ने रेलवे स्टेशन के पास ऑटो-रिक्शा ड्राइवर को पकड़ लिया। इस झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें इन लोगों को ड्राइवर को बार-बार थप्पड़ मारते हुए दिखाया गया। उसे माफी मांगने और मराठी में नारे लगाने के लिए मजबूर किया गया। सेना यूबीटी विरार सिटी प्रमुख उदय जाधव ने कबूल किया कि समूह ने सच्ची शिवसेना शैली में जवाब दिया। जाधव कथित तौर पर घटनास्थल पर मौजूद थे।यह एक और नई घटना ऐसे समय में हुई है, जब महाराष्ट्र में मराठी बोलने को लेकर हिंदी भाषी लोगों पर कई हमले हुए।

**1 जुलाई को स्ट्रीट फूड विक्रेता को जड़ दिया था थप्पड़**

इससे पहले 1 जुलाई को एमएनएस कार्यकर्ताओं ने मराठी में बात करने से इनकार करने पर एक स्ट्रीट फूड विक्रेता को थप्पड़ मारा था। बाद में सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था।मुंबई के मीरा रोड उपनगर में, जोधपुर स्वीट शॉप चलाने वाले 48 साल के दुकानदार बाबूलाल चौधरी को सात एमएनएस कार्यकर्ताओं ने थप्पड़ मारे और धमकाया। उनके कर्मचारी, राजस्थान के रहने वाले बाघाराम ने एमएनएस कार्यकर्ताओं से हिंदी में बात की।



#### भाषा विवाद के बीच मराठी सीख रहे अविमुक्तेश्वरानंद

### उद्धव मराठी सिखाना नहीं चाहते, बस राजनीति कर रहे

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी विवाद के बीच जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मराठी सीखना शुरू कर दिया है। उनको मराठी सिखाने के लिए दो शिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं। शंकराचार्य ने बाल भारती की किताब के साथ मराठी सीखने की शुरुआत की है। इस बीच उन्होंने उद्धव ठाकरे के भाषा प्रेम को राजनीति से प्रेरित बताया है। वहीं, एकनाथ शिंदे की तारीफ की है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कुछ समय पहले शिंदे की जमकर आलोचना की थी और कहा था कि उन्होंने उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात किया है। अब शंकराचार्य ने कहा कि एकनाथ शिंदे ने गाय को महाराष्ट्र में गौ राज्य माता का दर्जा दिया। इससे उनके पाप कट गए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मराठी क्लास शुरू हो चुकी है। शिक्षक शिवाजी शेंडगे उन्हें मराठी पढ़ा रहे हैं।

#### जयपुर के रामगंज इलाके में विवाद

## दो समुदायों में पथराव के बाद बढ़ा तनाव, 7 को हिरासत में

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर के रामगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात दो समुदायों के बीच मामूली कहासुनी के बाद पथराव के बाद तनाव फैल गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों समुदायों के सात लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उसने बताया कि घटना शनिवार देर रात पहाड़गंज इलाके में हुई जब दो समुदायों के बीच मामूली कहासुनी के बाद पथराव हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। उन्होंने बताया कि घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।



**अब हालात नियंत्रण में**

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राशि डोगरा ने बताया कि शनिवार रात नियंत्रण कक्ष को पहाड़गंज में दो समुदायों के बीच विवाद की सूचना के बाद पथराव की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि रामगंज थाने के पास तैनात पुलिस बल कुछ मिनट के भीतर घटना स्थल पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। थानाधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि रविवार सुबह स्थिति शांतिपूर्ण रही।

#### मेरठ में फैला आक्रोश

## जूस में थूक मिलाने पर विवाद बजरंग दल ने किया हंगामा



एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

एक बार फिर थूक जिहाद का मामला सामने आया है। मेरठ रोड पर मूवी वर्ल्ड के सामने दिल्ली जूस कार्नर के नाम से जूस की दुकान पर दो युवकों ने विक्रेता पर जूस में थूकने का आरोप लगा हंगामा कर दिया। बजरंग दल के लोग पहुंचे।

**पुलिस दोनों युवकों को नंदग्राम थाने ले गई**

इस संबंध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जूस की दुकान पर दो मुस्लिम युवक काम कर रहे हैं। शेखर पंडित के अनुसार सेवानगर के दो युवकों ने जब जूस में थूक मिलाने का विरोध किया तो विक्रेता ने उनके साथ अभद्रता की। फिलहाल, पुलिस दोनों युवकों को नंदग्राम थाने लेकर आ गई है। मामले में अभी तक किसी ने कोई शिकायत नहीं दी है। वहीं, दूकान के बाहर बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। थूक जिहाद को लेकर सभी में बहुत आक्रोश दिखा।

#### खनन कंपनी ने किया खुलासा

## बीते वर्ष में वेदांता ने भाजपा को 97 करोड़ रु. चंदा दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरबपति उद्योगपति अनिल अग्रवाल की खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड द्वारा सत्तारूढ़ भाजपा को चंदा राशि 2024-25 में चार गुना होकर 97 करोड़ रही है। कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। कंपनी ने रिपोर्ट में 'विविध मद' के अंतर्गत, राजनीतिक दलों को चंदे के साथ-मूल कंपनी लंदन में सूचीबद्ध वेदांता रिसोर्सेज पीएलसी को किए गए प्रबंधन और ब्रांड शुल्क व्यय का विवरण दिया है। कंपनी ने पिछले



वित्त वर्ष (2024-25) में 157 करोड़ का राजनीतिक चंदा दिया, जो पिछले वित्त वर्ष में 97 करोड़ था। कांग्रेस को चंदा घटकर सिर्फ 10 करोड़ रह गया। बीजू जनता दल को 25 करोड़, झारखंड मुक्ति मोर्चा को 20 करोड़ और कांग्रेस को पिछले वर्ष 49 करोड़ मिले थे।

#### कांग्रेस विधायक ने कहा

## सही च्वॉयस... मोदी रिटायर हों तो गडकरी बनें प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶ बेलूर

कांग्रेस के एक विधायक बेलूर गोपालकृष्णा ने नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के रिटायरमेंट वाले बयान का हवाला दिया है। कांग्रेस विधायक ने आरएसएस प्रमुख के बयान का स्वागत करते हुए कहाकि अगर इसके हिसाब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद से रिटायर होते हैं तो गडकरी को पीएम बनना चाहिए। वे इस पद के लिए सही च्वॉयस होंगे। डॉ.भागवत ने कहा था कि 75 साल



की उम्र पूरी होने के बाद नेताओं को सत्ता से इस्तीफा दे देना चाहिए। गोपालकृष्णा कर्नाटक की सागर से विधायक हैं। गोपालकृष्णा ने कहा है कि अगर भागवत के रिटायरमेंट वाली बात के हिसाब से पीएम मोदी हटते हैं तो नितिन गडकरी को अगला पीएम बनाना चाहिए।

#### प्रवर्तन निदेशालय ने 'काली कमाई' पर की कार्रवाई

## ईडी ने सहारा समूह के खिलाफ धन शोधन के मामले में 2 लोगों को कर लिया गिरफ्तार

### राशि को ठिकाने लगाया और गबन भी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने सहारा समूह और उससे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ धन शोधन मामले के तहत 2लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सहारा समूह के चेयरमैन की मुख्य प्रबंधन टीम के एक कार्यकारी निदेशक और समूह के एक लंबे समय से सहयोगी सह संपत्ति ब्रोकर शामिल हैं। आरोपियों की पहचान वैलापरम्पिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा के



रूप में हुई है। अब्राहम ने संपत्तियों की बिक्री के समन्वय और उसे सुगम बनाने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाई, जिनमें से कई में 'बेहिसाब' नकदी शामिल थी, जिसका गबन कर लिया गया था। वर्मा ने बिक्री लेनदेन से प्राप्त बड़ी 'नकदी' आय को ठिकाने लगाने में मदद की।

**नई विशेष पीएमएलए अदालतें धनशोधन के मुकदमों में तेजी लाएं**

ईडी ने कहा कि विभिन्न राज्यों में विशेष पीएमएलए अदालतों की हालिया अधिसूचना से धनशोधन के मामलों की सुनवाई में 'काफी तेजी' आएगी। ईडी ने एक बयान में कहा कि तेलंगाना में अब कुल 16 विशेष अदालतें अधिसूचित की गई हैं, जिनमें विशाखापत्तनम के लिए दो अदालतें शामिल हैं। राजस्थान में ऐसी अदालतों की संख्या एक (पहले केवल जयपुर में थी) से बढ़ाकर पांच कर दी गई है।

#### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने राज्य सरकारों को दिए निर्देश

# नकली उर्वरकों की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में चौहान ने उनसे उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नकली और घटिया उत्पादों के नमूने लेने और परीक्षण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों पर जबरन टैगिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए।

**घटिया उर्वरकों की बिक्री के खिलाफ तत्काल सख्ती से रोक लगाएं**



**राज्यव्यापी अभियान शुरू करने की बात कही**

चौहान ने सभी राज्यों से नकली और घटिया कृषि आदानों की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए उपरोक्त निर्देशों के अनुसार राज्यव्यापी अभियान शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य स्तर पर इस कार्य की नियमित निगरानी से किसानों के हित में एक प्रभावी और स्थायी समाधान निकलेगा। चौहान ने सही समय पर, किफायती दामों पर और मानक गुणवत्ता वाले उर्वरक उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

**किसी भी तरह अंकुश लगना चाहिए**

आधिकारिक बयान के अनुसार यह पत्र नकली उर्वरकों की बिक्री, सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और देशभर में जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। चौहान ने बताया कि नकली या घटिया उर्वरकों की बिक्री उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत प्रतिबंधित है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत आता है।

**दोषसिद्धि सुनिश्चित करने प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करें**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। राज्य किसानों और कृषक समूहों को निगरानी प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रतिक्रिया और सूचना प्रणालियां विकसित करें और किसानों को असली-नकली उत्पादों की पहचान करने के बारे में शिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करें।

#### असम कैबिनेट का अस्पतालों को निर्देश

## बिल बकाया भले हो, शव को 2 घंटे से अधिक नहीं रख सकेंगे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम सरकार ने कैबिनेट बैठक में तमाम बड़े फैसले लिए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि अब राज्य का कोई भी नर्सिंग होम या अस्पताल बिल बकाया होने पर शव को बंधक नहीं बना सकेगा। अस्पताल को मृत्यु होने के दो घंटे के भीतर शव को परिजनों को सौंपना होगा।कैबिनेट बैठक के बाद सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि निजी अस्पतालों द्वारा शवों को रोककर नहीं रखा जाएगा। उन्हें बकाया बिलों की परवाह किए बिना मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने के दो घंटे के



भीतर शव परिजनों को सौंपना होगा। इससे अधिक देरी होने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरमा ने कहा कि सरकार 24गुणा7 टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर-104 स्थापित करेगी। परिवार इस नंबर पर शव न मिलने की सूचना दे सकेंगे। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी को घटनास्थल का दौरा करना होगा।

भारतीय वायुसेना को मिली एक ओर बड़ी सफलता

# डीआरडीओ और वायुसेना ने किया 'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण

*'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण न केवल भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि यह भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा। यह मिसाइल भविष्य में देश की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना ने ओडिशा के तट पर स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 'अस्त्र' का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल में स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगा हुआ है और इसे सुखोई -30 एमके-आई फाइटर जेट से दागा गया। परीक्षण के दौरान दो मिसाइलें अलग-अलग दूरी, दिशा और हालात में उड़ रहे तेज रफ्तार ड्रोन टारगेट्स पर दागी गईं। दोनों ही बार मिसाइलों ने अपने टारगेट को बेहद सटीकता से मार गिराया।

### खास बातें

- दोनों ही बार मिसाइलों ने अपने टारगेट को बेहद सटीकता से मार गिराया
- भविष्य में देश हवाई सुरक्षा को मिलेगी मजबूती



### अस्त्र मिसाइल और आरएफ सीकर की खासियत

अस्त्र एक 'बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल' (वीवीआरएएएम ) है, जिसे दुश्मन के विमान को लॉन्चिंग विमान से काफी दूर मार गिराने के लिए बनाया गया है। इस बार जो संस्करण परीक्षण में इस्तेमाल हुआ, उसमें देश में विकसित किया गया रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) सीकर लगा था। यह आरएफ सीकर लक्ष्य पर लॉक करने और उड़ान के दौरान मार्गदर्शन देने में मदद करता है। इसका स्वदेशी विकास 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता को दर्शाता है।

### ओडिशा तट पर सफल परीक्षण

बंगाल की खाड़ी में भारत ने एक और बड़ी सैन्य उपलब्धि हासिल की। सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से दो बार अस्त्र मिसाइल का परीक्षण किया गया। ये परीक्षण अलग-अलग दूरी और दिशाओं में उड़ रहे तेज रफ्तार मानव रहित हवाई लक्ष्यों पर किए गए।



### आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण के लक्ष्य

*यह परीक्षण भारत की रक्षा तैयारियों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे भारतीय वायुसेना के लिए पूरी तरह से स्वदेशी एयर-टू-एयर मिसाइलों के उपयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे सफल परीक्षणों से भारत की विदेशी मिसाइल प्रणालियों पर निर्भरता कम होगी और आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण के लक्ष्य को बल मिलेगा। मिसाइल को नियमित रूप से वायुसेना के बेड़े में शामिल करने से पहले और भी परीक्षण किए जाएंगे।*

---

विदेशमंत्री ने टेमासेक प्रमुख से भारत में चल रहे आर्थिक सुधारों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की

# सिंगापुर में समकक्ष से जयशंकर ने की मुलाकात कहा- ये देश भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र

*भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। यहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन और टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष-निर्वाचित टीओ ची हीन से मुलाकात की। जयशंकर ने टेमासेक प्रमुख से भारत में चल रहे आर्थिक सुधारों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने सिंगापुर को भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का केंद्र बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच विचार-विमर्श हमेशा लाभकारी रहता है।*

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर रविवार को अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर के दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी।

विदेश मंत्री ने लिखा कि सिंगापुर हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र है। वहां विचारों का आदान-प्रदान हमेशा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह सिंगापुर में एफएम विवियन बालकृष्णन से मिलकर अच्छा लगा। बता दें कि 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' भारत की विदेश नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें भारत का फोकस पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया देशों के साथ रिश्तों को और बढ़ावा देने पर है। यह मुलाकात भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक संबंधों का प्रतीक मानी जा रही है।



### एस जयशंकर चीन के दौरे पर भारत और चीन के बीच इन मुद्दों पर हो सकती है बात

*चीन के बयान में कहा गया है कि मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ सहयोग और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया, ऑटोमोबाइल सहित कई उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण धातुओं पर चीन की रोक सहित कई मुद्दों पर बातचीत होने की उम्मीद है। जयशंकर की यह यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारअजीत डोभाल की हालिया चीन यात्राओं के बाद हो रही है।*

### 15 जुलाई को विदेश मंत्रियों के बैठक में लेगें हिस्सा

चीन के तियानजिन में 15 जुलाई से शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और प्रमुख वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। परिषद की बैठक 15 जुलाई को तियानजिन में होगी।

### भारत में हो रहे परिवर्तन और उसके निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई: जयशंकर

वही जयशंकर ने टेमासेक होल्डिंग्स के अध्यक्ष-निर्वाचित टीओ ची हीन से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज टेमासेक होल्डिंग्स के चेयरमैन-डिजिग्नेट टीओ ची हीन से



मिलकर खुशी हुई। हमने इस दौरान भारत में हो रहे परिवर्तन और उसके निवेश के अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान भारत में आर्थिक सुधारों और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के साथ-साथ नए व्यापारिक अवसरों के बारे में चर्चा की गई। देखा जाए तो यह मुलाकात भारत और सिंगापुर के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों और निवेश के नए रास्तों की ओर इशारा करती है।

### दुर्लभ धातुओं सहित कई मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद

चीन के बयान में कहा गया है कि भारत और चीन के विदेश मंत्री इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न उत्पादों के विनिर्माण के लिए आवश्यक दुर्लभ धातुओं पर बातचीत होने की संभावना है।

---

शिलांग में वित्त मंत्री ने संवाद सत्र के दौरान कहा

# पारिस्थितिक तंत्र-विकास में संतुलन जरूरी: सीतारमण

एजेंसी ▶▶ शिलांग

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को शिलांग में एक संवाद सत्र के दौरान विकास और इकोलॉजिकल संरक्षण के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में यह संतुलन बेहद अहम है। वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ गया है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी मौसम के स्वरूप का सटीक अनुमान नहीं लगा सकते। उन्होंने आगे कहा कि चरम मौसम घटनाएं आम बात हो गई हैं। जो बारिश पहले कई महीनों तक होती थी, अब एक ही दिन में हो रही है। इससे अचानाक बाढ़ आ रही है और लोगों और संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है।



### ग्रामीण , वन क्षेत्रों में डिजिटलीकरण की जरूरत

*ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलती गतिशीलता की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है ताकि किसान और कारीगर अपने उत्पादों का विपणन कर सकें। इसका मतलब है कि हमें उन क्षेत्रों में विस्तार करना होगा, जो सदियों से हरे-भरे रहे हैं।*

### मेघालय की दो महिला करदाता का हुआ सम्मान

*वित्त मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार कर ढांचे को सरल बनाने और वित्तीय प्रणालियों को अधिक सुलभ बनाने पर काम कर रही है ताकि पारदर्शिता और भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि "क्षेत्र-विशेष की योजनाएं और स्थानीय मुद्दे संबंधित मंत्रालयों और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के माध्यम से भेजे जाना चाहिए। इससे समय पर मूल्यांकन और कार्रवाई हो सकेगी। इस अवसर पर उन्होंने मेघालय की दो प्रमुख महिला करदाताओं रिमिफुल शायला और वंजोप्लिन को सम्मानित किया और कर प्रणाली में उनके सराहनीय योगदान की सराहना की। केंद्रीय वित्त मंत्री गुरुवार से मेघालय के चार दिवसीय दौरे पर हैं।*

### जलवायु शिखर सम्मेलन की चर्चा

उन्होंने जानकारी दी कि अगला वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन ब्राजील के अमेजन वर्षावन के किनारे एक सुदूर क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इससे यह संकेत मिलता है कि अब यह चर्चा दुनिया के सबसे संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों तक पहुंच चुकी है।

---

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक के जंगल की एक गुफा में मिली रूसी महिला

**गोकर्ण।** कर्नाटक से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है।



पुलिस को कर्नाटक के घने जंगल में एक महिला मिली जो गुफ में अपनी दो बेटियों के साथ रह रही थी। पूछताछ में पता चला कि उसका वीजा खत्म हो गया था और वो गोवा से कर्नाटक आई थी। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार 9 जुलाई को गोकर्ण के रामतीर्थ पहाड़ी के जंगलों में स्थित एक खतरनाक गुफा से एक रूसी मूल की महिला और उसकी दो छोटी बेटियों को बचाया गया। पुलिस ने पाया कि वे वहां खतरनाक परिस्थितियों में रह रही थीं।

### इमरान की रिहाई के लिए शुरू किया आंदोलन

**कराची।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने पूर्व पीएम इमरान खान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर



अनौपचारिक रूप से एक आंदोलन शुरू किया है। इसे इमरान खान को आजाद करो दिया गया है। पार्टी ने रविवार को बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल हो रहे कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पीटीआई नेता अली अमीन गांडापुर देर रात पार्टी के अन्य नेताओं के साथ लाहौर पहुंचे इमरान खान को रिहा कराने के लिए आंदोलन शुरू करने की घोषणा की।

---

रोजिक को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था

# अब्दु रोजिक दुबई एयरपोर्ट पर हिरासत में लिए गए, पूछताछ के बाद रिहा

एजेंसी ▶▶ दुबई


ताजिकिस्तानी गायक और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अब्दु रोजिक को शनिवार को दुबई इंटरनेशनल हवाईअड्डे पर चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हालांकि बाद में स्पष्टीकरण देने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। रोजिक को सुबह करीब 5 बजे मोंटेनेग्रो से दुबई पहुंचने के तुरंत बाद अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। हालांकि, शिकायत को अभी पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किया गया है और अधिकारियों ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया




है। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने कहा, 'हम बस इतना कह सकते हैं कि हमें पता है कि उसे चोरी के आरोप में हिरासत में लिया गया है।' हालांकि, उन्होंने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। रोजिक ने बिग बॉस 16 और अपने संगीत के जरिये लोकप्रियता हासिल की थी। उनके गाने ओही दिली जोर, चकी चकी बोरोन और मोदार काफी मशहूर हैं।

---

# राज्यपाल मनोज सिन्हा ने नियुक्ति पत्र वितरित किए



*बारामूला। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को बारामूला जिले में आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए।*

---

धारदार हथियारों से की गई लोगों की हत्या

# विद्रोहियों का पूर्वी कांगो में हमला 66 लोगों को उतारा मौत के घाट

एजेंसी ▶▶ कांगो

मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में इरुमु इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से जुड़े विद्रोहियों ने हमला कर 66 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह इलाका युगांडा की सीमा से लगा हुआ है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह हमला आईएस से जुड़े एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एडीएफ) के लड़ाकों ने किया। एडीएफ एक युगांडाई इस्लामी चरपंथी समहू है, जो सीमा के दोनों ओर सक्रिय है। ये हमला ऐसे समय



में हुआ है, जब पूर्वी कांगो में एम23 के साथ चल रहे संघर्ष के थमने की उम्मीद की जा रही है। एम23 एक अलग विद्रोही समूह है, जिसे कांगो के एक अन्य पड़ोसी देश रवांडा का समर्थन प्राप्त है। पूर्वी कांगो के इतुरी में संयुक्त राष्ट्र मिशन के प्रवक्ता जीन टोबी ओकाला ने इस हमले को 'खूनखराबा' बताया।

---

नेपाल-चीन सीमा पर मितेरी पुल ढहने से आवाजाही बाधित कारोबार भी ठप

# मानसरोवर यात्रा प्रभावित, 25 हजार भारतीय श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ काठमांडो

पर्वतीय पर्यटन उद्यमियों के संगठन, ट्रेकिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ नेपाल (टीएएएन) ने बताया है कि नेपाल-चीन सीमा पर रसुवागढ़ी गांव के पास मितेरी पुल ढहने के कारण कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पांच साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नेपाल को इस साल कम से कम 25,000 भारतीय तीर्थयात्रियों की मेजबानी करने की उम्मीद है। तीर्थयात्रियों की न सिर्फ आवाजाही



बाधित हुई बल्कि पहाड़ी क्षेत्र में कारोबार भी ठप हो गया है। शेरपा समुदाय ने चीन से तातोपानी, कोरोला, हिल्सा जैसे वैकल्पिक मार्गों को मार्ग देने का आग्रह किया है। टीएएएन ने नेपाल के विदेश मंत्रालय से वीजा प्रक्रिया को सरल और तेज करने के लिए काठमांडो में चीनी दूतावास के साथ राजनयिक रूप से जुड़ने का भी आह्वान किया है।

### भारत सरकार दो रास्तों से कराती है मानसरोवर यात्रा

27 जनवरी 2025 को चीन और भारत के बीच बीजिंग में एक बैठक हुई थी, जिसमें दोनों देशों ने भारतीय नागरिकों के लिए कैलाश यात्रा फिर से शुरू करने पर सहमति जताई थी। भारत सरकार दो रास्तों से कैलाश मानसरोवर यात्रा कराती है, इनमें लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड) और नाथू ला दर्रा (सिक्किम) शामिल हैं। इन दोनों मार्गों पर चीन की अनुमति और सहयोग होता है। ये यात्रा सरकारी योजना के तहत होती है और तय संख्या में लोगों को ही अनुमति मिलती है। हालांकि, ज्यादातर भारतीय तीर्थयात्री नेपाल के रास्ते निजी यात्रा करना पसंद करते हैं।

### बाढ़ से बहा मितेरी पुल

*तान के महासचिव सोनम ग्यालजेन शेरपा ने बताया कि मंगलवार सुबह लेहेंडे नदी में आई बाढ़ की वजह से मितेरी पुल बह गया। इसके कारण कैलाश मानसरोवर जाने वाला रास्ता बंद हो गया है और तीर्थयात्री फंस गए हैं। उन्होंने चीनी सरकार से अपील की है कि वह तातोपानी, कोरोला, हिल्सा और दूसरे रास्तों से तीर्थयात्रियों को जाने की सुविधा दे। इसके लिए तुरंत कूटनीतिक बातचीत की जरूरत है।*

---

अमेरिका में न्याय विभाग ने फिर की छंटनी

# ट्रंप के खिलाफ केस संभाल रहे वकीलों पर फिर गिरी गाज


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चल रहे मामलों से जुड़े कई वकीलों और सहयोगी कर्मचारियों को अमेरिकी न्याय विभाग ने हटा दिया है। बता दे कि यह छंटनी विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम से जुड़े उन लोगों पर हुई है ।

जो ट्रंप के खिलाफ दो बड़े मामलों में काम कर रहे थे। एक दस्तावेज रखने और दूसरा चुनाव नतीजों को पलटने की साजिश पर काम कर रहे थे। रिपोर्ट में दो ऐसे लोगों के हवाले से दावा किया गया है जो इस निर्णय से सीधे तौर पर जुड़े हैं, लेकिन उन्होंने नाम उजागर नहीं किया।

### जैक स्मिथ की टीम ने लगाए थे गंभीर आरोप

*साल 2023 में विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम ने ट्रंप पर दो अहम*




*मामलों में आरोप लगाए थे। पहला मामला फ्लोरिडा स्थित उनके मार-ए-लागो घर में गोपनीय दस्तावेजों को रखने से जुड़ा था और दूसरा, 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को बदलवाने की साजिश से जुड़ा था। हालांकि, इनमें से किसी भी मामले की सुनवाई ट्रायल तक नहीं पहुंच पाई।*

# भगवान श्रीमहाकाल की भस्मारती में सपत्नीक शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रावण के पवित्र माह के दूसरे दिन उज्जैन में सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल के दर्शन कर भस्मारती में शामिल हुए। भस्मारती के बाद उन्होंने सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल का पूजन किया। डॉ. यादव ने नरसिंह घाट पर स्नान कर पूजन-अर्चन भी किया। मुख्यमंत्री ने श्रीमहाकाल मंदिर परिसर में भ्रमण कर श्रद्धालुओं से उनके मंदिर में दर्शन अनुभव की जानकारी ली और कुशल क्षेम जानी।

## नरसिंह घाट पर स्नान कर किया पूजन-अर्चन

### कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए उचित प्रबंध



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा श्रीमहाकाल की कृपा से प्रदेश में सभी क्षेत्रों में समान रूप से निवेश आकर्षित कर युवाओं को रोजगार के समान अवसर दिए जा रहे हैं। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की सभी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कांवड़ यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के साथ, उनकी सुविधा के लिए प्रदेश के सभी देवस्थानों में उचित प्रबंधन किए गए हैं। सरकार सर्वजन हिताय के ध्येय को आत्मसात कर कार्य कर रही है। लाड़ली बहनों और सभी वर्ग से किए गए वादों को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# मुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी के साथ किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय वैदिक साहित्य और परंपरागत ज्ञान ने हमें सिखाया है कि पेड़-पौधों में भी जीवन है। इसी आधार पर हम पेड़-पौधों की पूजा करते हैं और उनको अपना संरक्षक मानते हैं। वे हमारे लिए जीवन यापन का महत्वपूर्ण साधन भी हैं।

डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन में महाकाल परिसर में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। अभियान का शुभारंभ मंत्रोउच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी और महाकालेश्वर मंदिर के महंत विनीत गिरी महाराज का शॉल और महाकाल का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चंद्र बोस ने विदेशों में जाकर यह सिद्ध किया कि वनस्पतियों में भी जीवन है। वहां के लोगों ने उन्हें कंधों पर उठा लिया। विदेशी नागरिकों ने कहा कि जब आप यह बात भारत में बताएंगे तो आपकी खूब प्रशंसा होगी। इस पर डॉ. बोस ने बताया हम भारतीय तो परंपरागत ज्ञान से ही जानते हैं कि पेड़-पौधों में जीवन होता है।

## हम पेड़-पौधों की पूजा करते हैं, उनको अपना संरक्षक मानते हैं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रत्येक व्यक्ति को लगाना चाहिए पौधे



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में पौधे अवश्य लगाना चाहिए। इससे हमें प्रकृति के उपकार को चुकाने अवसर मिलता है। हम कोशिश करें कि वर्षा ऋतु में पांच पौधे अवश्य लगाएं, इससे हम प्रकृति को उसके आशीर्वाद के बदले एक उपहार दे सकते हैं। इस अवसर पर उज्जैन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद और संत उमेश नाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय, अनिल जैन कालूखेड़ा, संजय अग्रवाल और अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### आरएमपी चेयरमैन और सिंह बने उपाध्यक्ष

**भोपाल।** बिहार फाउंडेशन भोपाल चैप्टर की बैठक मानवेंद्र मिश्रा के पर्यवेक्षण में हुई। निर्वाचन अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने चुनाव संपन्न कराया, जिसमें चेयरमैन आरएमपी सिंह, उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, सचिव संतोष कुंवर और कोषाध्यक्ष कुंवर प्रसाद को बनाया गया है। वहीं कार्य समिति सदस्य में मुकेश पाण्डेय, विजय सोनी, योगेंद्र प्रसाद सिंह, मुकेश सिंह, बीएम पांडेय, आनंद पाण्डेय, रंजीत कुमार, विमल सिंह, अमित पाण्डेय, कमलेश पंडित और अभिरंजन कुमार को बनाया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि भोपाल चैप्टर बिहार फाउंडेशन पटना के अपेक्षानुरूप कार्य करेगा।

### महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: सिसोदिया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर्यटन को रोजगार से जोड़कर लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। मध्यप्रदेश में चलाए जा रहे रिस्पांसिबल टूरिज्म मिशन ने देश में मिसाल कायम की है। पर्यटन क्षेत्रों में महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### मप्र में फर्जी मतदाता की बात आ रही सामने: नाथ

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक ट्वीट के जरिए कहा कि मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर करीब 55-57 लाख तक फर्जी मतदाता होने की बात सामने आई है। यह संख्या प्रदेश के कुल मतदाताओं की 8 से 10 प्रतिशत तक है। चुनाव के पूर्व भी कांग्रेस ने बार-बार फर्जी मतदाता होने की शिकायत निर्वाचन आयोग से की थी, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह रही है कि उस समय इन फर्जी मतदाताओं पर समुचित कार्रवाई नहीं की गई।

## विकसित मध्यप्रदेश 2047 की दिशा में वित्तीय अनुशासन की मजबूत नींव

# अब हर योजना के लिए स्पष्ट करना होगा कि खर्च क्यों किया जा रहा, सामाजिक-आर्थिक असर क्या होगा

*वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान, वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान के संबंध में दिशा-निर्देश जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट अनुमान और वर्ष 2026-27 के बजट निर्माण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इसके लिए वित्त विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस बार भी राज्य सरकार ने शून्य आधारित बजटिंग (जीरो बेस बजटिंग) की प्रक्रिया को जारी रखते हुए वित्तीय अनुशासन और परिणाम आधारित बजट निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही सरकार ने पहली बार वर्ष 2027-28 एवं वर्ष 2028-29 के लिए त्रिवर्षीय रोलिंग बजट तैयार करने का निर्णय लिया गया है, जो प्रदेश की दीर्घकालिक विकास रणनीति 'विकसित मध्यप्रदेश 2047' पर केन्द्रित है।

वित्त विभाग ने जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अब प्रत्येक योजना के लिए यह स्पष्ट करना आवश्यक होगा कि उस पर खर्च क्यों किया जा रहा है, उसका लाभ किसे होगा और उसका सामाजिक व आर्थिक असर क्या होगा। इस प्रक्रिया में गैर-प्रभावी योजनाओं को समाप्त करने और समान प्रकृति की योजनाओं को एकीकृत करने पर भी विचार किया जाएगा।



### बजट निर्माण की प्रमुख तिथियां

28-31 जुलाई को विभागीय प्रशिक्षण और प्रारंभिक चर्चा होगी। 10 सितम्बर को आईएफएमआईएस में आंकड़े भरने की अंतिम तिथि है। इसी तरह 15-30 सितम्बर को प्रथम चरण की चर्चा होगी। 31 अक्टूबर को नवीन योजनाओं के प्रस्ताव की अंतिम तिथि है। 1 अक्टूबर-15 नवम्बर तक द्वितीय चरण की चर्चा होगी। दिसम्बर-जनवरी में मंत्री स्तरीय बैठकें होगी। 31 मार्च 2026 को समायोजन प्रस्तावों की अंतिम तिथि घोषित की गई है।

### जनहित में होगा व्यय

*शून्य आधारित बजटिंग प्रणाली से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि हर योजना के पीछे ठोस उद्देश्य हो, उसका समाज पर प्रभाव दिखे और प्रत्येक व्यय राज्य की विकास प्राथमिकताओं से मेल खाता हो। राज्य सरकार का यह प्रयास केवल राजकोषीय अनुशासन की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि प्रभावी शासन और नागरिक सेवा सुधार के लिए भी सराहनीय कदम साबित होगा।*

### वेतन, भत्ते और स्थाई व्यय की भी अलग होगी गणना

विभागों को अपने स्थाई खर्चों जैसे वेतन, पेंशन, भत्तों की गणना करते समय विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। इसके लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के वेतन में 3% वार्षिक वृद्धि जोड़ी जाएगी। महंगाई भत्ते की गणना क्रमशः 74%, 84% और 94% के हिसाब से होगी। संविदा कर्मचारियों के वेतन में 4% वार्षिक वृद्धि का भी प्रावधान रहेगा। अजा-अजजा उपयोजना के लिए न्यूनतम बजट सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए न्यूनतम 16% और अनुसूचित जनजाति उपयोजना के लिए न्यूनतम 23% बजट सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य रहेगा। इसके लिए सेगमेंट कोडिंग व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता आएगी।

### ऑफ-बजट व्यय और केंद्रीय योजनाओं पर भी निगरानी, पूरी जानकारी रखना होगी

जिन विभागों को भारत सरकार से सीधे फंड प्राप्त होता है, उन्हें वह राशि भी बजट प्रस्ताव में दर्शानी होगी। इसके अलावा, ऑफ-बजट ऋण, प्रोत्साहन योजनाओं का वित्तीय असर और नवीन योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया गया है। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि बजट की तैयारी के लिए जो आईएफएमआईएस प्रणाली अपनाई गई है, उसमें तय समय के बाद प्रविष्टि की अनुमति नहीं दी जाएगी। विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी प्रस्ताव निर्धारित समयसीमा में दर्ज करें और विभागीय बैठक के पूर्व पूरी जानकारी तैयार रखें।

## बहनों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



# सीएम ने कहा, प्रदेश की हर बहन को बनाकर देंगे पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राखी भाई-बहन के परस्पर स्नेह का बंधन है। राखी आई है, तो भाई का बहन को शगुन देना लाजिमी है। राखी 9 अगस्त को है। इसलिए राखी से पहले हमारी सरकार सभी लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि शगुन के रूप में देगी। अगस्त में प्रत्येक लाड़ली बहन को 1500 रुपए मिलेंगे। हम यहीं नहीं रुकेंगे, प्रदेश की हर लाड़ली बहन को पक्का मकान भी बनाकर देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता राशि सहित अन्य योजनाओं के तहत बहनों को सहायता राशि वितरण के राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### चार करोड़ से अधिक पक्के मकानों की रजिस्ट्री हो रही है बहनों के नाम से

*कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों ने पवित्र श्रावण मास में मुख्यमंत्री को राखी बांधी। बहनों की ओर से मुख्यमंत्री को एक विशाल राखी भी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में नारी सशक्तिकरण का अभियान जारी है। बहनों के कल्याण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार सभी दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रही है। हम देश की आधी आबादी को उनका पूरा हक दिलाने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। देश की सभी बहनों को पक्के घर की सौगात मिले, इसके लिए पीएम आवास योजना के तहत निर्मित 4 करोड़ से अधिक पक्के मकानों की रजिस्ट्री बहनों के नाम से ही की जा रही है। मजरे-टोलों तक भी सड़कें बनवाएंगे।*

## मृतकों में तीन लड़कियां, एक लड़का शामिल

# तालाब में नहाने गए चार मासूमों की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसतरा में शनिवार को तालाब में डूबने से मौत चार बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल हैं, जिनकी उम्र 5 से 8 वर्ष के बीच थी। इस घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, भैंसतरा गांव के चार बच्चे पुष्पांजलि श्रीवास (8), तुषार श्रीवास (5), ख्याति केंवट (6) और अंबिका यादव (6) शनिवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच स्कूल से लौटे। चारों बच्चे घर पर बैग रखकर खाना खाने के बाद खेलने के लिए निकले। इसके बाद वे पास के तालाब में नहाने चले गए। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले



जाने के कारण चारों बच्चे डूब गए। बच्चे देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तालाब के पास बच्चों के कपड़े मिलने पर अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने तालाब में तलाशी ली और चारों बच्चों को पानी से बाहर निकाला। उन्हें तुरंत बलौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बलौदा पुलिस अस्पताल पहुंची।

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की शुरू

# विधायक के काफिले पर पथराव, मामूली घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शनिवार रात को आरंग से भाजपा विधायक व सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब के काफिले पर पथराव हुआ था। वे नवागढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रायपुर लौट रहे थे। तभी बेमेतरा-रायपुर बायपास पर भोईनाभांठा के पास उनकी कार पर अचानक पथराव हुआ।

इस हमले में उनकी कार के सामने के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। अब मामले में पुलिस ने एक्शन लिया है। बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 324(4) व 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि कार के सामने कांच में एक पत्थर टकराने से आरंग विधायक



खुशवंत साहेब की बांये हाथ में कांच का टुकड़ा लगने से चोट आई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। दूसरी ओर विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट कर कहा कि...नवागढ़ प्रवास के दौरान मेरे ऊपर हुए कायरतापूर्ण हमले की खबर से आप सभी शुभचिंतकों, क्षेत्रवासियों, समाजजनों एवं समर्थकों की चिंता एवं व्याकुलता स्वाभाविक है। परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के आशीर्वाद से मैं सुरक्षित व स्वस्थ हूं। परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की कृपा व आप सभी की शुभकामनाओं से कोई गंभीर अनहोनी नहीं हुई। आप सभी के स्नेह, चिंता और समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद। आप सभी का प्रेम, स्नेह, शुभकामनाएं और विश्वास ही मेरी असली ताकत है। मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

## अपना दल-एस की कार्यकर्ता बैठक

# मैहर में उठा ओबीसी के लिए 27% आरक्षण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूत करने राष्ट्रीय महासचिव व मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल प्रदेश में कार्यकर्ता बैठक सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रविवार को मैहर पहुंचे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से घंटाघर के पास सर्किट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक पार्टी के वरिष्ठ नेता मान सिंह बिसेन और डी पी पटेल रहे। हाल ही में मप्र में अपना दल (एस) के प्रभारी नियुक्त किए गए आरबी सिंह पटेल ने कहा, राज्य सरकार से भी अनुरोध है कि प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को जल्द



से जल्द 27% किए जाने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। कार्यक्रम संयोजक मान सिंह बिसेन ने कहा, मैहर में होने वाली यह बैठक और सदस्यता अभियान पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हम पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएंगे और सामाजिक न्याय के लिए काम करते रहेंगे। यह आयोजन मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) की स्थिति को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक जरुरी कदम माना जा रहा है।

## अधीक्षण यंत्री की ओर से प्रति सप्ताह की जाएगी कार्य की निगरानी

कार्य उचित नहीं तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार परफॉरमेंस गारंटी जब्त होगी

# सरकार ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से प्रदेश की सभी सड़कों का निरीक्षण कर दो दिनों में रिपोर्ट देने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के इंजीनियरों से प्रदेश भर की सड़कों के निर्माण, मेंटेनेंस व परफारमेंस गारंटी वाली सड़कों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा है। निरीक्षण कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर निबटाने की हिदायत दी गई है। परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सड़कों में यदि संबंधित ठेकेदार की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया गया है, या फिर संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है, तो उसे विभागीय रूप से सम्पन्न करवाए। अनुबंध की शर्तों के अनुसार की परफॉर्मेंस गारंटी जब्त की जाएं। पीडब्ल्यूडी ने अपने आदेश में इंजीनियरों से कहा कि निरीक्षण उपरांत आवश्यक्तानुसार निर्माणाधीन सड़क में संबंधित ठेकेदार की ओर से सड़क को मोटरेबल रखा जाए।

परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत आने वाली सड़कों में क्षतिप्रस्थ भाग संबंधित ठेकेदार से मरम्मत करवाई जाए एवं विभागीय मेंटेनेंस के अंतर्गत आने वाली सड़कों का जोनल कॉन्ट्रैक्ट, विभागीय अमले से तुरंत मरम्मत कार्य करवाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक मरम्मत समयबद्ध रूप से पूरी हो, ताकि सड़क की गुणवत्ता और यातायात की सुगमता प्रभावित न हो।

**सभी अधिकारियों को निर्देशों का पालन कड़ाई से करने के आदेश**

### ठेकेदार पर यह होगी कार्रवाई

पीडब्ल्यूडी के उप सचिव एआर सिंह ने बताया कि परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सड़कों में यदि संबंधित ठेकेदार की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है कि या फिर संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है, तो उसे विभागीय रूप से सम्पन्न करवाए जाए एवं अनुबंध की शर्तों के अनुसार की परफॉरमेंस गारंटी जब्त किया जाए। सभी फील्ड इंजीनियर सप्ताह में 2 दिनों के भीतर निरीक्षण की इस प्रक्रिया को सतत रूप से क्रियान्वित करेंगे एवं आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस कार्य की समुचित निगरानी संबंधित अधीक्षण यंत्री की ओर से प्रति सप्ताह की जाएगी। सभी मुख्य अभियन्ता, फील्ड इंजीनियर की ओर से किए गए इन कार्यों को मॉनिटर कर एवं अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत समस्त सड़कों की निगरानी कर सड़कों की राइडिंग सरफेस अच्छी स्थिति में रखेंगे। सभी अधिकारी इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे।

### यह निरीक्षण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित हो


पीडब्ल्यूडी ने विभाग के सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निर्माणाधीन, मेंटेनेंस तथा परफॉर्मेंस गारंटी अवधि के तहत आने वाली सड़कों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण संबंधित फील्ड इंजीनियर से सम्पन्न करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान सड़क की वर्तमान दशा, मरम्मत की आवश्यकता तथा समग्र रूप से सड़क की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए। यह निरीक्षण कार्य प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# विचरण करता दिखा 17 हाथियों का दल, लोगों में मची दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में रविवार की सुबह 17 हाथियों का दल रेलवे ब्रिज के किनारे विचरण करते हुए नजर आया है। जिसके बाद से इस इलाके में काम करने वाले लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के जंगलों में इन दिनों जहां 150 से अधिक हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। जिले में हाथियों की बड़ी संख्या होनें से हाथी प्रभावित गांव में भी दहशत का माहौल देखा जा रहा है। रविवार की सुबह हाथी मित्र दल की टीम ने छाल रेंज के एडु परिसर के बंधानीपतरा के पास स्थित रेलवे के ब्रिज नंबर 09 के पास 17 हाथियों के दल को विचरण करते हुए ड्रोन कैमरे में कैद किया है। रेल लाइन के



पास काम करने वाले लोगों ने बताया कि हाथी प्रभावित इलाके में वे लोग डरे सहमें काम करते हैं इस दौरान अगर हाथी उनके करीब पहुंचता है तब वे लोग डर के मारे पेड़ में चढ़ जाते हैं और हाथी के जाने के बाद ही पेड से उतरते हैं। हाथी मित्र दल की टीम अनहोनी घटना को रोकने पूरी तरह से सजग है और लगातार हाथियों के मूवमेंट पर नजर रख रही है। साथ ही साथ गांव के ग्रामीणों को सावधानी पूर्वक आवागमन करने को कहा जा रहा है।

## पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर उतरे सड़क पर

# सड़कों की 'सेहत' की बनेगी रिपोर्ट

जबलपुर।

मप्र में सड़कों की बदहाली के कारण सरकार की बदनामी हो रही है। इसको देखते हुए सरकार सख्ती पर उतर गई है। राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों से प्रदेश भर की सडक़ों के निर्माण, मेंटेनेंस व परफारमेंस गारंटी वाली सडक़ों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा है। यानी सडक़ों की सेहत की रिपोर्ट मिलने के बाद उसके अनुसार उनकी मरम्मत कराई जाएगी।

सरकार ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया है कि निरीक्षण कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर निबटाने की हिदायत दी गई है। परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सडक़ों में यदि संबंधित ठेकेदार की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया गया है, या फिर संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है, तो उसे विभागीय रूप से सम्पन्न करवाएं। अनुबंध की शर्तों के अनुसार की परफॉरमेंस गारंटी जब्त की जाएं।

### परफॉर्मेंस गारंटी से होगी मरम्मत

पीडब्ल्यूडी ने अपने आदेश में इंजीनियरों से कहा कि निरीक्षण उपरांत आवश्यक्तानुसार निर्माणाधीन सडक़ में संबंधित ठेकेदार की ओर से सडक़ को मरम्मत कराया जाए। परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत आने वाली सडक़ों में क्षतिग्रस्थ भाग संबंधित ठेकेदार से मरम्मत करवाई जाए एवं विभागीय मेंटेनेंस के अंतर्गत आने वाली सडक़ों का जोनल कॉन्ट्रैक्ट, विभागीय अमले से तुरंत मरम्मत कार्य करवाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक मरम्मत समयबद्ध रूप से पूरी हो, ताकि सडक़ की गुणवत्ता और यातायात की सुगमता प्रभावित न हो। पीडब्ल्यूडी के उप सचिव एआर सिंह ने बताया कि परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सडक़ों में यदि संबंधित ठेकेदार की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है या फिर संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है, तो उसे विभागीय रूप से सम्पन्न करवाए जाएं। फिर अनुबंध की शर्तों के अनुसार की परफॉरमेंस गारंटी जब्त किया जाए।



### 2 दिनों में करना है निरीक्षण

विभाग के निर्देशानुसार सभी फील्ड इंजीनियर सप्ताह में 2 दिनों के भीतर निरीक्षण की इस प्रक्रिया को सतत रूप से क्रियान्वित करेंगे एवं आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस कार्य की समुचित निगरानी संबंधित अधीक्षण यंत्री की ओर से प्रति सप्ताह की जाएगी। सभी मुख्य अभियन्ता, फील्ड इंजीनियर की ओर से किए गए इन कायों को मॉनिटर कर एवं अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत समस्त सडक़ों की निगरानी कर सडक़ों की राइडिंग सरफेस अच्छी स्थिति में रखेंगे। सभी अधिकारी इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे। पीडब्ल्यूडी ने विभाग के सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निर्माणाधीन, मेंटेनेंस तथा परफॉर्मेंस गारंटी अवधि के तहत आने वाली सडक़ों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण संबंधित फील्ड इंजीनियर से सम्पन्न करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान सडक़ की वर्तमान दशा, मरम्मत की आवश्यकता तथा समानरूप से सडक़ की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए। यह निरीक्षण कार्य प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## पेंच पार्टी में पहुंचे बदमाशों की कुंडली खंगाल रही पुलिस, सीसीटीवी फुटेज और होटल बुकिंग रिकॉर्ड से जुटाए जा रहे सबूत

# अब्बास और रियाज की तलाश तेज

हरिभूमि, जबलपुर।

**जेल में बंद कुख्यात बदमाश अब्दुल रज्जाक उर्फ पहलवान के गैंग पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। बीते दिनों सिवनी जिले के पेंच स्थित आलिव रिसॉर्ट में रज्जाक के भतीजे के विवाह समारोह से चार आरोपियो को दबोचने के बाद अब गैंग के फरार सदस्य अब्बास और रियाज की तलाश तेज कर दी गई है। ये दोनों रज्जाक के भाई हैं और ओमती थाना क्षेत्र में दर्ज गंभीर मामलों में करीब दो वर्षों से फरार हैं।**

गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी रज्जाक का बेटा सरफराज, भाई महमूद, भतीजा अजहर और गुर्गा सज्जाद इस समय पुलिस डिमांड पर मिली रिमांड पर हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने गैंग की आपराधिक गतिविधियों और अन्य फरार गुर्गों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं।

खास खबर

### सरफराज ने खोले कई राज

पुलिस रिमांड पर लिए गए सरफराज ने बताया कि फरारी के दौरान वह हैदराबाद, बेंगलुरू और मुंबई जैसे शहरों में रहा, और लग्जरी कारों में घूमता था। पुलिस को शक है कि कुछ स्थानीय रसूखदार और कारोबारी भी गैंग की मदद कर रहे थे। अब ऐसे लोगों की भी पहचान कर उन पर कार्रवाई की तैयारी है।

### सीसीटीवी फुटेज से होगा खुलासा

पुलिस को जानकारी मिली है कि नौ जुलाई को सिवनी के पेंच स्थित रिसॉर्ट में आयोजित पार्टी में फरार आरोपी अब्बास भी मौजूद था, लेकिन छापे से ठीक पहले भाग निकला। अब पुलिस रिसॉर्ट के सीसीटीवी फुटेज, कमरे और पार्टी हॉल की बुकिंग डिटेल, एवं अतिथि रजिस्टर जब्त कर, उपस्थित सभी संदिग्धों की तस्दीक कर रही है।

### पुलिस की सख्ती जारी

यह कार्रवाई पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की मानीटरिंग, एएसपी सिटी आनंद कलादगी के नेतृत्व में की जा रही है। पुलिस की टीम अब अब्बास और रियाज को दबोचने के लिए जाल बिछा चुकी है। पुलिस का कहना है कि गैंग को आर्थिक, लॉजिस्टिक या राजनीतिक संरक्षण देने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## जीपीएफ स्लिप भी डाउनलोड किए जाने की एजीएमपी वेबसाइट में सुविधा हो

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों का प्रत्येक माह जीपीएफ काटा जाता है जिसका लेखा-जोखा महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर के पास होता है, एजीएमपी द्वारा प्रत्येक वर्ष जीपीएफ लेखा पर्ची एजीएमपी की वेबसाइट पर अपलोड की जाती है, परंतु पूर्व के वर्षों की जीपीएफ स्लिप हटा दी जाती है जो की सुसंगत नहीं है, कर्मचारियों द्वारा अतिआवश्यकता होने पर अपने जीपीएफ खाते से पैसे निकाले जाते हैं तो विभाग और कोषालय द्वारा विगत वर्षों की भी लेखा पर्ची मांगी जाती है जिससे समय पर कर्मचारी का पैसा नहीं मिल पाता है। अतः महालेखाकार ग्वालियर से जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघठन मांग करता है कि एजीएमपी वेबसाइट से पुरानी लेखा पर्ची न हटाई जाए। साथ ही नई पर्ची के साथ वर्ष स्लेक्ट कर पुरानी वार्षिक लेखा पर्ची डाउनलोड की सुविधा हो, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राजकुमार यादव, सुरेंद्र चौधरी, लालजी प्रसाद, अशोक परस्ते, योगेश ठाकरे, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, देवेंद्र भट, मनमोहन चौधरी, संतोष चौरसिया, गोपिशाह, राजेश सिंह ठाकुर, आशीष कोरी, मक़सूद कादरी आदि ने मांग की है।




## समता सैनिक दल ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जबलपुर।** ऑल इंडिया समता सैनिक दल जबलपुर के तत्वावधान में कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय भंवरताल में कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण समाज के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं ज्ञानवर्धक पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनंदा पंचभाई ने तथागत गौतम बुद्ध एवं विश्व रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर मोमबत्ती व अगरबत्ती प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। प्रमुख अतिथि अशोक शेंडे, अशोक रामटेके, विशिष्ट अतिथि तरुण कुमार मसुरकर और कार्यक्रम अध्यक्ष बिन्दुसार कापसे ने गौतम बुद्ध व डॉ. आम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि सुनंदा पंचभाई एवं विशिष्ट अतिथि तरुण कुमार मसूरकर ने डॉ. अंकुश लोखंडे, आनंद बागड़े बीए, अतुल बंसोड बीएएलएलबी को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। सुनंदा पंचभाई एवं तरुण कुमार मसूरकर ने 60 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष बिन्दुसार कापसे ने आभार व्यक्त कर छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा हासिल करने पर जोर दिया।

## सेल्समेन की स्कूटी से 28 हजार चोरी

**जबलपुर।** केंट थानांतर्गत कल कोबरा कैंटीन में माल की डिलेवरी करने आये एक सेल्समेन की एक्टिवा की डिक्की से किसी ने 28 हजार रुपये नगदी व फाइल चोरी कर ले गया। सेल्समेन ने एक स्कूटी चालक के खिलाफ शंका के आधार पर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। केंट पुलिस ने बताया कि बल्दीकोरी की दफाई निवासी रंजीत गौंड़ कैटवरी कंपनी में सेल्समेन का काम करता है। गत 1 जुलाई को वह कोबरा केंटीन के गेट के पास अपनी एक्टीवा खड़ी कर माल की डिलेवरी करने केंटीन के अंदर चला गया था। वापस लौटा तो देखा कि एक एक्टीवा का चालक उसकी एक्टीवा की डिक्की बंद कर रहा था। एक्टीवा की डिक्की में रखा बैग व फाइल गायब थी। बैग में 28 हजार रुपये थे।

# नौजवान लंगर कमेटी ने गढ़ा बाजार में किया 'लंगर-ए-इमाम आली मुकाम' का इंतजाम



जबलपुर।

नौजवान लंगर कमेटी गढ़ा बाजार ने प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'लंगर-ए-इमाम आली मुकाम' का आयोजन किया। यह आयोजन बस्ती के बुजुर्गों और कमेटी के सभी नौजवान सदस्यों के महत्वपूर्ण योगदान से संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में इम्तियाज शाह, कादिर जमाल, इब्राहीम शाह और रफीक शाह का विशेष सहयोग रहा।

कमेटी के अध्यक्ष हाफिज इरफान ने सभी अकीदतमदों (श्रद्धालुओं) और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस नेक कार्य को सफल बनाने के लिए किए गए सभी प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की आशा व्यक्त की।

## 11 केवी लाईन से टच होने पर कंटेनर में फैला करंट

### चालक की मौत

**जबलपुर।** शहपुरा थानांतर्गत एक वेयरहाउस में माल उतारकर वापस जा रहा ट्रक समीप ही बिजली की 11 केवी लाईन के संपर्क में आ गया। इस दौरान ट्रक की बॉडी में फैले करंट से चालक की मौत हो गई। ट्रक चालक को वेयरहाउस संचालक इलाज के लिए शहपुरा अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टर ने चेक कर ट्रक चालक को मृत करार दिया। शहपुरा पुलिस ने बताया कि शहपुरा निवासी कमलेश जैन किराना सामान व बारदाना बेचते का काम करता है। उसने माताश्री वेयरहाउस में कुछ कमरे किराये पर सामान रखने लिए हैं। कल कंटेनर का चालक एकबाल खान हरिया बरा से बारदाना लेकर आया था। बारदाना को गोदाम के कमरे में खाली कर वह शहपुरा जा रहा था। गोदाम के सामने विद्युत लाईन गई थी। कंटेनर ऊंचा होने के कारण विद्युत लाईन के संपर्क में आ गया। इस दौरान करंट फैलने से ड्राइवर जान बचाने नीचे उतर गया। वह करंट लगने से जमीन पर लेटा था। जिसे बेयरहाउस मालिक इलाज के लिए शहपुरा अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टर ने चेक कर उसे मृत करार दिया।

## केशरवानी समाज के कांवड़िए बैजनाथ धाम रवाना

### गुप्तेश्वर मंदिर में पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**जबलपुर।** केशरवानी समाज के 150 युवा कांवड़ियों का जत्था शुक्रवार की दोपहर झारखंड बिहार के बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। रवानगी के पूर्व मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के अनुज लेखराज सिंह (मुन्ना भैया) द्वारा समस्त तीर्थ यात्रियों का गुप्तेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में फूलमाला पहनाकर, पुष्प वर्षा कर, भगवा टी शर्ट का वितरण किया गया। बाबा के भक्तों ने बोल बम के जयकारों से नारा भी लगाया, इस अवसर पर यात्रा के संयोजक गोपाल गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यह जत्था सात दिन के प्रवास पर बैजनाथ धाम रवाना हुआ। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से बसों द्वारा इन्हें रवानगी की दी गई, मुख्य रेलवे स्टेशन से दोपहर बाद ट्रेन द्वारा सभी कांवरिये भगवान शंकर की भक्ति के लिए बोल बम और नर्मदा मैया की जयकारे के साथ रवाना हुए। इस अवसर पर केशरवानी गुप्ता समाज के सहयोगी राहुल गुप्ता, श्रीकांत केशरवानी, विशेष केशरवानी, धीरज गुप्ता, शुभम गुप्ता, अभय सिंह ठाकुर, कुंवरपाल सिंह (शेरू) राजकुमार पटेल, हरीश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुल्लन दुबे, मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता इत्यादि जन मौजूद रहे।



## देर रात 2 बजे होटल में बज रहा डीजे जप्त, मामला दर्ज

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत आईटीसी वेलकम होटल बरगी हिल्स में देर रात डीजे साउंड बाक्स बजाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में 2 साउंड बाक्स एक मिक्सर मशीन और एक एम्पलीफायर जप्त किया. तिलवारा पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात 2 बजे आईटीसी वेलकम होटल बरगी हिल्स में तेज अवाज में साउंड बाक्स बजाया जा रहा था. मौके पर साउंड बाक्स संचालक सूरज सेठिया के पास किसी तरह की कोई वैधानिक अनुमति नहीं थी. लिहाजा पुलिस ने जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने पर आरोपी सूरज सेठिया के खिलाफ धारा 223 बीएनएस तथा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

# भारत पेट्रोलियम की ओर से श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



जबलपुर।

शासकीय श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जबलपुर में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने स्वच्छता शपथ ली, वृक्षारोपण किया और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को न कहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य शिव शंकर कपूर तथा बीपीसीएल से तुषार चव्हाण (मैनेजर फ्लीट सेल्स), तनुज कुशवाहा (फ्लीट सेल्स असिस्टेंट), दीपक पटेल कोऑर्डिनेटर एवं कपिल वर्मा (कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव, जबलपुर) विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिक्षकों में श्रीमती पंकजा शुक्ला, श्रीमती आर्य भारती, श्रीमती इला तिवारी, कमलेश पारीक, श्रीमती ममता त्रिवेदी, श्रीमती संगीता दुबे एवं श्रीमती रीता बिलमें का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सभी उपस्थित लोगों द्वारा स्वच्छता शपथ लेने से हुई, जिसमें स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का एकल उपयोग न करने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें सभी ने मिलकर पौधे लगाए और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता का संदेश फैलाया। साथ ही, छात्र-छात्राएं बहुत खुश हैं कि बीपीसीएल ने उन्हें चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया और इसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि स्वच्छता का यह संदेश हर जगह फैलाया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए प्रेरित किया। यह बीपीसीएल की एक अनूठी पहल है, जिसमें विशेष बच्चों को इस विशेष अभियान से जोड़ा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ, स्वस्थ और प्लास्टिक मुक्त समाज की ओर सभी को जागरूक करना था।



## सहायक सचिव का प्रभार मिलने पर अजय झारिया सम्मानित

**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. एनपी झारिया के निवास पर 11 जुलाई को शाम 6:00 बजे एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में सहायक सचिव के पद का प्रभार मिलने पर अजय झारिया को शाल, श्रीफल और माला पहनाकर सभी लोगों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. एनपी झारिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि कठिन संघर्षों से जो प्राप्त किया जाता है वही स्थाई रहता है। कार्यक्रम में उपस्थित संतोष मेहरा, सोमराज झारिया, कोमल प्रसाद झारिया, लेखराज झारिया, गणेश सिंह झारिया, भागवत झारिया, संतोष झारिया, भीकम झारिया, अशोक झारिया, प्रेस फोटोग्राफर हरि मेहरा आदि ने अजय झारिया के उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की व्यवस्था तथा संचालन संतोष झारिया तथा आभार भीकम झारिया ने व्यक्त किया।

# एनपीए खाते में डलवा दी 55 लाख की राशि!

### बैंक प्रबंधक पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जबलपुर।** गोरखपुर थानांतर्गत एक्सिस बैंक की कटंगा शाखा के एक अधिकारी ने एक फर्म के संचालक को एनपीए का भय दिखाकर 55 लाख रुपये से ज्यादा की राशि फर्म के खातों में जमा कराने के बाद हड़प ली। फर्म के संचालक ने जब अधिकारी से संपर्क किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। बैंक के अधिकारियों ने फर्म संचालक को जानकारी दी कि उक्त अधिकारी का एक सप्ताह से कोई पता नहीं है। लाखों का गबन करने वाले उक्त अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि जेडीए कालोनी कटंगा गोरखपुर निवासी विनोद कुमार सविता की दो फर्म विनोद एण्ड एसोसिएट्स व पोरस ग्रुप फर्मलेंड है। दोनो फर्मों का खाता एक्सिस बैंक कटंगा में है। फर्म के खातों का संचालन करने विनोद का एक्सिस बैंक कटंगा शाखा में आना जाना लगा रहता है। जिसके कारण विनोद की एक्सिस बैंक कटंगा शाखा के उप प्रबंधक अंकित पटेल से अच्छी जान पहचान हो गई थी। अंकित पटेल, फर्म के खातों के संचालक में विनोद की मदद करता था। दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक अंकित पटेल ने विनोद की एनपीए वाले खातों की जानकारी देकर कहा कि उसकी फर्म के खातों में भी एनपीए बढ़ रहा है। यदि वह इन खातों में आवश्यकता की राशि जमा कर दे तो इन्हें एनपीए से बचाया जा सकता है। जिससे बैंक की छबि भी बनी रहेगी वहीं खातेदार को रकम जमा करने पर 10प्रतिशत राशि का लोन दोबारा मिल सकता है। उक्त रकम दो दिनों के भीतर खाते में वापस आ जाएगी। जालसाज बैंक उप प्रबंधक की खातों में आकर विनोद ने अपनी दोनों फर्मों के खाते में 55 लाख 12 हजार 800 रुपये के चेक जमा करा दिए।

# सावन का पहला सोमवार आज

## शिवालयों में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**जबलपुर।** भगवान शिव की भक्ति और प्रकृति के श्रंगार से जुड़े श्रावण मास का आज पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है। शिवालय में अच्छी खासी भीड़ नजर आने लगी है। पूरे सावन माह में शिव की आराधना का दौर चलेगा। सभी शिव मंदिरों में हर-हर महादेव की गूंज सुनाई देने लगी है। आज पहले सावन सोमवार पर शिवालयों का नजारा कुछ और ही होगा। सुबह से ही दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक होंगे वहीं महिलाएं सावन सोमवार का उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ से अपने पति की लंबी आयु की प्रार्थना करेंगी। श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ को बिल्वपत्र (बेलपत्री) के साथ-साथ कच्चा दूध, सफेद, फल, धतूरा, भस्मी, भांग व सुगंधित द्रव्य खासतौर पर अर्पित की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सावन मास में शिवजी को एक बेलपत्री चढ़ाने से 3 जन्मों के पापों का विनाश होता है। सावन मास में नगर में अनेक स्थानों पर परंपरानुसार श्रावणी मेले भरते हैं। श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, कचनार सिटी बड़े शिवालय, श्री पाटबाबा मंदिर, श्री शारदा मंदिर मदन महल, श्री मंगलचण्डी माता मंदिर बधैया मोहल्ला, पिंपलेश्वर महादेव मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, में सावन



मास के मेले आयोजित होते हैं। मदन महल के शारदा मंदिर में सबसे पुराना श्रावणी मेला लगता है। मदन महल की सुरम्य वादियों के बीच ऊंचाई पर स्थित मंदिर में पहुंचने पर प्रकृति की अनुपम छटा का भी दर्शन होता है। चारों तरफ हरियाली और पहाड़ी का मनोरम दृश्य नजर आता है। यहां बड़ी संख्या में लोग मातारानी के दर्शन करने और लाल निशान (ध्वज) चढ़ाने बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ बाजे गाजे लेकर पहुंचते हैं। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को मेले का माहौल रहता है। इसके अलावा कचनार सिटी, श्री पाटबाबा मंदिर, श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भी सावन मास के मेले आयोजित होते हैं।

### महादेव की शाही यात्रा अगले सोमवार को

गत वर्ष की भांति इस वर्ष गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भोलेनाथ की शाही सवारी 21 जुलाई को द्वितीय सावन सोमवार को नगर भ्रमण करेगी। उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर शहर में गुप्तेश्वर महादेव भगवान भी प्रजा का हाल जानने निकलेंगे। डॉ. स्वामी मुकुंद दास महाराज ने कहा कि सावन मास में प्रतिदिन भोले बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाता है। भगवान की आकर्षक शोभायात्रा सबसे पहले गुप्तेश्वर क्षेत्र का भ्रमण करेगी। उसके पश्चात दशमेशद्वार, मदन महल, शास्त्री ब्रिज, बस स्टेण्ड, गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, सराफा, कोतवाली होते हुए हनुमानताल पहुंचेगी। शोभायात्रा में गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर मुकुंददास महाराज, स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी, पगलानंद महाराज, नृसिंहदेवाचार्य, आदि उपस्थित रहेंगे।

### भोलेनाथ के नित श्रृंगार का समय

मानसून की दस्तक के बाद जब धरती की चादर मानसून की रिमझिम फुहारों से भींगने लगती है, उसके बाद प्रतिवर्ष सावन का आगमन मोहक होता है। श्रावण मास का धार्मिक महत्व जगजाहिर है। यह भोलेनाथ के नित श्रृंगार का समय है। श्रावण के सोमवार भोलेनाथ को समर्पित होते हैं। सनातन परंपरा में श्रावण का अत्याधिक धार्मिक महत्व है, साथ ही सावन का यह मौसम मेहंदी रचाने और झूला झूलने का भी है।

## स्थापना दिवस पर निकली साईंबाबा की पालकी



**जबलपुर।** गुरुपूर्णिमा एवं गंगा मैया साईं मंदिर स्थापना दिवस के दो वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर गंगा मैया साईं मंदिर समिति द्वारा सुंदरकांड एवं हवन, पूजन किया गया, जिसके बाद बाबा की पालकी यात्रा नगर भ्रमण के लिये निकाली गई। पालकी यात्रा के बाद शाम 7:30 बजे साईं बाबा की महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साईं मंदिर संस्थापक जयनाथ सोनी, सुनील खम्परिया, बीरेंद्र पटेल, श्याम लाल, सुरेश सोनी, ओमप्रकाश सोनी, सुरेंद्र रजक, विजय तिवारी, सनी दीक्षित, मंचन दुबे, सिब्बू एवं साईं मंदिर के कार्यकर्ता सहित साईं परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## श्री 10 मुखी माता महाकाली मठ में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरु पूजन, गुरु दीक्षा के साथ श्री 10 मुखी माता महाकाली मठ के पीठाधीश्वर 108 महंत योगी राजेश्वरानंद महाराज के द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव माता महाकाली दरबार में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रकाश पटेल, एडवोकेट यज्ञ दत्त तिवारी, रामेश्वर साहू, हरि नायडू, किशोर पटेल, रामशंकर पटेल, रमेश पटेल, अनिल पटेल, साध्वी सविता तिवारी, सारिका पांडे, अंगूरी शुक्ला, सुनीता शुक्ला, धाना बाई, सविता पटेल, संगीता पटेल, दिव्या शुक्ला, इत्यादि काफी संख्या में मातृशक्ति भक्तगणों ने महाराज जी से आशीर्वाद ग्रहण करके दीक्षा ग्रहण की, अंत में भंडारा प्रसाद वितरण किया गया।

## सुखसागर वैली में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर निवासियों ने जताया आभार

**जबलपुर।** सुखसागर वैली जबलपुर के नागरिकों ने नगर निगम आयुक्त को एक अभिनंदन पत्र सौंपते हुए विगत 03 जुलाई को की गई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के प्रति आभार व्यक्त किया। बताया गया विगत 20 वर्षों से खन्ना बिल्डर द्वारा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। यह भूमि जनसुविधाओं जैसे क्लब हाउस, कम्युनिटी हॉल, योग हॉल, बच्चों को खेलने इत्यादि के लिए आरक्षित थी। नगर निगम जबलपुर द्वारा तत्परता दिखाते हुए इस अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे क्षेत्र में पारदर्शिता और नियोजित विकास की एक मिसाल स्थापित हुई है। इस कार्यवाही से स्थानीय निवासियों में नगर



निगम के प्रति विश्वास और प्रशासन की निष्पक्षता को लेकर प्रसन्नता का माहौल है। अभिनंदन पत्र सौंपते समय क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन तथा रेज़िडेंट वेलफेयर समिति के सदस्य उपस्थित रहे। नगर निगम के इस सशक्त एवं साहसिक कदम की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की और प्रशासन से आग्रह किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अतिक्रमणों पर इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रखी जाए। इस अवसर पर सुखसागर वैली रेज़िडेंट वेलफेयर समिति के अवनीश तिवारी अध्यक्ष, जेके राव सचिव, सुभाष मिश्रा कोषाध्यक्ष, शंकर लाल तिवारी, विभेष चतुर्वेदी, आकाश फैबियानी एवं अन्य रहवासीगण उपस्थित थे।

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद के गंगा चरण मिश्रा एवं डॉ.पर्व परमार सम्मानित

**जबलपुर।** सुप्रभातम संस्था, गुंजन कला सदन के तत्वाधान में मिलिए प्रभु श्री राम से कार्यक्रम स्थानीय शहीद स्मारक प्रेक्षाग्रह में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अजय विश्नोई, उत्तर मध्य विधायक अभिलाष पाण्डेय, साध्वी ज्ञानेश्वरी देवी सहित विद्वानों द्वारा सुविचार रखे। कार्यक्रम में इस अवसर पर रामायण पर आधारित लघु नृत्य नाटिका आयोजित की। कार्यक्रम के अंत में समाजसेवियों के साथ-साथ दो ऐसे वैवाहिक नवयुगल को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने समाज अपने परिवार को प्रमुखता देते हुए अपनी खुशियों की जगह अपने परिवार और अपने समाज को प्रमुखता से रखा ऐसे नवयुगल को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किए गए जिसमें डॉक्टर पर्व परमार,श्री जैन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक अजय बिश्नोई, पंडित विनोद गोटिया,डॉक्टर अभिलाष पांडे, मानस वेत्ता आलोक पाठक, डॉक्टर आनंद तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकान्त शर्मा,नलिन कांत वाजपेई, विलोक पाठक, राजेश पाठक, पंडित चंद्रशेखर शर्मा, अनुरोध पटेरिया, अभय जैन, सुरेखा परमार, उमेश शुक्ला, तरुण सोनाने, राजीव बेटियां, प्रशांत नगाइच, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्मॉल वंडर्स स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एमएलबी शासकीय कन्या शाला में आयोजित की गई किक बॉक्सिंग खेल प्रतियोगिता में स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल बल्देवबाग शाला सहित जिले की कई शालाओं के प्रतियोगियों ने भाग लिया, जिसमें स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल के बच्चों ने बाजी मारी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसपी रितेश कुमार शिवजी ने हनुमान जी की पूजा कर कार्यक्रम का आरंभ किया, अतिथिगण में अमनदीप सिंग, करणवीर सिंग का स्वागत स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ से किया गया। किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव रामकिशोर सोनी ने किक बॉक्सिंग के बारे में अतिथियों को



उनके नियम और महत्व के बारे में बताया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सहमंत्री आर्यन पुंज, महानगर संगठन मंत्री सतीश गुप्ता, उत्तर भारत संगठन मंत्री गौरव तिवारी, प्रांत छात्रा प्रमुख आंचल मिश्रा ने खेल प्रतियोगिता में सहभागिता निभाई। मुख्य अतिथि सीएसपी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए खेल की महत्ता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल के स्वर्ण पदक वजन वर्ग 45 किलो ग्राम में विजेता युगराज पटरिया, 30 किलो ग्राम में स्टीफन, प्रियांश सोनकर, समर्थ, 45 किलो ग्राम वजन वर्ग में रजत पदक विजेता गर्व चौरसिया, अक्षत, वजन वर्ग 25 किलो ग्राम में कांस्य पदक विजेता अंश, जैनम, संकेत सिंह, दिव्यांश सोनी, श्रवण पांडे, जय राज दुबे, कोच विक्रम राजपूत, निर्णायक मंडल बुशरा खान, याशी चौधरी, अमर कदंब, नूर मोहम्मद, पीटीआई रैफरी पलक कुशवाहा, परी विश्वकर्मा, निकिता कुशवाहा रहे। शाला में बच्चे किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण रामकिशोर सोनी कोच से नियमित ले रहे हैं। शाला के प्रतियोगिता विजेताओं को शाला संचालक पूनम अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर आरुषि अग्रवाल, शाला प्राचार्य विलियम डायस, अनिल रजक, उप प्राचार्य प्रधान अध्यापिका मोना चौकसे, किड्स जोन प्राचार्या सुमिता दवे ने बधाईयां दीं।

## पेट के रोगों का भी विश्व स्तरीय इलाज़ होगा अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर में

**जबलपुर।** संवाद कार्यक्रम में नव आरंभ हुए अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर की अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और सुविधाओं का अवलोकन करने पहुंचे पंजाबी महासंघ जबलपुर के सदस्यों ने अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर की सराहना करते हुए कहा कि यह अस्पताल महाकोशल क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया है। यहां पर उल्लेखनीय रूप से कैंसर विभाग में ल्यूनेक मशीन उपलब्ध हुई है जो कैंसर रोगियों के लिए अत्याधुनिक रेडिएशन थैरेपी की सुविधा देगी, जिससे सटीक और सुरक्षित उपचार संभव होगा। महाकोशल में पहली कैंसर की सटीक स्टेजिंग और डायग्नोसिस के लिए





जरूरी पेट स्कैन मशीन भी अब जबलपुर में ही उपलब्ध हो जाने पर मरीजों को होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के सुपर स्पेशलिस्ट द्वारा पेट के मरीजों का अत्याधुनिक एंडोस्कोप से सर्जरी करना, बिना ऊपरी चीरे और टांकों के पेट संबंधी बीमारियों का हाईटेक उपचार उपलब्ध हुआ है जिससे मरीज को जल्दी स्वस्थ होने में मदद मिलती है।हृदय रोगियों के लिए 2D कैथ लैब रियल टाइम कार्डियक जांच एवं इंटर्वेंशन, जो जटिल प्रक्रियाओं को बेहद आसान बनाती है और एमआरआई मशीन से जुड़कर बहुत सी जानकारी प्रदान करती है। इससे अच्छी क्वालिटी की कार्डियक एमआरआई भी उपलब्ध होगी। नेविगेशन-गाइडेड ब्रेन माइक्रो सर्जरी से मस्तिष्क संबंधी रोगों की सटीक सर्जरी के लिए अत्याधुनिक न्यूरो नेविगेशन तकनीक, जिससे सर्जरी की सफलता दर बढ़ती है।पं जाबी महासंघ के अध्यक्ष इंद्र मोहन भाटिया ने कहा- "जबलपुर जैसे शहर में यह विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलना अत्यंत सराहनीय है। इससे क्षेत्रीय नागरिकों को इलाज के लिए महानगरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।"इस अवसर पर बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप के अध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया ने अस्पताल की टेक्नोलॉजी और सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील मिश्रा द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन पंजाबी महासंघ यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन भाटिया ने किया।

उक्त संवाद में महासंघ की महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती नीता नारंग, उपाध्यक्ष राजेश चंडोक एवं सुरेश महाजन, सचिव अरविंद नैय्यर, नितिन भाटिया, किरण अरोरा, प्रदीप आहूजा, दीपक लाला, प्रवीण गुलाटी, एकता नैय्यर, निधि तनेजा, श्रीमति वंदना, श्रीमती यामिनी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।





**ब्राह्मण समाज सिहोरा ने किया 70 मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान**

## पालकों के संस्कार ही बच्चों को बनाते है श्रेष्ठः आशीष दुबे

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

पालकों के संस्कार ही बच्चों को श्रेष्ठ बनाते हैं तथा वही उनकी पहली पाठशाला भी है आज हमारे समाज के छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर बता दिया कि वह किसी से कम नहीं है उक्ताशय के विचार जबलपुर लोकसभा से सांसद आशीष दुबे ने ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित वरिष्ठ नागरिक मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। आगे कहा कि सिहोरा तहसील विप्रजनों के नाम से जानी जाती है यहां संस्कार एवं संस्कृति पूर्वजों के समय से विद्वान है। संत श्री बनवारी दास जी महाराज भरभरा आश्रम ने कहा ब्राह्मणों ने अपने तप से हमेशा समाज और राष्ट्र का नेतृत्व किया है सभी प्रतिभाशाली छात्रों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनको गौरवशाली बनने की प्रेरणा दी। आयोजन समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक की अध्यक्षता, संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायतअध्यक्ष,प्रायोजक संजय चौबे प्रीति चौबे,संरक्षक प्रकाश पांडे,अश्वनी कुमार पाठक, नंदकुमार परोहा,जयप्रकाश दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा कि 17 वर्षों से चल रहे प्रतिभाशाली छात्रों के सम्मान एवं वृद्ध जनों के सम्मान में ब्राह्मण प्रतिभाओं में ऊर्जा का संचार हो वह न केवल राष्ट्र अपितु विश्व में अपने कार्यों के माध्यम से सिहोरा का नाम रोशन करें कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य देवता भगवान परशूराम के पूजन से हुआ जिसमें सत्र 2023 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले दसवीं के 40 एंव बारहवीं के 30 मेधावी छात्रो को स्वर्गीय श्रीमती कमलरानी चौबे की पुण्य स्मृति में पुत्र संजय चौबे मोहतरा सिहोरा द्वारा सम्मानित किया गया। इसी तरह समाज ने 80 वर्ष या उससे अधिक की आयु पूर्ण कर चुके श्यामसुंदर बडगैया,त्रिवेणी देवी शुक्ला का भी शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया संचालन समाज के मंत्री सुरेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। सागर विश्वविद्यालय से फिजिक्स में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली अर्पणा पाठक के परिजन एड प्रियदर्शन पाठक का भी सम्मान किया गया । वरिष्ठ साहित्यकार कवि अश्वनी कुमार पाठक ने जहां दसंवी बारहवीं के बच्चों को स्वारचित पंखुरियां,बने फूल से हम बच्चे पुस्तक भेंट की। अतिथियों एंव बच्चों का स्वागत महामंत्री प्रवीण कुररिया,प्रवीण गौतम,नरेन्द्र त्रिपाठी,गोपाल पाठक,सुनील तिवारी नंदू,रवि दुबे,राजेश मिश्रा, राजकिशोर तिवारी, अशोक उपाध्याय, शैलेन्द्र दुबे,सतेन्द्र तिवारी, राजू तिवारी, जनपद सदस्य नीरज पांडे, नीलू बाजपेयी,आलोक पांडे, धर्मशीला दुबे, ऋचा पाठक, सुमन पाठक, स्मिता कुररिया, प्रिया पाठक,नारायण तिवारी आदि ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षद अजय बेटू शर्मा,प्रभात कुररिया,रीता शुक्ला,अतुल गौतम, दीपक तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, अभितेन्द्र नानू दुबे, गोली तिवारी,प्रकाश दुबे,धनंजय परोहा,एन डी बडगैया आदि का सराहनीय योगदान दिया।

**श्री छोटेलाल जी दुबे-** बरेला लोक सागर नि वा सी शिक्षाविद श्री छो टे ला ल जी दुबे (सेवानिवृत शिक्षक) का 88 वर्ष में देवलोक गमन हो गया है। अंतिम संस्कार लोकसागर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। आप स्वर्गीय प्रभात दुबे, अरविंद दुबे, नवनीत दुबे के पिताजी थे।



**श्रीमती देविका वर्मा-** मां नर्मदे नगर तिलहरी निवासी श्री अर्जुन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती देविका वर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप राय-** माली मोहल्ला सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री नर्मदा प्रसाद राय के पुत्र श्री संदीप राय (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सतीश बर्मन-** गढ़ा निवासी श्री गोवर्धन प्रसाद बर्मन के पुत्र श्री सतीश बर्मन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामचंद्र विश्वकर्मा-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री रामचंद्र विश्वकर्मा (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरि दास-** चग्गर फार्म तिलहरी निवासी श्री हरि दास (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम निहोर-** लालमाटी द्वारका नगर कछियाना मोहल्ला निवासी श्री राम निहोर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाबू लाल मिश्रा-** राइट टाउन निवासी श्री बाबू लाल मिश्रा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि कश्यप-** फूटाताल निवासी श्री बहादुर कश्यप के पुत्र श्री रवि कश्यप (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीएन देवराजन-** त्रिवेणी ग्रीन रेसीडेंसी पोलीपाथर निवासी श्री वीएन देवराजन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बुद्धसेन काछी-** नामदेव कॉलोनी कृषि नगर अधारताल निवासी श्री बुद्धसेन काछी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रहलाद झारिया-** नये ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री प्रहलाद झारिया (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अविनाश कामले-** कांचीपुरम कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री नामदेव कामले के पुत्र श्री अविनाश कामले (43) का




निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. पलक अग्रवाल-** मांडवा बस्ती छापर रामपुर निवासी श्री विजय अग्रवाल की पुत्री कु. पलक अग्रवाल (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संध्या ताम्रकार-** मदर टेरेसा नगर कटंगी रोड निवासी श्री राजकुमार ताम्रकार की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या ताम्रकार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती भक्ति अरजरिया-** स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री बीके अरजरिया की धर्मपत्नी श्रीमती भक्ति अरजरिया (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बबलू चौधरी-** छिवला गौरीघाट निवासी श्री मुकेश चौधरी के पुत्र श्री बबलू चौधरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रकाश सिंह ठाकुर-** छापर रामपुर निवासी श्री प्रकाश सिंह ठाकुर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई अग्रवाल-** गली नं. 16, सदर निवासी श्री बृज मोहन अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई अग्रवाल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x5 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x10 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## छावनी परिषद नेताओं की मांग - चुनाव होना चाहिए

**जबलपुर।** छावनी परिषद के चुनाव 2020 में होना थे, लेकिन 2025 तक चुनाव नहीं हुए, आज पूर्व पार्षद अमरचंद बावरिया के नेतृत्व में केंट बोर्ड को चुनाव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। अधिकारी राज हो गया है, जिससे केंट की जनता को अधिक समस्याओं से जूझना पड़ता है, जनता अपनी समस्या केंट लेकर जाती है, वहां अधिकारी उनकी कोई बात व समस्या सुनने को तैयार नहीं होते हैं, चुनाव न होने से टैक्सों में मनमानी की जा रही है। खेल के मैदान में मनमाना किराया वसूला जा रहा है। घर के सामने खुली जगह में शादी अन्य कार्यक्रम करने में आपत्ति की जाती है, केंट की जनता अपने आपको बेसहारा समझने लगी है, सरकार की योजना का भी लाभ जनता को नहीं मिल रहा है, अतः जनहित में चुनाव कराना अत्यंत जरूरी है। 5 वर्षों से चुनाव न होने के कारण जनता आक्रोश में है। ज्ञापन देते समय अमरचंद बावरिया पूर्व पार्षद, किरन ठाकुर पूर्व पार्षद, पुरुषोतम नामदेव, रंजीत यादव, राजन पिल्ले, सुरेन्द्र यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, NANI DEVI is legally Mother of No 15706012K RANK LOC HAV NAME VIJAY KUMAR SHARMA presently residing at 2709/8, GURUDEV NAGAR, VILL-THANESAR, PO-KURUKSHETRA, SUB DISTT- THANESAR, DISTT-KURUKSHETRA (HARYANA)-136118 I, have changed of my name and date of birth from name NANO DEVI and date of birth 01/07/1947 (Name and date of birth as per my SON, Army service records)) to name NANI DEVI and date of birth 01/07/1956 (name and date of birth as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 12/07/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, Jabalpur

CORRECT NAME - NANI DEVI
CORRECT DATE OF BIRTH- 01/01/1971
INCORRECT NAME - NANO DEVI
INCORRECT DATE OF BIRTH - 01/07/1966

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, RAGHUBIR CHAND is legally Father of No 15706012K RANK LOC HAV NAME VIJAY KUMAR SHARMA presently residing at 2709/8, GURUDEV NAGAR, VILL-THANESAR, PO-KURUKSHETRA, SUB DISTT- THANESAR, DISTT-KURUKSHETRA (HARYANA)-136118 I, have changed of my name and date of birth from name RAGHVIR CHAND and date of birth 01/07/1961 (Name and date of birth as per my SON, Army service records)) to name RAGHUBIR CHAND and date of birth 04/04/1962 (name and date of birth as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 12/07/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR

CORRECT NAME - RAGHUBIR CHAND
CORRECT DATE OF BIRTH - 04/04/1962
INCORRECT NAME- RAGHVIR CHAND
INCORRECT DATE OF BIRTH- 01/07/1961

**CHANGE OF NAME**

I, SUSHMA DEVI (existing Name of spouse as per Service Record) is legally wedded spouse of No. 15706012K RANK LOC HAV NAME VIJAY KUMAR SHARMA presently residing at 2709/8, GURUDEV NAGAR, VILL-THANESAR, PO-KURUKSHETRA, SUB DISTT-THANESAR, DISTT- KURUKSHETRA (HARYANA)-136118 I, have changed of my name from SUSHMA DEVI (Name as per my Husband Army service records) to SUSHMA (name as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 12/07/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME - SUSHMA
INCORRECT NAME - SUSHMA DEVI

# जिसे कभी देखा नहीं, वहीं जापान के नाकामोती निकले अंबानी-अदाणी से अमीर!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपने मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी का नाम तो खूब सुना होगा, लेकिन क्या आप किसी ऐसे अरबपति के बारे में सोच सकते हैं जिसे आज तक किसी ने देखा तक नहीं? जी हां, बात हो रही है बिटकॉइन के गुप्त फाउंडर सतोशी नाकामोतो की।

■ वे अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन चुके

नाकामोतो कौन है, ये आज तक किसी को नहीं पता न चेहरा, न देश, न पहचान. लेकिन ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, ये रहस्यमयी शख्स अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन चुका है और संपत्ति के मामले में उसने अंबानी और अदाणी जैसे एशिया के दिग्गज बिज़नेस टायकून को भी पीछे छोड़ दिया है।

## सतोशी नाकामोती बिटकॉइन के गुप्त फाउंडर रहे

### कभी देखा नहीं गया ये अरबपति

नाकामोतो ने अक्टूबर 2008 में बिटकॉइन का पहला डॉक्यूमेंट (वाइटपेपर) पब्लिश किया था। फिर 3 जनवरी 2009 को पहला बिटकॉइन ब्लॉक माइन किया गया। यहीं से बिटकॉइन और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी की शुरुआत मानी जाती है। 2010 में रिसर्चर सर्जियो लर्नर ने दावा किया था कि नाकामोतो ने शुरुआती समय में ही 10 लाख बिटकॉइन माइन किए थे, जो आज तक कभी खर्च नहीं हुए- यानी वो अब भी उनके पास हैं।



### अंबानी-अदाणी से भी आगे निकले

नाकामोतो अब दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। उनकी नेटवर्थ भारत के दो सबसे अमीर कारोबारियों से भी ज्यादा है। मुकेश अंबानी के पास 109 अरब डॉलर और गौतम अदाणी के पास 84.2 अरब डॉलर की दौलत है। यहां तक कि उनकी संपत्ति बिल गेट्स से भी ज्यादा है, जिनकी नेटवर्थ 123 अरब डॉलर है।

### बिटकॉइन क्या है?

बिटकॉइन एक डिजिटल करेंसी है जिसे छू नहीं सकते, बस ऑनलाइन ट्रांसफर या होल्ड कर सकते हैं। इसका कोई सेंट्रल बैंक नहीं है, ये पूरी तरह डिजिटल और गुप्त (क्रिप्टोग्राफी आधारित) सिस्टम पर चलता है। अब अमेरिका समेत कई देश इसके समर्थन में सामने आए हैं।

### बिटकॉइन बना रॉकेट

दुनिया की सबसे पुरानी और चर्चित क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत अब आसमान छू रही है। अभी इसका रेट 1,18,000 डॉलर (करीब 98 लाख रुपए) तक पहुंच चुका है। इस साल अब तक इसकी कीमत में 55 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस तेजी का सबसे बड़ा फायदा हुआ है बिटकॉइन बनाने वाले रहस्यमयी इंसान सतोशी नाकामोतो को। भले ही आज तक कोई नहीं जानता कि नाकामोतो असल में कौन है-एक इंसान, एक टीम या कोई ग्रुप लेकिन उनके पास करीब 10 लाख बिटकॉइन हैं। मौजूदा कीमत पर देखें तो नाकामोतो की कुल संपत्ति 129 अरब डॉलर (लगभग 10.7 लाख करोड़ रुपए) हो चुकी है।

## बाजार विशेषज्ञों का कहना, कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन जरूरी

# बेहतर कंपनियों के चयन से छोटी, मझोली इकाइयों के शेयर भी देते हैं अच्छा रिटर्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल में छोटी (स्मॉल कैप) और मझोली कंपनियों (मिडकैप) के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि 'स्मॉलकैप' और 'मिडकैप' फंड भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन उपयुक्त कंपनियों और कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन का चुनाव करना जरूरी है।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि किसी शेयर की अस्थिरता या जोखिम को मापने वाला मिड और स्मॉल कैप का 'बीटा' प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम है, जो बताता है कि ये उतने अस्थिर नहीं हैं जितना माना जाता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मानदंडों के अनुसार, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 कंपनियों को लार्जकैप, 101 से 250 कंपनियों को मिडकैप 251 से ऊपर की सूची वाली इकाइयों को स्मॉलकैप की श्रेणी में रखा जाता है।

**मिडकैप के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव बना है**

**वहीं स्मॉल-कैप शेयर में वृद्धि की उच्च संभावना होती है**

**लार्जकैप कंपनियों का पूंजीकरण 20,000 करोड़ से अधिक होता है**

### लार्ज कैप के शेयर में स्थिरता अधिक

लार्ज-कैप यानी बड़ी कंपनियों के शेयर अपनी स्थिरता, मजबूत वित्तीय स्थिति और आर्थिक उतार-चढ़ाव में बेहतर तरीके से प्रबंधित करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये निवेशक के निवेश पर जोखिम को कम करने के साथ स्थिर वृद्धि प्रदान करने के लिए आदर्श हैं।



### *जोखिम निवेश के लिए चुनी कंपनियों में बाजार में नहीं*

*कई विशेषज्ञों ने लोगों को ऐसी कंपनियों से दूर रहने की भी सलाह दी है। इस बारे में वाइट ओक कैपिटल एएमसी के निदेशक और बिक्री प्रमुख वैभव चुघ ने कहा, जोखिम निवेश के लिए चुनी गयी कंपनियों में है, बाजार में नहीं। जब निवेशक हाल में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में भारी निवेश करने के लिए पहले के रिटर्न के पीछे भागते हैं और यह मान लेते हैं कि भविष्य में भी रिटर्न ऐसा ही होगा, तो निराशा हाथ लगती है।*

### *बाजार अपने हिसाब से व्यवहार करता है*

*महत्वपूर्ण बात यह है कि बाजार तो अपने हिसाब से व्यवहार करेगा, लेकिन निवेश पोर्टफोलियो की अस्थिरता को कम करने के लिए खुद को तैयार करने की जरूरत है।''*

### निवेशकों के पोर्टफोलियों में हो सभी श्रेणी

यह पूछे जाने पर कि शेयर बाजार के निवेशकों के लिए बड़ी (लार्ज कैप) मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में से किसमें निवेश करना बेहतर है, आनंद राठी वेल्थ लि. के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख (उत्पाद और शोध) चेतन शेनॉय ने कहा, निवेशकों को पता होना चाहिए कि प्रत्येक श्रेणी की उनके पोर्टफोलियो में एक अलग भूमिका है।

### स्मॉल कैप गिरावट में तेजी से गिरते हैं

शेनाय ने कहा, ''वहीं मिड-कैप शेयर वृद्धि और जोखिम का अच्छा मिश्रण प्रदान करते हैं। ये अक्सर बाजार में तेजी के समय अच्छा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन गिरावट के दौरान थोड़े अस्थिर हो सकते हैं। वहीं स्मॉल-कैप शेयर में वृद्धि की उच्च संभावना होती है, लेकिन बाजार में गिरावट के दौरान ये तेजी से गिर सकते हैं।''

### स्माल कैप में अधिक वृद्धि हुई

शेनॉय के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में हालात बेहतर दिख रहे हैं। लार्ज कैप में लगभग 10 प्रतिशत, मिड कैप में करीब 14 प्रतिशत और स्मॉल कैप में अब तक 17.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल, वैश्विक स्तर पर तनाव और कंपनियों की कमजोर आय के कारण शेयर बाजार का प्रदर्शन हल्का रहा। इस साल कंपनियों की आय में सुधार दिख रहा है, जिससे बाजार को सहारा मिल रहा है।

# जून में भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चस्तर पर

■ इजराइल-ईरान युद्ध के कारण रिफाइनरियों ने भंडारण बढ़ाया

इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच रिफाइनरियों द्वारा भंडारण बढ़ाने के कारण जून में रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा, "जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात में छह प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि रूस से आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।" शोध संस्थान ने कहा, "रूस से किए गए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं।" भारत अपनी ज़रूरत का 85 प्रतिशत से ज़्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन में बदला जाता है। पिछले लगभग तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में, भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता इराक से लगभग 8,93,000 बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल आयात किया।

### अमेरिका पांचवां सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता

केप्लर के अनुसार, अमेरिका भारत का पांचवां सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, जिसकी आयात मात्रा लगभग 3,03,000 बैरल प्रतिदिन और बाजार हिस्सेदारी 6.3 प्रतिशत है।


## खबर संक्षेप

### मांग से तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेल कीमतों में सुधार और सावन के मौसम की मांग बढ़ने से घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। सोयाबीन तिलहन की कीमतें नुकसान के साथ बंद हुईं।

### वॉकहार्ट अमेरिकी जेनेरिक कारोबार से बाहर निकलेगी



**नई दिल्ली।** दवा कंपनी वॉकहार्ट ने कहा कि वह घाटे में चल रही अमेरिकी जेनेरिक कारोबार से बाहर निकलेगी और मधुमेह के लिए एंटीबायोटिक्स और जैविक दवाओं के क्षेत्र में नई दवाओं की खोज पर ध्यान केंद्रित करेगी। संचालित दवा उद्यम बनाने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप अमेरिकी कारोबार का महत्वपूर्ण रणनीतिक पुनर्गठन कर रही है।

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.34% घटकर 5.63 लाख करोड़




**नई दिल्ली।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 10 जुलाई तक 1.34 प्रतिशत घटकर लगभग 5.63 लाख करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से अधिक 'रिफंड' के कारण कर संग्रह कम हुआ है। शुद्ध कंपनी कर संग्रह लगभग दो लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि गैर-कंपनी कर (जिसमें व्यक्तिगत, एचयूएफ और फर्म शामिल हैं) 3.45 लाख करोड़ रुपये रहा।

### बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान टीसीएस को

TATA CONSULTANCY SERVICES

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। टीसीएस और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रा पर अवैध उत्खनन के लिए जुर्माना




**मुंबई।** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधानसभा को सूचित किया कि सड़क निर्माण के दौरान लघु खनिजों के अवैध उत्खनन के लिए मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर 94.68 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि का एक प्रतिशत जमा करने के बाद उसकी अपील पर सुनवाई लंबित रहने तक उसकी जब्त मशीनरी को छोड़ दिया गया। हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर हाल ही में तब चर्चा में आई थी जब मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने उसे आवंटित ठेका रद्द कर दिया था क्योंकि प्रतिद्वंद्वी बोलीदाता लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने उच्चतम न्यायालय में निविदा प्रक्रिया को चुनौती दी थी।

# आयकर रिफंड में 2013-14 से 474 प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81 प्रतिशत की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ रुपये था।

जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 2013-14 के 7.22 लाख करोड़ रुपये से 274 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 तक 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया।




■ पिछले 11 वर्षों में जारी करने का समय हुआ बेहतर

### आयकर रिटर्न में 133 फीसदी की वृद्धि

साल 2013 से दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में 133 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013 में कुल 3.8 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जो 2024 में बढ़कर 8.89 करोड़ हो गए हैं। सूत्रों ने कहा कि कर रिफंड में यह भारी वृद्धि और रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों में कमी कर प्रशासन में सुधार, विशेष रूप से डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपनाने के कारण है।

### सिप्ला भारत में वजन प्रबंधन क्षेत्र में उतरने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला भारत में वजन प्रबंधन क्षेत्र में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और वैश्विक सीईओ उमंग वोहरा ने यह जानकारी दी। उन्होंने सिप्ला की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) चिकित्सा क्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है।

# लिथियम के लिए रूस की कंपनी से बातचीत

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया अफ्रीका स्थित खदान से लिथियम प्राप्त करने के लिए रूस की एक सरकारी कंपनी के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश स्वच्छ ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए लिथियम की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपाय कर रहा है। एनएलसी इंडिया, अफ्रीका के माली में एक लिथियम ब्लॉक में इक्विटी भागीदारी के लिए रूस की एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के साथ बातचीत कर रही है।भारत घरेलू और विदेशी बाज़ारों में लिथियम ब्लॉक की खोज और विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस महत्वपूर्ण खनिज की मांग बढ़ रही है, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी विनिर्माताओं की ओर से।एनएलसी इंडिया के मुख्य कारोबार में कोयला और लिग्नाइट के खनन के साथ-साथ बिजली उत्पादन भी शामिल है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने भारत और विदेशों में नवीकरणीय ऊर्जा और कोयला खनन कारोबार में विविधीकरण किया है।



■ एनएलसी इंडिया रूस की सरकारी कंपनी से कर रही बातचीत

### कंपनी ने छत्तीसगढ़ में दो ब्लाक जीते

कंपनी ने नीलामी के पांचवें दौर में दो महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक हासिल किए थे। इसने छत्तीसगढ़ राज्य में दो फॉस्फोराइट और चूना पत्थर ब्लॉक जीते थे। एनएलसी इंडिया लिमिटेड का मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 468.46 करोड़ रुपये रहा ।।

### एवेन्यू सुपरमार्ट के लाभ में आई मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** एवेन्यू सुपरमार्ट्स लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून, 2025 को समाप्त पहली तिमाही में मामूली घटकर 772.81 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से खर्च बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड ने कहा कि डीमार्ट ब्रांड के तहत सुपरमार्केट श्रृंखला चलाने वाली कंपनी ने पिछले वित्तवर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 773.68 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। पहली तिमाही में एकीकृत परिचालन आय 16,359.7 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 14,069.14 करोड़ रुपये थी।

# इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा क्षेत्रों को पीएलआई में 70 फीसदी मिला

■ योजना 14 क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को लागू करने लाई गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और फार्मास्युटिकल्स ने 2024-25 में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत कुल वितरण का 70 प्रतिशत हासिल किया है। यह योजना 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 14 क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को समर्थन देने के लिए 2021 में शुरू की गई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार ने पीएलआई के तहत कुल 10,114 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की पीएलआई कंपनियों को इसमें से सबसे ज्यादा 5,732 करोड़ रुपये की राशि मिली है।इसके बाद दवा क्षेत्र की कंपनियों को 2,328 करोड़ रुपये मिले हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में पीएलआई के तहत वितरण 9,721 करोड़ रुपये रहा था। ये आंकड़े इन क्षेत्रों में भारत की मजबूत ताकत तथा विनिर्माण और मूल्य वर्धित निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों को दर्शाते हैं।




पिछले वित्त वर्ष में जिन अन्य क्षेत्रों को पीएलआई के तहत प्रोत्साहन मिला है उनमें थोक दवा (22 करोड़ रुपये), चिकित्सा उपकरण (77 करोड़ रुपये), दूरसंचार (840 करोड़ रुपये), खाद्य प्रसंस्करण (448 करोड़ रुपये), एसी-फ्रिज (210 करोड़ रुपये), वाहन (322 करोड़ रुपये), विशेष इस्पात (48 करोड़ रुपये)।

# लोढ़ा डेवलपर्स ने किराए से आमदनी छह गुना की

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स ने वित्त वर्ष 2030-31 तक किराये से अपनी सालाना आमदनी को छह गुना कर 1,500 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि इससे कंपनी का लगभग पूरा ब्याज और वेतन खर्च निकल जाएगा। आवास खंड में अच्छी-खासी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के बाद, मुंबई स्थित लोढ़ा डेवलपर्स अपने वाणिज्यिक रियल एस्टेट कारोबार का विस्तार करने की योजना बना रही है। यह कार्यालय परिसरों, खुदरा परियोजनाओं और औद्योगिक एवं भंडारण पार्क का निर्माण कर रही है, साथ ही सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में भी प्रवेश कर रही है। शेयरधारकों को लिखे पत्र में लोढ़ा डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य अब समय के साथ एक उचित नियमित आय (एन्यूटी)का पोर्टफोलियो बनाना है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
सांकेतिक सूचना
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में अनुबंध चिकित्सा चिकित्सकों (जीडीएमओ) की नियुक्ति
अधिसूचना क्रमांक.: P/NGP/RCT/2024/6/1 Date: 09.07.2024
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में संविदा चिकित्सा चिकित्सकों (GDMO) की नियुक्ति हेतु योग्यता के आधार पर संविदा चिकित्सा चिकित्सकों (जीडीएमओ) की नियुक्ति हेतु "गूगल मीट" के माध्यम से ऑनलाइन साक्षात्कार दिनांक 23.07.2025 (बुधवार) को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.07.2025 है।
पात्रता की शर्तें और अन्य विवरण वेबसाइट https://secr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं। पथ इस प्रकार है:
Recruitment / News / Press Release > Recruitment > Nagpur Division> Fresh Engagement of CMPs in Nagpur Division.
मंडल कार्मिक अधिकारी,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
FL/14-68
swachh bharat - keepindiaclean

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी
Email :- mp.eephedkat@gmail.com Phone no. 07622-225752
क्रमांक 2522/का.यं./निप्रको. लो.स्वा.या.परि.खण्ड/2025 कटनी, दिनांक 09.07.2025
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16/ 25-26
ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले में आउटसोर्स के माध्यम से कम्प्यूटर आपरेटर, लेब असिस्टेंट एवं पार्ट टाईप स्वीपर उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है ।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का विवरण | निविदा की लागत लाख में | धरोहर राषि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16/ 25-26 | 2025_PHED _435783 | Out sourcing of Computer Operator and lab assistant cum operator in PHE Division Katni | 1899990 | 38000 | 2000 | 365 दिन |

ऑन लाईन निविदा क्रय एवं बिड की अंतिम तिथी - 24.07.2025 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी - 25.07.2025 18.05 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्षित बेबसाईट पर ( Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर कय किये जा सकते है ।
निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्षाई गई बेबसाईट पर देखे ।
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी
फोन नं. -07622-225752
G-15522/25 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यालय सेनानी 8वीं वाहिनी विसबल छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश
Email:- co8bn_saf@mppolice.gov.in
क्रमांक - 8वीं बटा./विसबल/सा. अ./P-630-C/2025, ई निविदा आमंत्रण सूचना छिंदवाड़ा दिनांक - 09/07/2025
8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में लेखाशीर्ष मांग संख्या 003-2055 पुलिस 00-104-9999-4492-V-32-000 लघुनिर्माण कार्य मद के अंतर्गत प्राप्त आवंटन राशि से 10 नग लेटबॉथ निर्माण कार्य ई-टेण्डर खुली निविदा के माध्यम से कराया जाना है। कार्य म.प्र.भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) की कण्डिकाओं में निहित खुली निविदा समय सारणी अनुसार किया जाना है। जिस हेतु निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर आमंत्रित की गई है। जिसकी जानकारी WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर भी देखी जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता कराये जाने वाला निर्माण कार्य इकाई में आकर देख सकते है। प्राप्त निविदाए, इकाई में गठित समिति द्वारा दिनांक 04.08.2025 को 12:00 बजे खोली जावेंगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन अनुसार अनुमानित राशि (समस्त कर सहित) | निविदा शुल्क | धरोहर राशि ईएमडी | सम्पूर्ण कार्य की अवधि | निर्माण एजेंसी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | 10 नग लेटबॉथ निर्माण कार्य । | 9,65,000.00 | 2,000.00 | 19,300.00 | 60 दिवस | इकाई द्वारा |

समय सारणी:-


| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 10.07.2025 के 18:00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 31.07.2025 के 18:00 बजे से |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 31.07.2025 के 18:00 बजे से |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक एवं स्थान | 04.08.2025 के 12:00 बज कार्यालय 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा (म.प्र.) |

1. इच्छुक निविदाकर्ता वेबसाईट WWW.MPTENDERS.GOV.IN से निविदा करेंगे।
2. इकाई / मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अद्योसंरचना विकास निगम जबलपुर द्वारा तैयार किये गये स्टीमेट एवं स्ट्रक्चर प्लान अनुसार कार्य कराया जाना है। जिस हेतु तालिका क्रमांक 03 में अनुमानित प्राक्कलन राशि से अधिक दर पर निविदा स्वीकार नही की जावेंगी।
3. निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग / म.प्र. पु. हा. का. के पंजीकृत ठेकेदारो से ही कराया जाना है।
4. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व कार्य स्थल एवं प्राकलन / स्टीमेट का निरीक्षण कर निविदा प्रस्तुत करें ताकि कार्य का सही आकलन किया जाकर निविद प्रस्तुत की जा सकें। जिसकी जानकारी क्वार्टर मास्टर 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।
5. निविदा की विस्तृत जानकारी म.प्र. पुलिस की बेवसाईट WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर देखी जा सकती है। एवं निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर दिनांक 10.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 तक आमंत्रित की गई है। जिसे दिनांक 04.08.2025 को समय 12.00 बजे खोला जावेंगा।
सेनानी
8वीं वाहिनी विसबल
छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
G-15554/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## चिंतन

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण से अवैध वोटरों की होगी पहचान

भारत अवैध प्रवासियों की समस्या से जूझता रहा है। ऐसे में एक नियमित अंतराल पर मतदाता पहचान पत्र की जांच-पड़ताल होते रहनी चाहिए। अभी चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूचियों की जांच के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चला रहा है। इस अभियान में बिहार की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। इसके अलावा भी कई तरह की अनियमितताएं मिल रही हैं, जिन्हें सुधारा जा रहा है। बिहार में वर्ष 2003 के बाद अब 22 वर्ष पश्चात मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। हालांकि इस पर विपक्ष जमकर राजनीति कर रहा है और सरकार को इसकी टाइमिंग को लेकर घेर रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाया, लेकिन इस कवायद को गलत नहीं कहा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने ऐलान किया है कि अब समूचे देश में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण होगा। चुनाव आयोग 28 जुलाई के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जरूर इंतजार करेगा। आयोग ने राज्यों को जो तैयारी का निर्देश दिया है, उसके मुताबिक अगस्त से देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरू हो जाएगा। यह जरूरी कदम है और इसका स्वागत होना चाहिए। इससे देश के अंदर दोहरी मतदाताओं की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। देश में मतदाताओं की एक्चुअल संख्या का पता चलेगा। मतदाता सूची का आधार से लिंक किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड, राशन कार्ड व वोटर लिस्ट को पहचान पत्र के दायरे में शामिल करने का निर्देश दिया है, जिसे चुनाव आयोग ने शामिल किया है। सरकार को चाहिए कि हर नागरिकों के लिए बायो आधारित एकीकृत राष्ट्रीय पहचानपत्र सिस्टम लागू हो। इसे आधार को ही विस्तारित रूप देकर किया जा सकता है। फिंगर प्रिंट और आई चित्र के साथ एकीकृत राष्ट्रीय पहचान पत्र में आधार की व्यक्तिगत सूचना से लेकर ब्लड ग्रुप, मतदाता सूची, राशन कार्ड, बीपीएल व एपीएल और पासपोर्ट संबंधी जानकारी आदि को समाहित किया जा सकता है। इससे हर नागरिक को केवल एक पहचानपत्र संभालना होगा, सरकारी कामकाज में भी आसानी होगी। सरकार के पास अपने सभी नागरिकों का वृहद जानकारी से लैस डेटा होगा। बिग डेटा सिस्टम से यह सब डिजिटल रखने में आसानी होगी। चुनाव आयोग ने बिहार में फैसला किया है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके। बिहार में इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है। अधिकांश राज्यों ने 2002 और 2004 के बीच मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया था, उत्तराखंड ने 2006 में तो दिल्ली ने 2008 में किया था। इतने कालखंड में मतदाताओं की स्थिति बदल जाती है, कुछ की मौत हो जाती है, कुछ नए जुड़ जाते हैं। आगे जनगणना होनी है और परिसीमन होना है, ऐसे में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण काफी मायने रखता है।



पुरातत्व सर्वेक्षण
प्रमोद भार्गव

# भूगर्भ में अंगड़ाई लेती सरस्वती के प्रमाण

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। अध्ययन में पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं।

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। इस खुदाई में ब्राह्मी लिपि की मोहरों, मूर्तियों, हड्डी के औजार, शंख, मोती, चूड़ियां और सिक्कों के साथ मिट्टी के खंभों से बने भवन, ईंटों की परतदार दीवारों वाली खंदकें, भठियां एवं यज्ञवेदियां भी मिली हैं। इन साक्ष्यों से प्रमाणित होता है कि उस समय के लोग वास्तुकला के साथ धातु विज्ञान और हथियार बनाने में दक्ष थे।

ऋग्वेद में वर्णित सिंधु-सारस्वत सभ्यता में इन सब वस्तुओं और सरस्वती नदी से जुड़े अनेक मंत्र मिलते हैं। इन्हीं मंत्रों से प्राचीन आर्यावर्त का भूगोल, समाज, जीवनशैली और आर्य व अनार्यों के संघर्ष से जुड़ी अनेक गाथाओं का जीवंत चित्रण है। इन अवशेषों और नदी-तंत्र को 3500 ईसा पूर्व से 1000 ईसा पूर्व तक की सभ्यता के प्रमाण माना जा रहा है। वैदिक कालीन नदी सरस्वती के अस्तित्व और उसकी भूगर्भ में अंगड़ाई ले रही जलधारा को लेकर भूगर्भशास्त्री, पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकारों में लंबे समय से मतभेद बना रहा है। यह मतभेद सैटेलाइट मैंपिग के बावजूद कायम रहा। अब न केवल हरियाणा के यमुनानगर जिले के आदिबद्री में सरस्वती का उद्गम स्थल खोज लिया गया है, बल्कि मुगलवाली गांव में धरातल से सात फीट नीचे तक खुदाई करके नदी की जलधारा भी खोज निकाली है। इस धारा का रेखामय प्रवाह तीन किमी की लंबाई में नदी के रूप में सामने आया था। एक मृत पड़ी नदी के इस पुनर्जीवन से उन सब अटकलों पर विराम लगा है,जो वेद-पुराणों में वार्णित इस नदी को या तो मिथकीय ठहराते थे या इसका अस्तित्व अफगानिस्तान की 'हेलमंद' नदी के रूप में मानते थे। सरस्वती की भौगोलिक स्थिति का बखान ऋग्वेद, शतपथ ब्राह्मण महाभारत, ऐतरेय ब्राह्मण, भागवत और विष्णु पुराणों में है। ऋग्वेद में सप्तसिंधु क्षेत्र की महिमा को प्रस्तुत करते हुए जिन सात नदियों का वर्णन किया गया है, उनमें से एक सरस्वती है। अन्य छह शतद्रु;सतलुज, विपासा;व्यास, असिकिनी;चिनाव, पुरुष्णी;रावी वितस्ता;झेलम द्ध और सिंधु नदियां हैं। इनमें सरस्वती और सिंधु बड़ी नदियां थीं। सतलुज और यमुना सरस्वती की सहायक नदियां रही हैं। सरस्वती का प्रवाह पूरब से पश्चिम की ओर था, लेकिन हजारों साल पहले आए भयंकर भूकंप के कारण यमुना और सतलुज सरस्वती से अलग हो गईं। इन दोनों नदियों के मार्ग बदलने के बाद सरस्वती धीरे-धीरे अस्तित्व खोती हुई भूगर्भ में विलीन हो गई। कुछ भूगर्भशास्त्रियों का ऐसा मानना है कि 12 हजार साल पहले तक नदी स्वच्छ जलधारा के रूप में प्रवाहमान थी। लेकिन ऋग्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथों में सरस्वती की महिमा का गुणगान है, उससे लगता है पांच से सात हजार साल पहले तक यह नदी धरा पर बहती थी, क्योंकि नदी के धरती की कोख में समा जाने का वर्णन ऋग्वेद में नहीं है। जबकि ऋग्वेद की 60 ऋचाओं में सरस्वती का उल्लेख है। इनमें कहा गया है, सरस्वती हिमालयी पर्वतों से निकलकर, सप्तसिंधु क्षेत्र में बहती हुई कच्छ के रण में जाकर समुद्र में गिरती है। यह क्षेत्र वर्तमान में पाकिस्तान और भारत के



पंजाब व हरियाणा में है। किंतु सरस्वती का जो वर्णन महाभारत में है, उसमें इस नदी के विलोप होने के संकेत मिलते हैं। महाभारत के अनुसार सरस्वती समुद्र में समाने से पहले राजस्थान के रेगिस्तान विनसन में ही लुप्त हो जाती है। कॉर्बन डेटिंग भी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि 2000 से 1800 वर्ष ईसा पूर्व यह नदी विलुप्त हुई। महाभारत, विष्णु पुराण,भागवत पुराण और ऐतरेय ब्राह्मण ग्रंथों की रचना लगभग इसी समय हुई बताई जाती है। साफ है, प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में सरस्वती का जो वर्णन है, वह कपोल कल्पित न होते हुए,वास्तविक है। नदी के सूखने के बाद हड़प्पा-मोहन जोदड़ो संस्कृति के उपासक गंगा यमुना के मैदानों की ओर पलायन कर गए। चूंकि इन लोगों की स्मृति में सरस्वती जीवंत थी, इसलिए इन्होंने प्रयाग में त्रिवेणी स्थल पर गंगा और यमुना के साथ सरस्वती के अंतःसलिला होने की कथा गढ़ ली। सिंधु घाटी सभ्यता का नाम, हालांकि सिंधु नदी के नाम पर पड़ा था। इसे ही सरस्वती संस्कृति, सरस्वती सभ्यता और सिंधु सरस्वती सभ्यता के नामों से जाना जाता है। इसी सभ्यता में हड़प्पा संस्कृति फली-फूली थी। ऋग्वेद में हड़प्पा दुर्ग की गाथा हरियूपिया नाम से मंत्रों में कही गई है। प्राचीन ग्रंथों में दर्ज सरस्वती के अस्तित्व को लेकर देशी-विदेशी भूविज्ञानी और भारतीय संस्कृति के अध्येता इसकी शोध और जमीनी खोज में जुटे रहे हैं। फ्रांस के भूविज्ञानी विवियेन सेंट मार्टिन ने 'वैदिक भूगोल' की रचना की थी। 1860 में लिखी इस पुस्तक में सरस्वती के साथ घग्गर और हकरा की भी पहचान की थी। इसके बाद 1886 में अंगेजी हुकूमत ने भारत का भौगोलिक सर्वेक्षण कराया था। इसके अधीक्षक आरडी ओल्ढ़म की रिपोर्ट बगांल के एशियाटिक सोसायटी जर्नल में छपी थी। इस रिपोर्ट में सरस्वती के नदी तल और इसकी सहायक नदियों, सतुलज व यमुना के पथ रेखांकित किए गए हैं। 1893 में इस रिपोर्ट ने प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक सीएफ ओल्ढ़म को प्रभावित किया। ओल्ढ़म ने इसी जर्नल में सरस्वती के भूगर्भ में उपस्थित होने की पुष्टि की है। साथ ही घग्गर और हकरा के सूखे पथों का भी ब्यौरा दिया है। ये नदियां पंजाब में बहती थीं। पंजाब की लोकश्रुतियों में आज भी ये नदियां विद्यमान हैं। इन्हीं नदियों के पथ पर एक समय सरस्वती बहती थी। इसके बाद 1918 में टैसीटोरी, 1940-41 में औरेल स्टाइन और 1951-53 में अमलानंद घोष ने सरस्वती की खोज में अहम भूमिका निभाई। इन सब विद्वानों ने अपने निष्कर्षों में सिद्ध किया कि सरस्वती के विलोपन का मुख्य कारण सतलुज और यमुना की धार बदलना था। सतलुज की धार सरस्वती से अलग होकर सिंधु में जा मिली। लगभग इसी समय यमुना ने भी अपनी धारा का प्रवाह बदल दिया और वह पश्चिम में अपने बहने का रुख बदलकर पूर्व में बहकर गंगा में जा मिली। नतीजतन सरस्वती सूखती चली गई। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के काला अंब के पास सरस्वती टियर फाल्ट का अध्ययन किया गया। अध्ययन के परिणाम में पाया कि हजारों साल पहले आए भूकंप के कारण यमुना और सतलुज ने अपने मार्ग बदल दिए थे। यमुना पूरब में बहती हुई दिल्ली पहुंच गई और सतलुज पश्चिम होते हुए सिंधु नदी में जा मिली। जबकि पहले इन दोनों नदियों का पानी सरस्वती में मिलकर हरियाणा, राजस्थान व गुजरात होते हुए कच्छ में मिलता था। अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। अध्ययन में पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं। डीग में एक बार फिर सरस्वती के नए प्रमाण मिलने से इसके ऋग्वैदिक अस्तित्व को प्रामाणिकता मिली है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पाखंड और विज्ञान

सोनम लववंशी




# दो विरोधाभासी ध्रुवों पर खड़ा दिखाई दे रहा हमारा समाज

हम 21वीं सदी में विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और वैश्विक उपलब्धियों के नए कीर्तिमान गढ़ते जा रहे हैं। मंगल तक मानव ने कदम बढ़ा दिए हैं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जेनेटिक इंजीनियरिंग जैसी क्रांतिकारी खोजें मानवीय सभ्यता के विकास की मिसाल बन चुकी हैं। लेकिन इसी विज्ञान युग में जब यह खबर आती है कि एक गांव में डायन के शक में पांच लोगों को मार डाला गया, या किसी युवक की बलि तांत्रिक अनुष्ठान में दी गई, तो सवाल खड़ा होता है कि क्या हम वाकई 21वीं सदी में जी रहे हैं? भारत आज भी दो विरोधाभासी ध्रुवों पर खड़ा दिखाई देता है। एक ओर तकनीकी दक्षता का वैश्विक दावा, दूसरी ओर सामाजिक चेतना का अंधकार। इन खबरों ने यह साफ कर दिया है कि अंधविश्वास की जड़ें कितनी गहरी हैं जिसे केवल कानून या शिक्षा से उखाड़ पाना कठिन है। विडंबना यह है कि पढ़ा-लिखा तबका भी अंधविश्वास के दलदल में लिथड़ा हुआ है। विज्ञान को 'बेबुनियाद' और 'धर्म विरोधी' कहने वाले लोग आज भी जादू-टोने, तंत्र-मंत्र, ग्रह-नक्षत्रों और बाबाओं के पास समाधान खोजते नजर आते हैं। यह कोई नई बात नहीं कि अंधविश्वास भारत में केवल ग्रामीण या अशिक्षित क्षेत्रों तक सीमित रहा है। शहरी और शिक्षित समाज भी इस मानसिक गुलामी से मुक्त नहीं है। टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले 'भूत-प्रेत' और 'तांत्रिक' धारावाहिकों से लेकर बड़े-बड़े बाबाओं के विशाल साम्राज्य तक, सब इस प्रवृत्ति को खाद-पानी दे रहे हैं। अनुयायी यह मानते हैं कि उनके बाबा के पास ऐसी 'अलौकिक शक्तियां' हैं जो उनके हर संकट को दूर कर सकती हैं, जबकि सच यह है कि बाबा स्वयं अपने संकट तक नहीं दूर कर पाते। यदि उनके पास ऐसी शक्तियां होतीं तो वे वर्षों तक जेल में न होते, या अपने 'चमत्कारों' से वहां से बाहर निकल आते। बीते दिनों मध्यप्रदेश के एक शांत से दिखने वाले गांव में एक युवक का सिर एक चबूतरे पर रखा मिला। धड़ थोड़ी दूरी पर पड़ी थी। पुलिस पहुंची, जांच की, और पाया कि वहां तांत्रिक क्रियाओं में प्रयुक्त सामग्री बिखरी पड़ी थी। वहां मौजूद हर वस्तु चीख-चीख कर कह रही थी कि यह हत्या नहीं, नरबलि थी। इक्कीसवीं सदी के भारत में नरबलि! कल्पना कीजिए उस मां की जो बेटे के लिए रात भर प्रतीक्षा कर रही होगी। कल्पना कीजिए उस बहन की जो राखी का धागा लिए अपने भाई की कलाई ढूंढ़ रही होगी। यह आज के भारत की वह चुभती हुई सच्चाई है जिसे देखकर रूह भी कांप जाती हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 2000 से 2021 के बीच करीब 3000 से अधिक हत्याएं डायन के शक में कर दी गईं। इनमें अकेले झारखंड में 593 मामले दर्ज हुए। मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और असम, इन सभी राज्यों में हर साल दर्जनों महिलाओं को समाज की क्रूरता निगल जाती है, क्योंकि उन्होंने विरोध किया, संपत्ति रखी, या फिर बस इसलिए क्योंकि वे अकेली थीं। हर बार एक जैसी कहानी गांव में कोई बीमार हुआ, फसल नष्ट हुई, या किसी की मौत हो गई। और कोई 'बुजुर्ग' पुरुष बोल उठा, "यह सब उसकी वजह से हुआ है।" फिर क्या भीड़ ने तय कर लिया कि वह डायन है। उसे घसीटा गया, पीटा गया, सिर मुंडवा दिया गया, नंगा किया गया, पत्थरों से मारा गया। ऐसा नहीं है कि सरकार ने इन घटनाओं के खिलाफ कदम नहीं उठाए। कानून बने। झारखंड में 'डायन प्रथा उन्मूलन अधिनियम', ओडिशा में 'द ओडिशा प्रिवेंशन ऑफ विच-हंटिंग एक्ट', असम में भी 2015 में एक कठोर कानून पारित हुआ। लेकिन क्या कानून उस औरत को बचा पाएगा जिसे गांव वालों ने अपने घर से जिंदा खींच लिया था? क्या कानून उस बच्चे की जान लौटा पाएगा जिसे बलि की बेदी चढ़ा दिया गया? 2010 में महाराष्ट्र के अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर ने लिखा था "अंधविश्वास सिर्फ अज्ञानता नहीं, यह हिंसा है।" और वे खुद इसी अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाने की सजा के रूप में 2013 में पुणे की सड़क पर गोली से छलनी कर दिए गए।

भारत का भविष्य इस पर निर्भर करता है कि हम इस पाखंड से कब उबरेंगे। हमें तय करना होगा कि क्या हम भविष्य को तर्क और संवेदना की राह पर ले जाएंगे, या उसे पाखंड और क्रूरता की गुफा में धकेल देंगे? यह वही भारत है, जहां विज्ञान का जन्म हुआ, जहां गणना के सूत्र बने, जहां शून्य का आविष्कार हुआ, जहां आकाश के रहस्यों को ऋषियों ने अपनी खुली आंखों से पढ़ा। लेकिन आज इसी धरती पर तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक, बलि, और अंधविश्वास के नाम पर इंसानियत का गला घोंटा जा रहा है। तो ऐसे में हमें और हमारे समाज को सामूहिक रूप से शर्मिंदगी महसूस करने की आवश्यकता है।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे




संकलित

## दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित

## प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## सटाका




## आज की पाती

### नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। क्या हमने सोचा है कि जो परिवार पहले ही अपने परिवार के सदस्य के बर्बाद होने का दंश झेल रहा हो, वो सामाजिक बहिष्कार को भी झेल पाएगा?

*– मदन कश्यप, बेमेतरा*

## ट्रेंड

### योजनाओं का असर



यह हमारी सरकार की योजनाओं का असर ही है कि आज हर वर्ग के लोगों के पास आय का जरिया है और इसी के परिणामस्वरूप बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नीमराणा का विकास



आज बावड़ी के पास नीमराणा से हरियाणा सीमा तक बनाई जाने वाली सड़क का शिलान्यास कार्यक्रम विधिवत तरीके से नारियल फोड़कर किया। बिजली, पानी और सड़क की बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कर हम नीमराणा के विकास को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

**-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री**

### अभिनेता राव को श्रद्धांजलि



पद्मश्री पुरस्कार विजेता और अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले दिग्गज तेलुगु अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव को मेरी श्रद्धांजलि। मैं उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

**-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### बारिश को गंभीरता से लें



सरकार से आग्रह है कि वो बारिश को गंभीरता से ले। सही शासनिक-प्रशासनिक प्रयासों से हादसों को टाला जा सकता है। ये किसी की ज़िंदगी का सवाल भी हो सकता है। सरकार की बदइंतज़ामी का ख़ामियाज़ा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर


# पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री की रिहाई की मांग को लेकर 'इमरान खान को आजाद करो' आंदोलन शुरू किया है। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, पुलिस ने अनौपचारिक रूप से शुरू किए गए इस आंदोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को शामिल होने से रोकने के लिए कई गिरफ्तारियां की हैं। आंदोलन की यह अनौपचारिक शुरुआत पार्टी की पूर्व घोषित तिथि पांच अगस्त से एक महीने से भी कम समय पहले हुई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रमुख नेता अली अमीन गंडापुर पार्टी नेताओं के साथ शनिवार देर रात लाहौर पहुंचे और खान को रिहा करने के लिए आंदोलन शुरू करने की घोषणा की। क्रिकेटर से राजनीतिक नेता बने 72 वर्षीय इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं, क्योंकि उन पर कई मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पांच अगस्त से देश भर में एक बड़े अभियान की शुरुआत करने की तैयारी कर रही है ताकि शहबाज शरीफ सरकार और सेना पर खान को रिहा करने का दबाव बनाया जा सके। अली अमीन और पार्टी के अन्य प्रमुख नेता अपने विरोध अभियान को अंतिम रूप देने के लिए लाहौर के रायविंड इलाके में एक फार्महाउस में डेरा डाले हुए हैं।

## ऑफ बीट


# एआई वाकई उत्पादकता बढ़ाता है? सबूत अस्पष्ट



सरल शब्दों में कहें तो उत्पादकता यह है कि हम एक निश्चित मात्रा में सामग्रियों से कितना उत्पादन कर सकते हैं। यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि उच्च उत्पादकता आमतौर पर उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित होती है। पिछले तीन दशकों में उत्पादकता वृद्धि ऑस्ट्रेलिया की आय वृद्धि का 80 प्रतिशत हिस्सा रही है। उत्पादकता को व्यक्तिगत, संगठनात्मक या राष्ट्रीय स्तर पर देखा जा सकता है। आपकी व्यक्तिगत उत्पादकता इस बात पर निर्भर करती है कि आप कार्यों को पूरा करने के लिए अपने समय और संसाधनों का कितनी कुशलता से प्रबंधन करते हैं। आप एक घंटे में कितने ईमेल का जवाब दे सकते हैं? आप एक दिन में कितने उत्पादों में खराबी की जांच कर सकते हैं? संगठनात्मक उत्पादकता यह है कि कोई संगठन अपने लक्ष्यों को कितनी अच्छी तरह हासिल करता है। उदाहरण के लिए, किसी शोध संगठन में कितने उच्च-गुणवत्ता वाले शोध पत्र तैयार किए जाते हैं? राष्ट्रीय उत्पादकता किसी राष्ट्र की आर्थिक दक्षता है, जिसे प्राय: प्रति घंटे काम किए गए सकल घरेलू उत्पाद के रूप में मापा जाता है। यह प्रभावी रूप से अन्य रूपों का एक समूह है। लेकिन यह पता लगाना बेहद मुश्किल है कि व्यक्तिगत या संगठनात्मक उत्पादकता में बदलाव प्रति घंटे काम करने पर राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में कैसे परिवर्तित होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**



## खतरनाक तरीके से परिवहन पर कार्यवाही

**कटनी।** यातायात पुलिस ने एक मालवाहक वाहन को क्षमता से अधिक लापरवाही पूर्वक सामान ले जाते हुए पकड़ा। मालवाहक में सामान इस तरह लोड था कि उससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान माधवनगर गेट में एक मालवाहक वाहन क्रमांक MP-21-ZF-0607 का चालक वाहन में खतरनाक तरीके से बिना किसी सुरक्षा के माल लोड कर परिवहन कर रहा था। जिसे मौके पर रोक कर चैक किया गया तो मालवाहक चालक ने मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक माल खतरनाक तरीके से लोड किया था। जिससे परिवहन करते समय दुर्घटना घटित हो सकती थी। कार्यवाही कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश करने की कार्यवाही की गई।

## चैक अनादरण के दो मामलों में कारावास एवं अर्थदंड की सजा

**कटनी ।** चैक अनादरण के दो अलग अलग मामलों में न्यायालय ने आरोपित को 3 माह के कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी राकेश पटेल पिता फूलचंद पटेल निवासी-ग्राम- खरखरी, पोस्ट-परौहा पिपरिया, तहसील-रीठी ने ज्योति मोटर्स से एक थ्रेसर क्रय करके 1 लाख 10 हजार रूपए का चैक दिया था। उक्त चैक अनादरण की सूचना मिलने के बाद भी आरोपी द्वारा भुगतान नहीं किया गया था। मामला न्यायालय में पहुंचा। विचारण न्यायालय श्रीमती स्मृति पटेल सिविल कोर्ट झिंझरी कटनी ने आरोपी को चैक अनादरण के अपराध का दोष सिद्ध पाते हुए 1,94,030 रूपए का अर्थदंड एवं 3 माह की कारावास से दंडित किया। उक्त आरोपी द्वारा शंकर धामेच्चा तरूषि आयशर ट्रैक्टर कुठला कटनी से एक हैरो एवं रीपर कीमत लाख 10 हजार रूपए के भुगतान हेतु भी चैक दिया था। उक्त चैक अनादरण की सूचना मिलने के बाद भी आरोपी द्वारा भुगतान नहीं किया गया था, विचारण न्यायालय श्रीमती स्मृति पटेल सिविल कोर्ट झिंझरी कटनी ने आरोपी को चैक अनादरण के अपराध का दोष सिद्ध पाते हुए 1,94,030 रूपए का अर्थदंड एवं 3 माह की कारावास से दंडित किया। परिवादी की ओर से ब्रज पांडे, कमल अग्रवाल, अरूण द्विवेदी एवं सुनील उपाध्याय ने पैरवी की थी।

## सरपंच ने साथियों के साथ पिता व पुत्र को पीटा

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जिर्री में मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें सरपंच और उसके साथियों द्वारा आदिवासी पिता-पुत्र की पिटाई की जा रही है। यह घटना 9 जुलाई की शाम को ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के डूंडहा मोड़ पर हुई। रविवार सुबह घटना का वीडियो सामने आया। इसमें कुछ लोग दो लोगों को पीटते नजर आ रहे हैं। जिर्री ग्राम पंचायत के सरपंच महेश यादव, उनके भाई चूड़ामणि यादव और योगेंद्र यादव ने बिजौरी ग्राम निवासी अजय सिंह मार्को और उसके पिता राममिलन मार्को पर हमला किया। वायरल वीडियो में तीनों आरोपी लाठी-डंडों से पीड़ित को पीटते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित अजय सिंह का आरोप है कि चूड़ामणि यादव उनकी भतीजी पर गलत नीयत रखता है। इसका विरोध करने पर उन्होंने हमला किया। घटना उस समय हुई जब अजय अपने पिता के साथ खमतरा बाजार जा रहे थे। आरोपी कार से आए और रास्ता रोककर गाली-गलौज की। इसके बाद तीनों ने मिलकर पिता-पुत्र को पीटा। हमले में अजय को कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ढीमरखेड़ा न्यायाधीश ने बालिका छात्रावास रामपुर पहुंचकर बच्चों को किया जागरूक, नशे से दूर रहने किया प्रेरित

# जनसंख्या वृद्धि केवल आंकड़ा नहीं सामाजिक-आर्थिक संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जिले में सामाजिक जागरूकता और विधिक साक्षरता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब यह प्रयास बालिकाओं तक पहुंचे, तो उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है, क्योंकि एक शिक्षित बालिका न केवल अपने भविष्य को संवारती है, बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा देती है। इसी दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए, शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, रामपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण विधिक शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी (ढीमरखेड़ा) उपस्थित रही, जिन्होंने नशा मुक्ति, जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा और समाज में महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तार से विचार साझा किए। यह विधिक शिविर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया था। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित हो, विशेषकर उन लोगों तक जो सामाजिक, आर्थिक या शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास जैसी संस्था में शिविर आयोजित करना इसलिए भी अधिक प्रभावशाली है क्योंकि यहां रहने वाली बालिकाएं अक्सर ग्रामीण, आदिवासी या कमजोर सामाजिक पृष्ठभूमि से आती हैं। नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना। जनसंख्या नियंत्रण और इसके सामाजिक प्रभावों पर जानकारी देना। बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों से परिचित कराना। शिक्षा के महत्व और सामाजिक दायित्व की भावना को जागृत करना।

### न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा नशा मुक्ति पर विचार

न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने नशा मुक्ति विषय पर बड़ी ही संवेदनशीलता और गंभीरता से अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि "नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और अंततः राष्ट्र को प्रभावित करता है।" उन्होंने बालिकाओं को बताया कि किस प्रकार से नशे की लत एक व्यक्ति के सोचने-समझने की शक्ति को नष्ट कर देती है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में लोग मनोरंजन, तनाव से मुक्ति या दोस्तों के दबाव में नशा करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह एक ऐसी लत बन जाती है जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।



न्यायाधीश ने उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि एक नशेड़ी व्यक्ति अपने घर की आर्थिक स्थिति को खराब कर देता है, घर में हिंसा और तनाव का माहौल बन जाता है, बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ता है और अंततः पूरा समाज इसकी चपेट में आ जाता है। उन्होंने बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति अपराध की ओर भी आकर्षित होता है चोरी, लूट, मारपीट, बलात्कार जैसी घटनाएं नशे की हालत में अधिक होती हैं।

बालिकाओं को विशेष रूप से यह समझाया गया कि नशे से दूर रहना न केवल उनके स्वास्थ्य और भविष्य के लिए आवश्यक है, बल्कि वह दूसरों को भी प्रेरित कर सकती हैं। एक बालिका यदि अपने परिवार और आस-पड़ोस में इस विषय पर बात करती है, तो वह समाज में बदलाव का माध्यम बन सकती है।

### जनसंख्या वृद्धि, एक गंभीर चुनौती

विधिक शिविर में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने जनसंख्या वृद्धि के मुद्दे को भी गहराई से उठाया। उन्होंने कहा कि "जनसंख्या वृद्धि अब केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि एक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय संकट बन चुका है।"जनसंख्या बढ़ने के साथ खाद्यान्न की माँग बढ़ती है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण गरीबी और भुखमरी बढ़ती है। बढ़ती आबादी के कारण जल, वायु, भूमि और ध्वनि प्रदूषण चरम पर पहुँच रहे हैं। सीमित रोजगार अवसरों के कारण युवाओं को नौकरी नहीं मिलती और वे निराशा, अपराध या नशे की ओर बढ़ते हैं। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम जनता का जीवन कठिन हो जाता है। अधिक जनसंख्या से सरकारी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों और मूलभूत सेवाओं पर अत्यधिक बोझ पड़ता है। न्यायाधीश ने कहा कि केवल सरकार द्वारा कानून बनाना पर्याप्त नहीं, समाज को भी अपनी सोच बदलनी होगी। विवाह की सही उम्र, दो बच्चों की नीति, परिवार नियोजन के उपायों की जानकारी और प्रचार आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जागरूकता से ही इस संकट से निपटा जा सकता है। शिक्षा ही वह साधन है जिससे आप अपने अधिकार जान सकती हैं, आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकती हैं। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह बताया कि शिक्षा से एक बालिका केवल नौकरी पाने योग्य ही नहीं बनती, बल्कि वह अपने परिवार और समाज की दिशा और दशा बदलने की ताकत भी रखती है। एक शिक्षित बेटी, मां बनकर आने वाली पीढ़ी को भी शिक्षित बनाती है।

न्यायाधीश ने छात्रावास की बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन को संवारने का सपना देखें, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पुलिस अफसर या शिक्षक बनने की ठानें।

### विधिक अधिकारों की जानकारी

शिविर में यह भी बताया गया कि हर नागरिक को संविधान द्वारा कुछ अधिकार मिले हैं, जिनकी जानकारी आवश्यक है। घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम,बाल श्रम निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम , बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम, इन सभी अधिकारों की जानकारी से बालिकाएं किसी भी प्रकार के शोषण से स्वयं को बचा सकती हैं और दूसरों की भी मदद कर सकती हैं।

शिविर के दौरान कई बालिकाओं ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविर उन्हें आत्मविश्वास देते हैं और यह एहसास कराते हैं कि वे अकेली नहीं हैं कानून और न्याय उनके साथ है। कुछ बालिकाओं ने कविता, नारे और भाषण के माध्यम से नशा मुक्ति, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। अंत में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी ने सभी बालिकाओं को एक संकल्प दिलवाया ःहम कभी नशा नहीं करेंगे।

*कर्मचारियों को सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने के दिए निर्देश*

# महापौर ने निगम के आपदा नियंत्रण कक्ष का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यालय नगर पालिक निगम स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर जलभराव से संबंधित प्राप्त कुल शिकायतों एवं उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### शिकायत पंजी का अवलोकन

महापौर श्रीमती सूरी ने कंट्रोल रूम में दूरभाष क्रमांक 07622 - 292740 एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों हेतु संधारित शिकायत पंजी का अवलोकन कर तिथिवार प्राप्त शिकायतों एवं क्षेत्रीय दल के माध्यम से उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली जाकर कंट्रोल रूम में संलग्न कर्मचारियों को अपने दायित्वों का सजगता और तत्परता से निर्वहन करने निर्देश दिए।



### शिकायतों के निराकरण की स्थिति से कराए अवगत

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा कंट्रोल रूम में संलग्न कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर निर्धारित समय पर उपस्थित होने तथा शिफ्ट समय समाप्ति के दौरान आगामी शिफ्ट के कर्मचारियों को प्राप्त शिकायत एवं उनके निराकरण की स्थिति से अनिवार्य रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए।

### नागरिकों से जलभराव की सूचना देने का आग्रह

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नागरिकों से जलभराव संबंधी सूचना की जानकारी कंट्रोल रूम नंबर 07622 - 292740 में देकर समस्या का निराकरण कराने का आग्रह आम नागरिकों से किया है।

### इनकी रही उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सागर नायक, अभिषेक सिंह बघेल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं के अधिकारों संबंधी पोस्टर किये गए चस्पा



महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान के तहत यात्री बसों एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के अधिकारों से संबंधित जानकारी देने वाले पोस्टर चस्पा किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और बसों में उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बस स्टैंड पर उपस्थित यात्रियों और बस संचालकों को महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बसों में महिला सीटों का आरक्षण, चालक-परिचालक द्वारा निर्धारित वर्दी पहनना, बसों में पैनिक बटन, GPS ट्रैकिंग सिस्टम और CCTV कैमरे जैसे सुरक्षा उपकरणों का होना अनिवार्य है। कार्यक्रम के तहत महिला यात्रियों को बताया गया कि सार्वजनिक यात्री बसों में उनके लिए आरक्षित सीटें होती हैं और बस संचालकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे इन प्रावधानों का पालन करें। बस संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपने वाहनों में इन सभी सुरक्षा उपकरणों को शीघ्रता से स्थापित करें

# जनसंख्या में वृद्धि के दुष्प्रभावों सहित नियंत्रण हेतु योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में विगत दिनों जिला चिकित्सालय कटनी सहित समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण एवं परिवार नियोजन के साधनों के उपयोग एवं महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। है।

इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम रही – 'युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना'। इस वर्ष 11 जुलाई से 18 जुलाई के मध्य विश्व जनसंख्या दिवस अभियान चलाया गया है। राज्यन शासन द्वारा इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस को पखवाड़े के रूप में न मनाकर विश्व जनसंख्या माह (11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक) के रूप में मनाया जा रहा है।

### परिवार नियोजन को प्रोत्साहन

जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्त्री एवं प्रसूतिरोग विशेषज्ञ सोसायटी के द्वारा सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिये उपलब्ध शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई एवं डॉ. सुनीता वर्मा ने जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. हर्षिता गुप्ता ने बताया कि जनसंख्या वृद्धि का मतलब है कि भोजन, पानी, स्वास्थ्य, आवास ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, परिवहन और बहुत कुछ की मांग में वृद्धि। वहीं सोसायटी की सचिव श्रीमती स्वाती जैन ने जनसंख्या नियंत्रण के तरीको के बारे में जानकारी देते' हुये बताया कि बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिये शिक्षा, जागरूकता, परिवार नियोजन, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, महिलाओं का सशक्तिकरण एवं कानूनी उपाय जिसमें विवाह की उम्र बढ़ाना एवं परिवार नियोजन को प्रोत्साहन देना शामिल है।

कार्यक्रम के अंत में सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को पौधा प्रदान करते हुये जनसंख्या नियंत्रण के माध्यम से प्रकृति का ख्याल रखने का संदेश दिया गया।

*ब्लैक स्पॉट पर टीम ने यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों को पौधा किया गया भेंट*

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, हादसों को रोकने जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

समाज सेवा विकास संस्था द्वारा जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत संस्था की टीम ने उन स्थानों को चुना है जो अब ब्लैक स्पॉट बन चुके हैं और जहाँ आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। इस पहल का उद्देश्य न केवल यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर मझगवां से सुर्खी टैंक के बीच, बड़वारा थाना क्षेत्र में, संस्था की टीम ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का सबसे खास पहलू यह रहा कि यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फलदार और छायादार पौधे भेंट किए गए। संस्था की कार्यकर्ता सावित्री केवट ने बताया हमारी टीम लगातार उन स्थानों पर जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है जहाँ सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। हमारा लक्ष्य यातायात नियमों का पालन करवाना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है।



संस्था के ही कार्यकर्ता राजाराम पटेल ने जानकारी दी कि सुर्खी टैंक मोड़, जो अब एक ब्लैक स्पॉट बन चुका है, पर उनकी पूरी टीम ने समर्पण के साथ काम किया। उन्होंने बताया हमारी टीम ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, यातायात नियमों का पालन करने वाले लगभग 100 से अधिक वाहन चालकों को फलदार और छायादार पौधे भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया और यह संकल्प दिलाया गया कि जिस तरह वे यातायात नियमों का पालन करते हैं, उसी तरह इन पौधों का भी पालन-पोषण करेंगे।

सुर्खी टैंक जुहला चौकी के समीप पिछले दो महीनों के भीतर ही 6 व्यक्तियों की सड़क दुर्घटनाओं में जान जा चुकी है। इनमें एक कार और ट्रक की भिड़ंत में 3 लोगों की मौत, बारात जा रही स्कॉर्पियो और ट्रक की भिड़ंत में महिलाओं की मौत, एवं मझगवां-बरही तिराहे पर पति और गर्भवती महिला की सड़क दुर्घटना में मौत जैसी हृदयविदारक घटनाएँ शामिल हैं। बीते एक वर्ष में, मझगवां और सुर्खी टैंक के बीच 12 से अधिक सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा चुकी है।

इस दौरान बबिता सिंह,राघवेन्द्र सिंह,फिजा बी,सावित्री केवट,प्रभा सेन,मैना सिंह,राजाराम पटेल,पूजा सिंह, रजक,अंजली , सचिन कुशवाहा की उपस्थिति रही।

### जिला स्तरीय बैंकर्स समन्व य समिति की बैठक में दिए निर्देश

# बैंकर्स स्वरोजगार योजनाओं के ऋण वितरण कार्य में तेजी लायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सभी बैंकर्स सकारात्मक रूख अपनाते हुये विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों के प्रकरणों का समय पर निष्पादन कर ऋण उपलब्धि करायें। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में दिए।

कलेक्टंर श्री यादव ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करना, केवल लक्ष्य पूर्ति का मामला नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जरूरतमंद हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कलेक्टर श्री यादव ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि वे विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के विभागों के लक्ष्य के अनुरूप बैंकों में पहुंचने वाले स्वरोजगार के प्रकरणों के निराकरण में सकारात्मकता और संवेदनशीलता दिखायें। ताकि रोजगार-स्वरोजगार की दिशा में लोग आगे बढ़ें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। इसके लिये



जरूरी है कि बैंकर्स समय पर आवेदनों पर ऋण वितरण सुनिश्चित करें।

### कम प्रगति पर जताई नाराजगी

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, एनआरएम अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा के दौरान विभागों की संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताते हुये लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने की सख्त हिदायत दी।

### लक्ष्य के अनुरूप दिलाए लाभ

कलेक्टंर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत सभी बैंकों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि अर्जित करने और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के हितग्राहियों के वितरण आवेदन पत्रों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। ताकि लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि के साथ-साथ हितग्राहियों को ब्याज अनुदान एवं गारंटी फीस का भी लाभ मिल सके। उन्होंने बैंकर्स से भी कहा कि वे समय से अनुदान पोर्टल पर क्लेम करें। कलेक्टर ने दो टूक लहजे में पशुपालन, मत्ययोपालन, शहरी विकास अभिकरण, एनआरएलएम एवं आदिम जाति कल्यौण विभाग, अंत्ययवसायी वित्त विकास निगम और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के लिये तय लक्ष्यों को पूर्ण करने की हिदायत दी।

उन्होंने फसल बीमा पोर्टल में अपडेट करने और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने की महत्वा्कांक्षी आचार्य विद्यासागर योजना के प्रकरणों में ऋण का शीघ्र वितरण करने सुनिश्चित किया। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह, डीडी नाबार्ड, आरसीटी डायरेक्टर पवन गुप्ता, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, सहायक प्रबंधक राजेश पटेल, अग्रणी जिला प्रबंधक मेजरस किंडो और सभी बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आदतन अपराधी के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने कैरिन लाईन थाना माधवनगर कटनी निवासी विनय वीरवानी पिता दिलीप वीरवानी 30 वर्ष के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्वत सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

कलेक्टर श्री यादव ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। विनय वीरवानी असामाजिक तत्व एवं आदतन अपराधी है एवं आमजन के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, अवैध वसूली करना, जुआ खेलना, सट्टा खिलवाना एवं जान से मारने की नियत से प्राणघातक हमला करने जैसे अपराध करता चला आ रहा है। विनय के विरूद्ध पंजीबद्ध प्रकरण न्यापयालय में विचाराधीन है।

पुलिस के द्वारा विनय के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी विनय के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। विनय की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी विनय को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नार एवं उमरिया जिले की राजस्वं सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

# यमन में भारतीय नर्स को बचाने की आखिरी कोशिश, परिवार करोड़ों की 'ब्लड मनी' पर सहमत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को मौत की सजा सुनाई गई है। उस पर अपने साथी तलाल अब्दो मेहदी की हत्या करने का आरोप है। निमिषा को 16 जुलाई को फांसी दी जाएगी। इससे पहले निमिषा के परिवार ने उसे बचाने के लिए अपने आखिरी कदम के तौर पर 'ब्लड मनी' देने का फैसला किया है। अगर तलाल का परिवार इस राशि को स्वीकार कर निमिषा को माफ कर देता है, तो उसे फांसी नहीं दी जाएगी।

## निमिषा पर अपने साथी तलाल अब्दो मेहदी की हत्या करने का है आरोप

### सजा रुकवाने के सभी कानूनी विकल्प खत्म

प्रिया को पहले स्थानीय कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। नवंबर, 2023 में यमन के सुप्रीम कोर्ट ने भी इस सजा को बरकरार रखा था। यमन के राष्ट्रपति ने भी मौत की सजा पर मुहर लगा दी है और फांसी देने के लिए 16 जुलाई की तारीख तय की गई है। ऐसे में प्रिया को बचाने के सभी कानूनी विकल्प लगभग खत्म हो गए हैं। अब सारा मामला ब्लड मनी स्वीकार करने पर निर्भर करता है।



### क्या होती है ब्लड मनी?

इस्लामी कानून अपराध के पीड़ितों या उनके परिवारों (हत्या के मामले में) को अपराधियों की सजा में अपनी बात कहने का अधिकार देता है। हत्या के शिकार व्यक्ति का परिवार आर्थिक मुआवजे के बदले आरोपी को माफ कर सकता है। इसे दीया या 'ब्लड मनी' के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर यह राशि हत्यारे और पीड़ित के परिवार के बीच तय होती है। बीते करीब एक साल से ब्लड मनी पर बातचीत चल रही है।

### फांसी से एक घंटे पहले तक का समय - जॉन

जॉन ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अच्छा नाम और बड़ी प्रतिष्ठा है। अगर भारत सरकार यमन में हूती विद्रोही सरकार से बात करें तो काम बन सकता है। यमन का वो नागरिक तो अब मर चुका है, लेकिन हम उसके परिवार की मदद करने के लिए तैयार हैं। ये बात उन्हें समझानी है। अगर मौत से एक घंटा पहले भी परिवार निमिषा को माफ कर देता है, तो उसकी जिंदगी बच सकती है।

### प्रिया को क्यों हुई फांसी की सजा?

प्रिया केरल की रहने वाली हैं और 2011 में यमन चली गई थीं। उन्होंने यमनी कानून के मुताबिक, 2015 में यमन नागरिक तलाल अब्दो मेहदी की साझेदारी में सना में क्लीनिक खोला था। बाद में मेहदी निमिषा को आर्थिक, शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न देने लगा और पासपोर्ट जब्त कर लिया। इससे तंग आकर 2016 में निमिषा ने उसे बेहोशी का इंजेक्शन दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में प्रिया 2017 से जेल में है।

## राष्ट्रीय ध्वज के इस्तेमाल पर 14 जुलाई को सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज के इस्तेमाल संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगा। इसमें केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक संगठन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के "राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के कदम उठाएं। याचिका में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है।



# समुद्र से दो हजार साल बाद वापस आ रहा इटली का शहर

**रोम।** इटली का 2,000 साल पहले पानी में डूबकर खत्म हो गया शहर फिर से दुनिया के सामने आ रहा है। एनेरिया नाम के इस शहर को ज्वालामुखी ने तबाह कर दिया था। इटली के इस्चिया द्वीप पर 180 ईस्वी में क्रेटियो ज्वालामुखी फटा था। इससे उठी प्रचंड तरंगों ने रोमन बंदरगाह शहर ऐनारिया को समुद्र में डुबो दिया। अब पानी के नीचे की सैर और चल रही खुदाई इसके आकर्षक इतिहास को फिर से सतह पर ला रही है। इटली के इस्चिया द्वीप के तट पर खोए हुए इस रोमन शहर के खंडहर फिर से दिखने लगे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुरातात्विक उत्खनन और पानी के नीचे पर्यटन के जरिए इस शहर को दुनिया की नजर में वापस लाया जा रहा है। यह कार्टारोमाना की खाड़ी में स्थित खंडहर सतह के ठीक नीचे स्थित हैं।

## ज्वालामुखी ने डुबोया था हंसता-खेलता रोमन नगर

### लंबे समय से चल रही जांच

इस शहर के शुरुआती सुराग 1970 के दशक में उभरे, जब गोताखोरों को इस्चिया तट से मिट्टी के बर्तनों और सिल्लियों के टुकड़े मिले। हालांकि तब इस खोज को रफ्तार नहीं मिल सकी। साल 2011 में स्थानीय नाविकों और इतिहास में दिलचस्पी रखने वालों को बड़ी कामयाबी मिली, जब समुद्र तल के दो मीटर नीचे दबे विशाल रोमन घाट के अवशेषों को सामने आए। इसके बाद एम्फोरा, मोजाइक, सिक्के, समुद्र किनारे विला के अवशेष और लकड़ी का रोमन जहाज यहां मिला। ग्रीक डोमेन माना जाने वाला इस्चिया लंबे समय तक अपने थर्मल स्प्रिंग्स और 750 ईसा पूर्व में शुरुआती ग्रीक उपनिवेशीकरण के लिए प्रसिद्ध रहा। 322 ईसा पूर्व में रोमन नियंत्रण के बाद इस द्वीप का नाम बदलकर एनेरिया कर दिया गया। यह नाम प्लिनी द एल्डर और स्ट्रैबो के शास्त्रीय ग्रंथों में भी मिलता है। हालांकि, अभी तक इस रोमन बस्ती के भौतिक प्रमाण दुर्लभ रहे हैं।




### पुरानी समझ को चुनौती

पुरातत्वविद् डॉक्टर एलेसेंड्रा बेनिनी ने बीबीसी से कहा कि ऐसा माना जाता था कि रोमनों ने इस्चिया पर कभी कोई शहर नहीं बनाया। वास्तविकता इसके विपरीत थी। किसी समकालीन रोमन अभिलेख में इसका वर्णन नहीं होने की वजह सदियों तक इस स्थल के ज्वालामुखीय तलछट के नीचे दबा होना रहा है। खोज से पता चलता है कि ऐनारिया ना केवल एक बंदरगाह था, बल्कि एक आवासीय केंद्र भी था। रोमन सैन्य अभियानों में ऐनारिया की रणनीतिक भूमिका रहने के सबूत खोज से मिलते हैं। साथ ही व्यापारिक साक्ष्य भी मजबूत हैं। इस स्थल पर पाए गए एम्फोरा भूमध्य सागर के पार 12 उत्पादन केंद्रों से हैं।

## रोचक खबरें

### सावन में महिला का हरियाली वाले मेकअप देख लोगों ने काटी मौज!



**नई दिल्ली।** लोग सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए बहुत से प्रयोग करते हैं। कई बार तो हैरानी होती है अलग दिखने का ऐसा भी क्या जुनून, लेकिन अलग तरह से दिखने या अलग ही काम करने के चक्कर में लोग ऐसा भी कर जाते हैं जिसे इंसान सोचना भी पसंद नहीं करे। एक वायरल वीडियो में एक महिला ने अपने मेकअप से लोगों को चौंका दिया है। उसने अपने मेकअप में हरे रंग का इस अंदाज़ में इस्तेमाल किया है कि लोगों ने कमेंट सेक्शन में ऐसे मजेदार कमेंट्स किए हैं कि वे एक- दूसरे की ही तारीफ करते नजर आए।

**मेकअप का मतलब कुछ भी नहीं**


मेकअप करने का मतलब यह नहीं है कि आप दुनिया के दूसरों लोगों से बहुत ही अलग अजर आएं। इसमें हम ऐसे रंग और क्रीमों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे हमारे चेहरे की त्वचा चमकीली और रंग निखर कर समान्य लोगों के चेहरों के रंग की तरह नजर आए। मेकअप करने वाले एक्सपर्ट्स जानते हैं कि मेकअप का मकसद खुद पूरी तरह से गोरा दिखना नहीं है। क्योंकि, ऐसा करने पर जरूरी नहीं कि इंसान सुंदर ही दिखे।

#### हरा ही हरा रंग

वीडियो में एक महिला अपने चेहरे पर मेकअप करने के बाद बालों में हरे रंग की क्लिप लगा रही है। आमतौर पर महिलाएं चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए चेहरे पर हलका लाल रंग लगाती हैं। लेकिन. यहां महिला ने लाल रंग की जगह हरे रंग का इस्तेमाल किया है। इतना ही नही, उसने होठों पर हरी लिपिस्टिक भी लगाई है। महिला ने खुद को पूरे हरे रंग से सराबोर ही कर लिया था। उसके सूट का रंग हरा था। उसके गले का हार भी हरे रंग का था। आईशैडो भी हरे रंग का था।

### 16 साल की उम्र से टैटू बनवा रही लड़की ढक गया शरीर का 98 फीसदी हिस्सा

**केनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की महिला के शरीर पर इतने टैटू हैं कि आपको खाली जगह नहीं नजर आएगी। उसने इस जुनून पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए हैं।



एम्बर ल्यूक को टैटू का शौक काफी कम उम्र से लग गया था। महज़ 16 साल की उम्र में जब उन्होंने पहला टैटू बनवाया, तब शायद उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि एक दिन वे ऑस्ट्रेलिया की 'सबसे अधिक टैटू वाली महिला' कहलाएंगी। अब 30 वर्षीय एम्बर के शरीर का लगभग 98% हिस्सा टैटू से ढंका हुआ है। इसमें खूबसूरत कैलीग्राफ़ी, पोर्ट्रेट्स, प्रतीक चिन्ह और कई अनोखे डिज़ाइन्स शामिल हैं। हाल ही में एक इंस्टाग्राम इंटरव्यू में एम्बर ने बताया कि अब तक उन्होंने अपने लुक पर कुल 177,000 (लगभग 1.77 करोड़ रुपए) खर्च किए हैं।

हाइड्रोपोनक खेती आज के समय में होने वाली एक ऐसी आधुनिक खेती की तकनीक है, जिसमें पौधों को बिना मिट्टी के उगाया जाता है।



# बिना खेत और मिट्टी के अब पानी में उगेंगी सब्जियां

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



इसमें पौधें की जड़ें एक पाइप में छेद कर के भरे गए पानी में रहती हैं और इसी पानी में उनके बढ़ने के लिए जरूरी पोषक तत्वों और ऑक्सीजन को मिलाया जाता है। आसान शब्दों में कहें तो, यह तकनीक पानी में खेती करने जैसी है।

### कैसे काम करती है यह तकनीक?

हाइड्रोपोनिक खेती में पौधों को बढ़ने के लिए जितने भी पोषक तत्वों की जरूरत होती है, वह उन्हें पानी में मिक्स किए गए घोल से मिल जाते है। इसमें मिट्टी की जरूरत नहीं पड़ती जैसा की खेती के दौरान की जाती है। इस तकनीक से सारी प्रक्रिया बहुत ही नियंत्रित माहौल में होती है। जैसे, पोषक तत्वों की मात्रा, हवा की नमी या फिर तापमान। इससे पौधों को सही मात्रा में पोषण मिलता है और यह तेजी से बढ़ते है।

### कीटनाशकों से छुटकारा

इसमें मिट्टी का इस्तेमाल ना होने के कारण मिट्टी से होने वाली बीमारियों और कीड़ों का खतरा कम रहता है जिससे कीटनाशकों का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता.

**पौधों की क्वालिटी:** इस विधि से उगाई गईफ फसलें पूरी तरह से प्राकृतिक तो होती ही हैं साथ ही अधिक पौष्टिक और अच्छी क्वालिटी की होती है।

हाइड्रोपोनिक खेती भविष्य में या यूं कहिए की आने वाले समय में खेती का अहम हिस्सा बन सकती है, खासकर उन क्षेत्रों के लिए जहां पारंपरिक खेती या तो संभव नहीं है या उन क्षेत्रों में संसाधनो की कमी है।

### कम जगह

साथ ही इसे कम जगह में भी किया जा सकता है, हाइड्रोपोनिक खेती के लिए आपको किसी बड़ी जमीन की आवश्यकता नहीं होगी. इसे घर की छत पर भी किया जा सकता है।

### तेजी से विकास

इस प्रक्रिया में पौधों को पोषक तत्व डायरेक्ट मिलते हैं जिससे वह तेजी से बढ़ते हैं और फसल की पैदावार भी ज्यादा होती है।

हाइड्रोपोनक खेती के फायदे

हाइड्रोपोनिक खेती के कई सारे फायदे हैं, खासकर ऐसे समय और माहौल में जहां खेती करने के लिए जमीन और पानी दोनों की ही कमी है। इन दोनों मुख्य चीजों का कम होना खेती के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

पानी की बचतः पारंपरिक खेती की तुलना में इसमें 80 से 90 प्रतिशत तक कम पानी इस्तेमाल होता है, क्योंकि इसमें पानी



# 18 लाख में बिकी ये पासपोर्ट साइज फोटो! आखिर क्या है खासियत



**न्यूयार्क।** दुनिया में फैंस की कमी नहीं है। कोई क्रिकेटर्स का फैन है, कोई हीरो-हिरोइनों का फैन है तो कोई किसी और सेलिब्रिटी का। जाहिर है कि जब लोगों को उनके फेवरेट सेलेब्स से जुड़ी कोई चीज मिले, तो वो उसे हर स्थिति में खरीदना चाहेंगे, उनके अंदर एक अलग सा पागलपन देखने को मिलता है। ऐसा ही पागलपन तब देखने को मिला जब एक 2 इंच की फोटो नीलाम होने लगी। ये पासपोर्ट साइज फोटो 18 लाख रुपए में बिकी। पर सवाल ये उठता है कि आखिर इसमें ऐसी क्या खास बात है?

हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस मेरिलिन मुनरो और मशहूर बेसबॉल खिलाड़ी जो डिमैगियो की शादी और हनीमून से जुड़ी एक ऐतिहासिक फोटो इस हफ्ते अमेरिका में एक नीलामी में 21,655 डॉलर (लगभग 18 लाख रुपए) में बिकी। यह फोटो न केवल एक नायाब धरोहर है, बल्कि उस दौर की एक रोमांचक कहानी भी अपने साथ लेकर आई है। यह छोटी-सी पासपोर्ट फोटो मात्र 2.25 x 2.75 इंच का है, जिस पर लाल स्याही में लिखा है- मिस्टर बोल्ड्स को, धन्यवाद और मेरी हार्दिक शुभकामनाएं, मेरिलिन मुनरो डिमैगियो

### पासपोर्ट बनवाने नहीं थी फोटो

यह वाकया 29 जनवरी, 1954 का है, जब मेरिलिन मुनरो और जो डिमैगियो ने अपनी शादी के दो हफ्ते बाद सैन फ्रांसिस्को के एक संघीय कार्यालय में जापान में अपने हनीमून और व्यावसायिक दौरे के लिए पासपोर्ट बनवाने का निर्णय लिया। उस वक्त 27 वर्षीय मुनरो (जिनका असली नाम नॉर्मा जीन मोर्टेन्सन था) के पास पासपोर्ट फोटो नहीं थी। ऐसे में 40 वर्षीय जो डिमैगियो पास के एक आर्केड में चले गए और मुनरो की पहले से मौजूद एक तस्वीर से कई प्रतियां बनवाकर लौटे। उनमें से एक पर मुनरो ने हस्ताक्षर करके वह फोटो पासपोर्ट ऑफिसर हैरी ई. बोल्ड्स को दे दी। हालांकि, यह फोटो मुनरो के पासपोर्ट में शामिल नहीं हुई, लेकिन यह उसी दिन बनाई गई कॉपियों में से एक थी जिसे बाद में बोल्ड्स ने संजोकर रखा। अब दशकों बाद यह फोटो नीलामी में सामने आई है।

**दावा** 200 लाइट ईयर दूर पहुंचा मैसेज, राष्ट्रीय खगोल विज्ञान बैठक 2025 में हुआ खुलासा

# आर्मी के लोग भेज रहे हैं एलियंस को सिग्नल...

**लंदन।** वैज्ञानिकों की नई रिसर्च में बहुत ही चौंकाने वाला दावा सामने रखा गया है। धरती अनजाने में अपनी लोकेशन किसी दूसरे ग्रह में मौजूद एलियंस को अपना लोकेशन बता रही है। देश के एयरपोर्ट और मिलिट्री रडार से निकलने वाले रेडियो वेव्स ये काम कर रहे हैं, साथ ही वेव्स अंतरिक्ष में 200 लाइट वर्ष दूर तक जा चुके है। ये चौंकाने वाला खुलासा यूनाइटेड किंगडम के डराम शहर में आयोजित रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की राष्ट्रीय खगोल विज्ञान बैठक 2025 में हुआ।

### कैसे दिखता है सिग्नल?

वैज्ञानिकों ने बताया कि हवाईअड्डों पर लगे रडार सिस्टम जो विमानों को ट्रैक करने के लिए बनाए गए हैं, इतने पावरफुल सिगनल्स भेजते हैं कि वो दूसरे ग्रहों तक जा सकती है। इससे जुड़ी और जानकारी हासिल करने के लिए वैज्ञानिकों ने ऐसे सितारों पर स्टडी किया जो धरती से बहुत नजदीक हैं, खासकर कि बर्नार्ड्स स्टार और एयू माइक्रोस्कोपी। एयरपोर्ट के रडार से निकलने वाली तरंगें 2×10 वॉट्स की होती है। इतनी एनर्जी 200 लाइट ईयर दूर बैठे एलियंस को पकड़ने के लिए काफी है।



### ज्यादा पावरफुल होते हैं मिलिट्री रडार

मिलिट्री द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला रडार ज्यादा ताकतवर होते है। इनसे निकलने वाले सिग्नल की गति 1×10 वॉट्स तक पहुंच सकती है। इतनी पावर अंतरिक्ष में किसी विकसित सभ्यता को यह बताने के लिए काफी है कि उनके ग्रह से दूर कहीं जीवन मौजूद है। इन सिग्नल्स को देख कर आसानी से बताया जा सकता है कि ये किसी मशीन से बने है।

### धरती के लिए खतरा

मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक माइकल गैरेट कहते हैं कि, इस रिसर्च की मदद से हम ये समझ सकते हैं कि हमारी तकनीक का अंतरिक्ष में क्या प्रभाव हो रहा है। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि हम अब Radio Signals को लेकर सतर्क हों, क्योंकि अगर कोई भी एलियन सभ्यता हमारे सिग्नल को पकड़ रही है और हमारी टेक्नोलॉजी की स्टडी कर रही है तो इससे खतरा पैदा हो सकता है।

# दो पैरों वाला बछड़ा हुआ चर्चित, कई लोगों ने माना चमत्कार!

**नई दिल्ली।** वायरल वीडियो में यह बछड़ा खुद के दो पैरों पर खड़ा है। यह बछड़ा जन्मजात ही दो पैरों का है और यह दो पैरों पर ही बिना किसी सहारे के पूरी तरह से संतुलित हो कर चलता दिख रहा है। वही, कुछ लोगों उसकी सेवा भी करते दिख रहे हैं। बछड़ा सामान्य बछड़ों की तुलना में कुछ मुश्किल से चलता दिख रहा है।

उसे बकरी का दूध भी पिलाया जाता है। इसमें संस्थान के महाराज भी इसकी सेवा करते दिख रहे हैं। वीडियो में यह भी बताया गया है कि इसे देखने के लिए रोजाना 2 से 3 हजार लोग देखने के लिए आते हैं। वहीं, कई लोग भी बछड़े की सेवा करने तो तत्पर दिख रहे हैं। साफ है कि बहुत से लोग इसे भगवान का चमत्कार समझ रहे हैं और इसीलिए इसके दर्शन की इच्छा से दूर-दूर से आ रहे हैं।

### लोगों की उमड़ी भीड़

वहीं, कई लोग इसे केवल कौतूहल वश देखने के आ रहे हैं। वैसी तो मीडिया में इस बछड़े की चर्चा नहीं दिख रही है। पर इसका वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में जरूर आ गया है और वायरल हो गया है। लोगों ने अपने गाय माता पर अपनी श्रद्धा के चलते इस पर संदेह नहीं जाता है। लोगों ने कमेंट सेक्शन में श्रद्धा भाव भी दिखाया है। यह पहली बार नहीं है कि दुनिया में दो पैरों वाला बछड़ा दिखाई दिया है। इससे पहले भी कुछ जगहों पर गायें दो पैरों वाले बछड़े पैदा कर चुकी हैं। भारत में ही ऐसे कुछ घटनाएं होने की खबरें आ चुकी हैं।

# खेमका की हत्या का आरोपी बोला- मजबूरी में दिया वारदात को अंजाम

■ पटना में हुए हत्याकांड में बड़ा खुलासा

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में गिरफ्तार किए गए शूटर उमेश यादव ने पुलिस पूछताछ में वारदात को लेकर कई अहम खुलासे किए हैं। यादव ने पुलिस को बताया कि उसने आर्थिक तंगी के कारण मजबूरी में खेमका की हत्या की थी। अपने कबूलनामे के बावजूद उसने अपराध में शामिल किसी भी साथी का नाम बताने से इनकार कर दिया। पुलिस अब उनका पता लगाने में जुट गई है। यादव ने पुलिस को बताया कि वह वारदात के मास्टरमाइंड बिल्डर अशोक कुमार साव को करीब डेढ़ साल से जानता है और आखिरी बार उससे डेढ़ महीने पहले बिहार शरीफ में मिला था। उसी दौरान उन्होंने खेमका की हत्या की योजना बनाई थी। हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार के बारे में यादव ने कहा कि उसे उसका स्रोत पता नहीं है, लेकिन उसने विकास नाम के एक व्यक्ति को हथियार मुहैया कराने के लिए पैसे दिए थे। पुलिस अब यादव से 200 सवालों की सूची बनाकर गहन जांच कर रही है। वह हत्या से जुड़े अन्य संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी करने का भी प्रयास कर रही है। वारदात के मास्टरमाइंड साव और यादव दोनों फिलहाल आगे की पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह मामला खेमका के बेटे गुंजन की 2018 में हुई हत्या जैसा ही है। उनके बेटे की हत्या भी व्यावसायिक विवादों के कारण ही हुई थी।

## मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

# व्यापारियों और कर्मचारियों के लिए बीमा, स्वास्थ्य पर भी सरकार नियम-कानून लाएं, अमल भी करें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारत सरकार ने 5 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (एनटीडब्ल्यूबी ) का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता सुनील सिंघी कर रहे हैं। यह बोर्ड व्यापारियों और उनके कर्मचारियों के कल्याण के लिए नीतियां बनाने और सिफारिशें करने का काम करता है। इसी तर्ज पर राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्य में भी मध्यप्रदेश राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 और जबलपुर चेंबर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को ध्यान इस ओर आकृष्ट करने को कहा। उन्होंने कहाकि मध्यप्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन करें। इसके साथ ही व्यापारियों के अनुपालन बोझ को कम किया जाए। व्यापारियों और कर्मचारियों के लिए बीमा, स्वास्थ्य, समाजिक सुरक्षा, प्रतिस्पर्द्धा आदि पर सरकार द्वारा नए नियम कानून अमल में लाए।

### बोर्ड व्यापारियों के लिए एक मजबूत आवाज बनकर उभरेगा

*सुनील जैन ने कहाकि अगर सरकार इस सुझाव में मध्यप्रदेश में अमल पर लाती है कि यह बोर्ड व्यापारियों के कल्याण के लिए नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने में मदद करेगा, साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करेगा। इसके साथ ही बोर्ड व्यापारियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करेगा। बोर्ड व्यापारियों के लिए एक मजबूत आवाज बनकर उभरेगा और उनकी समस्याओं को सरकार के सामने प्रभावी ढंग से रखेगा।*

## तीन दिवसीय एक्सपो समृद्धि कॉन्क्लेव 1 अगस्त से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का पहला ऋण एवं व्यवसाय एक्सपो समृद्धि कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 1 से 3 अगस्त तक दिल्ली के भारत मंडपम में होगा। यह सम्मेलन समावेशी वित्तीय सशक्तिकरण और उद्यमशीलता के पुनरुत्थान की दिशा और 20247 विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतीक साबित होने वाला है। कॉन्क्लेव की समन्वय समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव दुबे ने कहाकि यह केवल आयोजन नहीं है, बल्कि यह हर उस उद्यमी के आर्थिक उत्थान के लिए राष्ट्रीय आंदोलन है, जो महत्वाकांक्षी होने के बावजूद पहुंच से वंचित है।

# उद्योगों से जुडे ऋण एवं व्यवसाय का पहला सम्मेलन होगा 'भारत मंडपम' में आयोजित

## नीति निर्माताओं, इनक्यूबेटरों और उद्यमियों को लाएंगे एक ही मंच पर




समन्वय समिति की उपाध्यक्ष पूनम गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन बैंकों, एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों, व्यावसायिक समाधान प्रदाताओं, नीति निर्माताओं, इनक्यूबेटरों और उद्यमियों को एक ही मंच पर लाएगा, जिससे अभूतपूर्व वित्तपोषण, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और सहयोग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, केकेजीए पार एक्सीलेंस प्राइवेट लिमिटेड, सागा, कैट, एआईएआई, हाउस ऑफ एमएलएमसी, एफएम रेडियो मिर्ची और ग्राफिसैड्स की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, विकास पूंजी को खोलना और एमएसएमई, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमियों और देश के महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए नए अवसर प्रदान करना है। सीए कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि ऋण देने वाली संस्थाओं के लिए समृद्धि कॉन्क्लेव एमएसएमई के एक बड़े समूह के साथ सीधे जुड़ने और उनके ऋण वितरण लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने का मौका देगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के तीन दिवसीय सत्र के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा होगी। गुप्ता ने बताया कि 200 से अधिक प्रदर्शकों और 60 हजार से अधिक आगंतुकों के साथ यह आयोजन भारत के वित्तीय और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला बनने के लिए तैयार है।

## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने कहा जीएसटी कर चोरों में भय बने ईमानदार व्यवसायी प्रोत्साहित हो

# एंटी इवेजन ब्यूरो को दी जानी चाहिए छापा मारने एवं जांच की शक्तियां

वाणज्यि प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




मध्यप्रदेश राज्य जीएसटी विभाग के एंटी इवेजन ब्यूरो को छापा मारने एवं जांच करने की शक्तियां दी जानी चाहिए । ताकि कर चोरों में भय बने और ईमानदार व्यवसायी कर भुगतान के लिए प्रोत्साहित हो सकें। यह बात टैक्स ला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कही। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य जीएसटी विभाग के एंटी इवेजन ब्यूरो को पिछले कुछ समय से छापा मारने एवं जांच करने की शक्तियां नहीं दी जा रही हैं, क्योंकि उनके विरुद्ध शिकायतें थीं कि उनके द्वारा जांच के नाम पर ज्यादती की जाती है और ईमानदार व्यापारी को परेशान किया जाता है। उनके स्थान पर विभाग के अन्य अधिकारियों को समय-समय पर वाहनों के जांच करने की शक्तियां दी जाती है। उन्होंने कहाकि जून माह में दूसरी बार कुछ अधिकारियों को वाहनों की जांच करने की शक्तियां दी गई है एवं उनके द्वारा भोपाल शहर एवं बाहर के क्षेत्र में वाहनों को रोककर उनके कागजात जांचें जा रहे हैं ताकि बिना जीएसटी का भुगतान किया माल की खरीदी बिक्री करने वालों से कर एवं शास्ती की वसूली की जा सके। विभाग को समय-समय पर वाहनों की जांच करते रहना चाहिए ताकि कर चोरों में भय बना रहे एवं ईमानदार व्यवसायी कर का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित हो। एंटी एवेजन शाखा को भी सक्रिय करना चाहिए, इससे सरकार के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होती है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- पारिस्थितिक तंत्र का विकास में संतुलन बनाना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक संवाद सत्र के दौरान विकास और इकोलॉजिकल संरक्षण के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से मेघालय जैसे क्षेत्रों में यह संतुलन बेहद अहम है।
वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि जलवायु संकट इस हद तक बढ़ गया है कि सर्वोत्तम मौसम विज्ञान उपकरण भी मौसम के स्वरूप का सटीक अनुमान नहीं लगा सकते। उन्होंने आगे कहा कि चरम मौसम घटनाएं आम बात हो गई हैं। जो बारिश पहले कई महीनों तक होती थी, अब एक ही दिन में हो रही है। इससे अचानाक बाढ़ आ रही है और लोगों और संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है। ग्रामीण और वन क्षेत्रों में बदलती गतिशीलता की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आधुनिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। कंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक पहुंच की जरूरत है। ताकि किसान और कारीगर अपने उत्पादों का विपणन कर सकें।

### दो महिला करदाता का हुआ सम्मान

*वित्त मंत्री ने कहा कि क्षेत्र-विशेष की योजनाएं और स्थानीय मुद्दे संबंधित मंत्रालयों और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के माध्यम से भेजे जाना चाहिए। इससे समय पर मूल्यांकन और कार्रवाई हो सकेगी। इस अवसर पर उन्होंने मेघालय की दो प्रमुख महिला करदाताओं रिमिफुल शायला और वंजोप्लिन को सम्मानित किया और कर प्रणाली में उनके सराहनीय योगदान की सराहना की। केंद्रीय वित्त मंत्री गुरुवार से मेघालय के चार दिवसीय दौरे पर हैं।*

## भारतीय विमानन उद्योग को लगेगा झटका

# इक्रा की रिपोर्ट में जताया 3 हजार करोड़ रु. के नुकसान का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारतीय विमानन क्षेत्र को वित्त वर्ष 2025-26 में 2,000 से 3,000 करोड़ रुपए के बीच शुद्ध घाटा हो सकता है। यह घाटा वित्त वर्ष 25 के अनुमानित नुकसान के समान स्तर पर रहेगा।
साल वित्त वर्ष 24 में सेक्टर ने 1,600 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया था, लेकिन एविएशन टरबाइन फ्यूल की ऊंची कीमतें और प्रतिस्पर्धा के चलते वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में मुनाफे पर दबाव बना रहेगा। हवाई यात्रा की मांग भले ही मजबूत है पर घरेलू बाजार में टिकट की कीमतें बढ़ाना मुश्किल है क्योंकि यात्रियों की कीमत के प्रति संवेदनशीलता ज्यादा है। एटीएफ की ऊंची लागत, एयरलाइनों की लीज देनदारियों में वृद्धि और नए विमान डिलीवरी से जुड़ी फाइनेंसिंग कॉस्ट भी ऑपरेटिंग मार्जिन पर दबाव बना रही है। हालांकि इक्रा का मानना है कि वित्तीय स्थिरता धीरे-धीरे लौट रही है। जून 2025 के लिए घरेलू हवाई यात्री यातायात 138.7 लाख अनुमानित था, जो जून 2024 के 132.1 लाख से 5.1 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, क्रमिक आधार पर इसमें 1.3 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई। जून 2025 में एयरलाइनों की क्षमता तैनाती जून 2024 की तुलना में 4.9 प्रतिशत अधिक थी। हालांकि यह मई 2025 की तुलना में 2.3 प्रतिशत कम थी। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) के लिए, घरेलू हवाई यात्री यातायात 422.4 लाख था, जो वर्ष-दर-वर्ष 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## यूरो के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से दाम बढ़ाने पर विचार

# मर्सिडीज की सितंबर से दाम डेढ़ फीसदी बढ़ाने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरो के मुकाबले रुपये के कमजोर होने की वजह से लक्जरी कार कंपनी मर्सिडीज बेंज इंडिया सितंबर से अपने वाहन के दाम एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने यह बात कही है। मर्सिडीज इस साल पहले ही जनवरी और जुलाई में अपने वाहन के दाम बढ़ा चुकी है। अय्यर ने बातचीत में कहा, 'सितंबर में यूरो के कारण कीमतों में एक और बढ़ोतरी होने वाली है। अगर आप देखें, तो पिछले एक महीने में यूरो 100 रुपए के स्तर पर बना हुआ है, और इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। इसलिए, हमें सितंबर में भी कीमतों में बढ़ोतरी करनी होगी। उन्होंने कहा कि कंपनी वाहन कीमतों में एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ोतरी करेगी।

■ कंपनी इस साल जनवरी में भी अपने वाहनों के दाम बढ़ा चुकी

### ईएमआई काफी हद तक संतुलित

यह पूछे जाने पर कि क्या कीमतों में बढ़ोतरी से बिक्री प्रभावित हो सकती है, अय्यर ने कहा कि ब्याज दरों में कमी की वजह से खरीदारों के लिए ईएमआई (मासिक किस्त) भुगतान काफी हद तक संतुलित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी की लगभग 80 प्रतिशत नई कारों की बिक्री 'फाइनेंस' के जरिए होती है।



**बाजार में अब भी मांग है :** अय्यर ने कहा, ''इसलिए, जब आप ईएमआई पर गौर करते हैं, तो हमने उसे वही रखने की कोशिश की है, हालांकि कार की कीमत बढ़ गई है। इससे हमें मूल्यवृद्धि के प्रभाव को काफी हद तक कम करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि बाजार में अब भी मांग है, और अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ लोग लक्जरी कारें खरीदना पसंद करेंगे।

### कीमतें कंपनी के नियंत्रण से बाहर है

सीईओ ने कहा कि खरीदार समझते हैं कि मुद्रा में उतार-चढ़ाव को देखते हुए, कीमतें कंपनी के नियंत्रण से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी को महत्वपूर्ण खनिज चुंबक के कारण उत्पादन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### हमारे पास पर्याप्त स्टॉक है

अय्यर ने कहा, ''अगर आप आपूर्ति श्रृंखला को देखें, तो जहां तक हमारा संबंध है, हम अभी तक इनमें से किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हुए हैं, क्योंकि हम इसे अच्छी तरह से प्रबंधित कर रहे हैं। हमारे पास पर्याप्त स्टॉक भी है, इसलिए हम इस स्थिति से निपटने में सक्षम हैं।''

### प्राइम-डे में नॉन-स्टॉप शॉपिंग, डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट भी

**मुंबई।** अमेजन इंडिया ने बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधी रात 12 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे।
**विशेष बेबी एसेंशियल्स हैंम्पर लांच किया -** अमेजन ने नई शुरुआत को और भी खास बनाने के लिए गिगलबॉक्स नाम से एक विशेष बेबी एसेंशियल्स हैंम्पर लांच किया है, जिसका टैगलाइन है हर शुरुआत के लिए सबसे अच्छा। विश्वसनीय उत्पादों से थॉटफुल तैयार किया गया यह गिफ्ट बॉक्स नए माता-पिता के लिए बेबी गिफ्टिंग को बेहद आसान बना रहा है।

### टाटा डिजिटल और जोमैटो की साझेदारी, डिस्काउंट ऑफर प्रोग्राम पेश

**मुंबई ।** जोमैटो ने टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी ने एक डिस्काउंट ऑफर प्रोग्राम प्रस्तुत किया है। टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड (नेउकार्ड) के साथ जोमैटो पर अपने फूड ऑर्डर का पेमेंट करने वाले यूज़र्स के लिए यह डिस्काउंट प्रोग्राम असाधारण मूल्य प्रदान करेगा। नेउकार्ड टाटा डिजिटल का को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसमें टाटा डिजिटल को-ब्रांडिंग पार्टनर है और एचडीएफसी बैंक कार्ड जारीकर्ता है। जोमैटो पर नेउकार्ड का इस्तेमाल करने वाले ग्राहक अब इस प्लेटफार्म के ज़रिए किए गए हर ट्रांजेक्शन पर जोमैटो मनी के रूप में 10 फीसदी तक कैशबैक का लाभ उठा सकेंगे।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** - व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** - परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** - मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** - आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** - खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** - कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** - व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** - कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** - नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।


**मीन** - लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# स्टार ऑटोमोबाइल्स में महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्स ओ आरईवीएक्स की ग्रैंड लांचिंग



**जबलपुर।** एडवांस फीचर्स से लैस महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्स ओ आरईवीएक्स का भव्य लॉन्च इवेंट रविवार को स्टार ऑटोमोबाइल्स एम.पी. लिमिटेड नागपुर रोड, त्रिपुरी चौक, गढ़ा, जबलपुर में आयोजित किया हुआ। ऐतिहासिक लॉन्च इवेंट में शामिल होकर लोगों ने नई महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्स ओ आरईवीएक्स का शानदार अनुभव लिया। लॉन्चिंग कार्यक्रम में स्टार ऑटोमोबाइल्स के सीईओ ललित किशोर, जनरल मैनेजर शैलेंद्र पांडेय और अशोक ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। महिंद्रा से एएसएम निहिल खरे की भी उपस्थिति रही। यह एसयूवी अपनी शानदार डिजाइन, एडवांस फीचर्स और बेहतरीन सेफ्टी के लिए अलग पहचान बना रही है, शुरुआती कीमत 8.94 लाख (एक्स-शोरूम) से प्रारंभ है। इस अवसर पर जल्द से जल्द डिलेवरी के लिए कई कस्टमर ने बुकिंग कराई। लॉन्चिंग में स्टार ऑटोमोबाइल्स परिवार के अलका दीक्षित, आलोक झा, अंकित दुबे, हरेंद्र पटेल, विमलेश सिंह, विनय डेहरिया, दिलीप गुप्ता, स्वतंत्र परोहा व शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## शब्द पहेली - 5927



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 5926 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5937

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5936 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |



# सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म का नाम सुन टाइगर श्रॉफ गदगद

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे टाइगर श्रॉफ ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। यह वीडियो हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म सुपरमैन की हिंदी डबिंग का है। इस क्लिपिंग में सुपरमैन और हीरोइन के बीच बातचीत चल रही है। हिंदी डबिंग में हीरोइन कहती है, 'मैं नुक्कड़ नाटक करने वाली बागी लड़की हूं और तुम सुपरमैन हो।' इस पर सुपरमैन कहता है, मैं भी बागी हूं। इस पर हीरोइन कहती है, तुम बागी नहीं हो? इसके जवाब में सुपरमैन कहता है, मुझे 90 की बागी से लेकर बागी 1 से लेकर बागी 4 तक सब पसंद है। सुपरमैन के मुंह से अपनी फिल्म के डायलॉग और नाम सुनकर टाइगर श्रॉफ की खुशी का भी ठिकाना नहीं है।

लाइफ Style



# तृप्ति

## मधुबाला-मीना की करना चाहती हैं बायोपिक

तृप्ति डिमरी जल्द ही सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वो मधुबाला या मीना कुमारी जैसी आइकॉनिक शख्सियतों की बायोपिक करना चाहती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि लैला मजनू की असफलता ने उन्हें निराश किया था, लेकिन बुलबुल की सफलता ने उनका आत्मविश्वास दोबारा लौटा दिया। मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। सीक्वल में काम करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है, लेकिन मेरे हिसाब से प्रेशर लेना या न लेना, ये पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। मैं दबाव नहीं लेती। मेरा मानना है कि जब आप दबाव में काम करते हैं, तो चीजें बिगड़ने लगती हैं। असली जादू तब होता है जब आप बिना किसी दबाव के पूरी ईमानदारी से और अपने डायरेक्टर व टीम पर भरोसा रखते हुए काम करें। शूटिंग के दौरान हमने हर दिन को सहजता से लिया, एक-दूसरे पर भरोसा रखा और दिल से काम किया। शायद इसी वजह से स्क्रीन पर भी सब कुछ दिल से जुड़ा हुआ लगता है। करण जौहर सर का कॉल आया और उन्होंने कहा कि एक बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं शाजिया इकबाल। इन्होंने बेबाक नाम की शानदार शॉर्ट फिल्म बनाई है। उन्होंने मुझसे कहा कि पहले वो फिल्म देखो, फिर शाजिया तुमसे मिलेंगी। फिल्म देखने के बाद मैं बहुत इंप्रेस हुई और अगले दिन ही शाजिया और राइटर राहुल से मिली।

## हॉलीवुड मसाला



# दूसरी बार मां बनने वाली हैं वेनेसा

**लॉस एंजिल्स।** वेनेसा हजेंस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। इन तस्वीरों में उनके साथ पति कोल टकर भी नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी है। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन- 'राउंड टू।' वह तस्वीरों में काफी खुश नजर आ रही हैं। साल 2024 में जुलाई माह में वेनेसा ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। अब वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हुईं।



# सेंसर बोर्ड ने काट दिया सुपरमैन के किसिंग सीन

**मुंबई।** हालीवुड फिल्म सुपरमैन को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।



# विलेन की भूमिका निभाएंगी तब्बू

**मुंबई।** तब्बू की गिनती बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में होती है, जिन्होंने अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। वो एक रोमांटिक रोल से लेकर फिल्मों में ग्रे और निगेटिव कैरेक्टर्स में भी नजर आई हैं। अब तब्बू के अगले रोल को लेकर भी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक बार फिर तब्बू पर्दे पर एक अलग अंदाज में नजर आ सकती हैं। कुछ दिनों पहले मेकर्स ने ये जानकारी साझा की थी कि तब्बू पुरी जगन्नाथ द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय सेतुपति के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अब ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं कि तब्बू इस फिल्म में एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगी। तब्बू पुरी जगन्नाथ की इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।



# डॉन-3 में विक्रांत ही होंगे रणवीर के दुश्मन

**मुंबई।** 12वीं फेल जैसी फिल्मों से ऑडियंस का दिल जीतने वाले एक्टर विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से खबरों में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाए कर पाने में फेल होती दिख रही है। लेकिन, एक्टर्स की परफॉरमेंस की तारीफ हो रही है। वहीं, डॉन 3 से विक्रांत को रिप्लेस कर विजय देवरकोंडा को कास्ट किया गया है। फिल्म की शुरुआत से ही रणवीर और विक्रांत को कास्ट किया गया है। विजय देवरकोंडा को लेकर चल रही अफवाहें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। कास्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे ये कन्फर्म हो गया है कि डॉन 3 का सबसे बड़ा विलेन का किरदार विक्रांत ही निभा रहे हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विक्रांत इस फिल्म में एक स्मार्ट और चालाक स्कैमर के किरदार में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला




# 19 साल की लड़की से रोमांस कर रहे 46 साल के शरद

**नई दिल्ली।** शरद केलकर को बतौर अभिनेता पहचान टीवी सीरियल्स के जरिए मिली। इसके बाद वह फिल्मों में सक्रिय हुए और अपने उम्दा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। एक बार फिर से टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक'में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। शो में उनका किरदार 46 साल के एक बिजनेस मैन का है, जो 19 साल की लड़की (निहारिका चौकसे) से प्यार करता है। इस 27 साल की उम्र के फासले को लेकर उनकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है। शरद केलकर ने नए सीरियल को लेकर हो रही आलोचना, विवाद पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां हर कोई अपनी राय थोपता है। किसी को कुछ पसंद आता है, किसी को नहीं, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' मैं एक एक्टर हूं और मुझे जो रोल मिला है, मैं उसे निभा रहा हूं। अगर यही चीज रियल लाइफ में होती, तब भी शायद मुझे फर्क नहीं पड़ता। ये सिर्फ एक किरदार है, कोई असल जिंदगी की कहानी नहीं।' आपके परिवार ने मुश्किल से आपको मोबाइल फोन दिलाया है, तो उसका सही इस्तेमाल कीजिए। कुछ अच्छा कीजिए, पॉजिटिव सोचिए। सोशल मीडिया पर निगेटिव बातें फैलाने से किसी का भला नहीं होता। शरद केलकर के अनुसार, 'ये इंसान की फितरत है कि वह पहले नेगेटिव चीजों की तरफ आकर्षित होता है।

## मां की जगह कोई नहीं ले सकता : रितु

नई दिल्ली। कुछ कहानियां कभी पुरानी नहीं होतीं। कुछ रिश्ते कभी फीके नहीं पड़ते। और कुछ चेहरे हमेशा हमारी यादों में बसे रहते हैं। जब यह खबर आई कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' एक बार फिर लौट रहा है, तो सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। शो के नाम से जुड़ी कई पुरानी यादें लोगों के जेहन में ताजा हो गईं। लेकिन, एक सवाल सबसे ज़्यादा पूछा गया - 'बा कहां हैं?' 'मां की जगह कोई नहीं ले सकता' ये शब्द हैं सुधा शिवपुरी यानी बा की बेटी रितु शिवपुरी के, जो इस शो की वापसी को मां के नाम की एक श्रद्धांजलि मानती हैं। रितु ने कहा, मां इस शो का हिस्सा थीं और हम सब उन्हें उस दुनिया में जीते हुए देखते थे। अब जब शो दोबारा लौट रहा है, तो ऐसा लगता है जैसे वक्त ने कोई भूली-बिसरी किताब फिर से खोल दी है। 'क्योंकि...' का सेट उनके लिए सिर्फ एक काम की जगह नहीं था। वहां उन्होंने एक और घर बसाया था। वो हंसी, वो कहकहे, वो किसी के सिर पर हाथ फेर देना, ऐसा लगता था जैसे मां अपने दिल का टुकड़ा हर कोने में छोड़ आती थीं।' सिर्फ इतना ही नहीं, रितु ने मां की एक खूबसूरत आदत को भी याद किया।



# मालिक और आंखों की गुस्ताखियां पर हावी रही सुपरमैन

*मुंबई। इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं तो कुछ फिल्में औसत से भी कम कमाई कर रही हैं। देखा जाए तो हॉलीवुड की फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं।*

**मालिक** : दर्शक अक्सर राजकुमार राव की फिल्मों को प्यार देते हैं लेकिन उनकी नई फिल्म मालिक बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पा रही है। ओपनिंग डे पर औसत से कम शुरुआत करते हुए फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इस तरह से मालिक का अब तक टोटल कलेक्शन नौ करोड़ रुपए हो गया है। 11 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में मानुषी छिल्लर अहम किरदार में हैं।

**आंखों की गुस्ताखियां** : शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। ओपनिंग डे पर फिल्म की शुरुआत काफी खराब रही। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 30 लाख का कारोबार किया। दूसरे दिन फिल्म वीकएंड का फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे दिन फिल्म की कमाई 43 लाख रुपए रही। इस तरह से फिल्म ने अब तक



टोटल 73 लाख रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म में विक्रांत मैसी अहम किरदार में हैं।

**सुपरमैन** : पिछले कई दिनों से भारत में बॉलीवुड फिल्मों के मुकाबले हॉलीवुड फिल्में ज्यादा चल रही हैं। ऐसा ही फिल्म सुपरमैन के साथ भी हुआ है। फिल्म ने पहले दिन भारत में सात करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 9.35 करोड़ रुपए का कारोबार किया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 16.35 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म भी 11 जुलाई को रिलीज हुई थी।

***मेट्रो इन दिनों*** : *मल्टी स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' ने वीकएंड पर एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 3.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 26.85 करोड़ रुपए कमा लिए। दूसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई 2.35 करोड़ रुपए रही। दूसरे शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 4.65 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने अब तक 33.85 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म चार जुलाई को रिलीज हुई थी।*

***जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ*** : *हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। भारत में 4 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने 55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.9 करोड़ का कारोबार किया। इसके बाद शनिवार को फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया। इस तरह से फिल्म ने 65.15 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

# कुली के 'मोनिका' में पूजा का दिखा जबरदस्त अंदाज

**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की आगामी फिल्म कुली का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका रविवार को रिलीज हुआ। इस गाने में पूजा ने अपने जबरदस्त डांस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस गाने में पूजा रेट्रो अवतार में नजर आईं। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म कुली से पूजा हेगड़े का दूसरा सिंगल सॉन्ग मोनिका शेयर किया। इस लुक में पूजा रेड थाई स्लिट ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। पूजा का स्टाइल और डांस दोनों ही फैंस को पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने पूजा के इस गाने का वीडियो शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'मोनिका, मेरी प्यारी मोनिका! लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रजनीकांत के अलावा फिल्म में कई स्टार कलाकार और आमिर खान का कैमियो है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कलानिधि मारन की सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन, उपेन्द्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट शामिल हैं।



## कोटा श्रीनिवास राव का फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं

# सरकार से लेकर बागी तक बॉलीवुड फिल्मों में भी आए नजर

*मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के चमकते सितारों में से एक नाम था कोटा श्रीनिवास राव, जिनका फिल्मी और राजनीतिक सफर किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं। एक ऐसे कलाकार जिन्होंने सिर्फ पर्दे पर नहीं, बल्कि थिएटर, राजनीति और निजी जीवन में भी संघर्षों को गले लगाते हुए एक मिसाल कायम की। बीते दिनों जब फिल्म प्रोड्यूसर बंदला गणेश ने उनके साथ एक तस्वीर शेयर की थी तो उसमें कोटा श्रीनिवास काफी कमजोर लग रहे थे। कोटा की सेहत देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए थे। लंबे समय से बीमार चल रहे कोटा श्रीनिवास राव ने रविवार सुबह अंतिम सांस ली।*



### डॉक्टर बनना चाहते थे

कोटा श्रीनिवास राव का जन्म 10 जुलाई 1942 को आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव कांकीपाडु में हुआ था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में पले-बढ़े कोटा के पिता एक डॉक्टर थे और घर का माहौल शिक्षा-सेवा पर आधारित था। बचपन में कोटा का सपना भी डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें एक अलग दिशा में ले गई। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नाटकों में अभिनय का चस्का लगा और यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई।

### हर रोल में छा गए

चाहे खलनायक का रोल हो या एक संवेदनशील पिता का, कोटा हर किरदार में पूरी तरह से ढल जाते थे। 'अतरिंटिकी डेरेडी', 'छत्रपति', 'बोम्मारिलु', 'शिवा' और 'गायम' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी को आज भी सराहा जाता है। उनकी भूमिका ने हमेशा यह साबित किया कि साइड रोल करने वाले अभिनेता भी मुख्यधारा की चमक को मात दे सकते हैं। अपने लंबे करियर में श्रीनिवास राव ने साउथ के कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया था। महेश बाबू, जूनियर एनटीआर, प्रभाव और अल्लू अर्जुन जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ कोटा श्रीनिवास काम कर चुके हैं।

### कब हुई कॅरियर की शुरुआत?

कोटा श्रीनिवास राव ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और फिर धीरे-धीरे फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 1978 में आई तेलुगु फिल्म 'प्रणम खरीदू' से उन्होंने बड़े पर्दे पर एंट्री की। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनका अभिनय सिर्फ संख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर किरदार में उन्होंने अपने अभिनय की गहराई से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई।

### विधायक के तौर पर भी काम किया

फिल्मों के साथ-साथ कोटा श्रीनिवास राव ने राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने 1999 से 2004 तक आंध्र प्रदेश विधानसभा में विजयवाड़ा ईस्ट से विधायक के रूप में जनसेवा की। एक अभिनेता और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने समाज के अलग-अलग पहलुओं को समझा और उन्हें अपनी कला के जरिए इसे पेश भी किया।

***हिंदी फिल्मों में भी किया काम*** : *कोटा श्रीनिवास राव ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया था। उनकी प्रमुख हिंदी फिल्मों में 'सरकार', 'डार्लिंग', 'बागी' और 'लक' जैसी फिल्में शामिल हैं।*

***कोटा श्रीनिवास राव के अवॉर्ड्स*** : *कोटा राव को उनके अभिनय के लिए नौ बार राज्य नंदी पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। 2012 में उन्हें फिल्म 'कृष्णम वंदे जगद्गुरुम' के लिए सीमा पुरस्कार भी मिला। तमिल सिनेमा में भी उन्होंने 2003 में 'सैमी' फिल्म के जरिए खास पहचान बनाई। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रपति द्वारा साल 2015 में पद्म श्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

***किन फिल्मों के लिए मिला अवॉर्ड?*** : *अभिनय की दुनिया में महारत रखने वाले कोटा श्रीनिवास राव को नंदी अवॉर्ड्स के तहत प्रतिघातना (1985) के लिए स्पेशल जूरी अवॉर्ड, गायम (1993), तीरपू (1994), गणेश (1998), चिन्ना (2001) जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ खलनायक का पुरस्कार और लिटिल सोल्जर्स (1996), आ नालुगुरु (2004), पेलैना कोथालो (2006) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में सम्मान मिला।*

# महिला टी20: भारत ने रचा इतिहास, इंग्लैंड में पहली बार सीरीज की अपने नाम, दर्ज की 3-2 से जीत




एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रचते हुए पहली बार इंग्लैंड में टी20 सीरीज अपने नाम की। भले ही टीम को अंतिम मैच में हार झेलनी पड़ी लेकिन सीरीज भारत ने 3-2 से जीत ली। यह पहली बार है जब भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड की धरती पर दो से ज्यादा मैचों की टी20 सीरीज जीती है। इस ऐतिहासिक जीत की अगुवाई हरमनप्रीत कौर ने की। उन्होंने एक बड़ा इतिहास रच दिया।

## हरमनप्रीत कौर ने बनाया नया

इस ऐतिहासिक जीत की अगुवाई कप्तान हरमनप्रीत कौर ने की। उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। हरमनप्रीत कौर भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि भारतीय बल्लेबाज मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़कर हासिल की। हरमनप्रीत कौर ने कुल 334 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जो भारतीय महिला क्रिकेट में अब तक सबसे ज़्यादा हैं। उन्होंने मिताली राज के 333 मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। हरमनप्रीत अब



दुनिया में सबसे ज़्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में न्यूजीलैंड की सूज़ी बेट्स (346 मैच) और ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (337 मैच) उनसे आगे हैं। 36 वर्षीय हरमनप्रीत ने अब तक अपने करियर में 8 शतक और 85 अर्धशतक लगाए हैं।

## शेफाली ने किया 23 गेंद में अर्धशतक पूरा

हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपकर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा। विकेटकीपर रिचा घोष ने इसके बाद 16 गेंद में 24 जबकि राधा यादव ने 14 गेंद में 14 रन की पारी खेली, जिससे भारत ने अंतिम 41 गेंद में 56 रन जोड़े।



## खबर संक्षेप



### मेघालय में शुरू हुआ निशानेबाजी ट्रायल

**शिलांग।** राष्ट्रीय खेल 2027 की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे मेघालय के निशानेबाजी संघ ने कहा कि उसने राज्य से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं की पहचान के लिए ट्रायल्स की एक श्रृंखला शुरू की है। मेघालय को पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अधिकार मिला है। राष्ट्रीय खेलों के 39वें सत्र का मुख्य आयोजन शिलांग में होगा। इसमें देशभर के विभिन्न खेलों के शीर्ष एथलीट भाग लेंगे। अधिकारियों को उम्मीद है कि ट्रायल्स से मिले अनुभव उनके लिए काफी मददगार होगा।

### बीएफआई चुनावों में देरी, पीटी उषा ने गठित की समिति



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने के लिए तीन सदस्यीय 'फेक्ट फाइंडिंग' समिति का गठन किया है। गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं।

### पदक में जगह बनाने से चूकी भारतीय टीम

**लोनाटो।** लक्ष्य श्योराण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) तीसरी सीरीज में परफेक्ट स्कोर बनाने के बावजूद ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक दौर में जगह बनाने से चूक गए, जिसके साथ भारत का अभियान आईएसएसएफ लोनाटो विश्व कप में समाप्त हो गया। लक्ष्य और नीरू ने क्वालीफाइंग दौर में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी 138 अंक के साथ 22वें स्थान पर रही।

### धावक साबले को लगी चोट जल्द हो जाएंगे ठीक : कोच



**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले को दो दिन पहले मोनाको डायमंड लीग के दौरान गिरने के कारण मामूली चोट लगी है लेकिन उनके लंबे समय के कोच अमरीश कुमार ने कहा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। एशियाई खेलों के चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी साबले शुक्रवार को पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा पूरी नहीं कर पाए क्योंकि दौड़ के शुरुआती दौर में ही पानी में कूदते समय वह गिर गए।

क्रिकेट : भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट मैच का चौथा दिन

# भारतीय तेज गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी, लड़खड़ाई मेजबान टीम

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीसरे टेस्ट के चौथे दिन खराब होती पिच पर शानदार गेंदबाजी की। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड का स्कोर 6 विकेट पर 165 रन हो गया। चौथे दिन की शुरुआत में मैदान पर रोमांच बरकरार रहा। भारत के लिए सिराज और वाशिगटन सुंदर ने 2-2 विकेट जबकि नीतिश कुमार रेड्डी और आकाशदीप ने 1-1 विकेट झटका। पिच की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए 250 से 300 रनों का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण होगा।

सिराज विपक्षी बल्लेबाजों के साथ तीखी बहस में माहिर हैं और वह बेन डकेट (12) को पवेलियन छोर से आउट करने के बाद जोश में आ गए। उन्होंने स्टंप्स को निशाना बनाने के लिए अपनी लाइन एवं लेंथ में थोड़ा बदलाव किया और उन्हें ओली पोप के रूप में एक और विकेट मिल गया। गेंदबाजों को नर्सरी छोर से ज्यादा मदद मिल रही थी, जिससे सिराज ने अच्छी गेंदबाजी की। सात ओवरों के अपने स्पैल में उन्होंने महज 11 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

जसप्रीत बुमराह ने सिराज के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की और जैक क्रॉली को एक बार फिर परेशान किया। क्रॉली शनिवार को उनके एक ओवर में आउट होने से बच गए थे। नर्सरी छोर पर गेंद एक अजीब सी लेंथ से उछल रही थी, जिससे खचाखच भरे लॉर्ड्स में रोमांच और बढ़ गया।




### क्रॉली की रणनीति पर वॉन ने कहा, समय बर्बाद करने का बेहतरीन नमूना

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन के अंत में जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति उनके अब तक देखी गई सबसे बेहतरीन रणनीति थी लेकिन उन्होंने कहा कि भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि मेहमान टीम ने भी दूसरे दिन यही तरीका अपनाया था। तीसरे दिन के खेल के अंत में उस समय गुस्सा भड़क गया जब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति के बाद भारत एक और ओवर नहीं फेंक पाया, जिस पर कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में मेहमान टीम ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

### विदेशी सरजमीं में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली बनी टीम

टीम इंडिया ने 3 टेस्ट में ही एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आधे सफर में ही भारत ने न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारतीय टीम किसी विदेशी सरजमीं पर एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई है। भारत ने अब तक सीरीज में 5 बार बल्लेबाजी की है और कुल 36 छक्के लगाए हैं। हालांकि तीसरे टेस्ट में अभी टीम इंडिया की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं आई है। इससे पहले विदेशी सरजमीं पर एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के नाम था। कीवियों ने 2014/15 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में 32 छक्के जड़े थे। तब यूएई को पाकिस्तान के घरेलू मैदान के तौर पर देखा जाता था। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 32 छक्के लगाए थे। वहीं, वेस्टइंडीज ने 1974/75 में भारतीय दौरे पर 32 छक्के लगाए थे। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की सीरीज खेली गई थी। वहीं, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में आधे सफर में ही 36 छक्के जड़ दिए हैं।

शतरंज

# भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बने शतरंज खिलाड़ी हरिकृष्णन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरिकृष्णन ए रा 2022 में चेन्नई में जब ग्रैंडमास्टर श्याम सुंदर मोहनराज की अकादमी से जुड़े तो उनके बारे में इस कोच ने, जो सबसे पहली चीज देखी वह उनका गणना करने का कौशल था।

चौबीस साल के हरिकृष्णन ने फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टन बने, जिससे मोहनराज की खुशी का ठिकाना नहीं रहा क्योंकि कुछ महीनों के भीतर उनकी अकादमी के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर बने। चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म कुछ साल पहले हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया। श्रीहरि एलआर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। हरिकृष्णन आने वाले शुरुआती लोगों में से एक थे। फिर धीरे-धीरे लगभग 10-15 उनके जैसे स्तर के और लोग भी जुड़ गए।'



- फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया

मोहनराज ने कहा, 'मैं कहूंगा कि उसकी सबसे बड़ी खूबी उसका गणना करने का कौशल है। लेकिन जब मैं उसे प्रशिक्षण दे रहा था तो मैंने सुनिश्चित किया कि वह 'डाइनैमिक्स' में भी अच्छा हो। फिर धीरे-धीरे वह रणनीति में भी अच्छा हो गया।' मोहनराज का मानना है कि हरिकृष्णन को अब 2550-2600 की रेटिंग का लक्ष्य रखना चाहिए।

### दो महीने में अकादमी ने किए दो ग्रैंडमास्टर तैयार

मोहनराज ने उस समय को याद किया जब वह एक साल से अधिक समय तक कोई ग्रैंडमास्टर तैयार नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'दो महीने में ही अकादमी ने दो ग्रैंडमास्टर तैयार कर दिए हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से जिन ग्रैंडमास्टर्स को मैं लगातार प्रशिक्षित कर रहा हूं, उनकी वजह से यह बहुत अच्छा लग रहा है।' उन्होंने कहा, 'यह मेरे और हरिकृष्णन, दोनों के लिए बड़ी राहत की बात है क्योंकि उन्होंने लगातार दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म गंवा दिए थे।' मोहनराज को वह समय याद है जब अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन चुके हरिकृष्णन ग्रैंडमास्टर बनने के लिए मार्गदर्शन लेने उनकी अकादमी में आए थे।

ट्राई सीरीज

## महिला यूरोपीय चैंपियनशिप पोलैंड ने डेनमार्क को हराकर दर्ज की पहली जीत



एजेंसी ▶▶| लुसर्ने (स्विट्जरलैंड)

नतालिया पेडिला ने एक गोल दागा जबकि एक गोल करने में मदद की, जिससे पोलैंड ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में डेनमार्क को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की।

पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही पोलैंड के लिए स्पेन में जन्मीं पेडिला ने 13वें मिनट में प्रतियोगिता का पहला गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद कप्तान पर्निले हार्डर ने स्कोर 2-0 कर दिया। डेनमार्क के लिए जेनी थॉमसेन ने पहले हाफ में गोल दागा लेकिन पोलैंड की टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। मार्टिना वियानकोवस्का ने 76वें मिनट में स्कोर 3-1 किया।

सिग्ने ब्रून ने इसके बाद 83वें मिनट में डेनमार्क की ओर से एक और गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाईं। दोनों ही टीम पहले ही ग्रुप सी से नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकीं थी। स्वीडन ने ग्रुप के एक अन्य मैच में जर्मनी को 4-1 से हराया।

## वेस्टइंडीज की तूफानी गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया को 225 रन पर समेटा

**किंगस्टन (जमैका)।** शमार जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 225 रन पर समेटने के बाद 1 विकेट पर 16 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने एकमात्र विकेट केवलोन एंडरसन (03) का गंवाया, जिन्हें अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया। स्टार्क यह उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग 8 जबकि कप्तान रोस्टन चेज 3 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 209 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले शमार जोसेफ (33 रन पर 4 विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (56 रन पर 3 विकेट) और जेडन सील्स (59 उन पर 3 विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 70.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई।

## फुटबॉल...



**फ्लोरिडा।** इंटर मियामी फॉरवर्ड लियोनेल मेस्सी (दाएं), लुइस सुआरेज़ (बाएं) के साथ नैशविले एससी के खिलाफ एमएलएस फुटबॉल मैच के दूसरे हाफ के दौरान गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

## विंबलडन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी पर होगी पैसों की बरसात

**लंदन।** विंबलडन 2025 अपने समाप्ति पर है, जहां महिला सिंगल का खिताब पोलैंड की इगा स्वियातेक ने अपने नाम किया। वहीं अब पुरुष सिंगल में खिताब की भिड़ंत अल्काराज और यानिक सिनर के बीच है। इसके साथ ही जो भी खिलाड़ी विंबलडन 2025 पुरुष सिंगल का खिताब अपने नाम करेगा उस पर पैसों की बरसात होगी। हालांकि, जो खिलाड़ी फाइनल में हारेगा वो भी खाली हाथ नहीं जाएगा। टेनिस की बात हो, तो इसकी इनामी राशि का जिक्र भी होता है। टेनिस प्लेयर्स को काफी पैसा मिलता है। दरअसल, इस बार विंबलडन जीतने वाले खिलाड़ी को 35 करोड़ रुपये की भारी धनराशि मिलने वाली है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यही रकम महिला वर्ग में भी मिली है। ये तो सिंगल्स विनर को मिलने वाली प्राइज मनी है। हारने वाले खिलाड़ी को 17 करोड़ रुपये से कई ज्यादा की धन राशि मिलनी है।

## फीफा ने की खिलाड़ियों के विश्राम मानकों पर सहमति बनने की घोषणा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

फीफा ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और खेल की नियामक संस्था के बीच खिलाड़ियों के लिए मैचों के बीच 72 घंटे के आराम की आवश्यकता के साथ प्रत्येक सत्र के अंत में कम से कम 21 दिनों की छुट्टी मिलने पर सहमति बन गई है। फीफा और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के बीच यह बातचीत पेरिस सेंट-जर्मेन और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के फाइनल की पूर्व संध्या पर हुईं। यह टूर्नामेंट यूरोप के सत्र के खत्म होने के तुरंत बाद आयोजित किया जा रहा है।

खिलाड़ियों के संघ ने कहा था कि एक महीने तक चलने वाले क्लब विश्व कप से खिलाड़ियों के चोटिल होने और थकान का खतरा बढ़ गया है।

भारत-इंग्लैंड अंडर 19 टेस्ट मैच

# पहली पारी में टीम इंडिया 540 पर ऑलआउट, बल्लेबाजों ने खेली बेहतरीन पारी

एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच में, भारतीय अंडर-19 टीम ने अपनी पहली पारी में 540 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले दिन के खेल खत्म होने तक भारत ने 7 विकेट पर 450 रन बनाए थे। कप्तान आयुष म्हात्रे ने शानदार शतक (102 रन) जड़ा, जबकि अभिज्ञान कुंडू (90), राहुल कुमार (85) और विहान मल्होत्रा (67) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलीं।



### इंग्लैंड की गेंदबाजी

इंग्लैंड अंडर-19 टीम की ओर से एलेक्स ग्रीन और रल्फी एलबर्ट ने 3-3 विकेट लिए, जबकि जैक होम और आर्ची वॉर्न को 2-2 विकेट मिले।

### दूसरे दिन का खेल

दूसरे दिन भारत ने 7 विकेट पर 450 रन से आगे खेलना शुरू किया। आरएस अंब्रीश और हेनिल पटेल ने पारी को आगे बढ़ाया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंब्रीश ने अपना अर्धशतक पूरा किया और हेनिल पटेल के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी भी की, जिससे भारत 500 रन के आंकड़े को पार कर गया। अंब्रीश 70 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पटेल ने 38 रन का योगदान दिया। दीपेश देवेंद्रन 4 रन बनाकर आउट हुए, वहीं अनमोलजीत सिंह 8 रन बनाकर नाबाद रहे।

## आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद मिली आयुष को कप्तानी

आयुष म्हात्रे घरेलू क्रिकेट में मुंबई क्रिकेट टीम के लिए खेलते हैं और मौजूदा समय में भारत के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत U19 की कप्तानी सौंपी गई थी। आयुष आईपीएल 2025 के बीच सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स टीम में एक रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने सात मैचों में 34.28 की औसत से 240 रन बनाकर अपना आईपीएल 2025 अभियान समाप्त किया, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 94 था।

### वैभव 14 रन बनाकर आउट

यूथ वनडे में शानदार परफॉर्म करने वाले 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी पहले दिन मात्र 14 रन ही बना सके। उन्हें ग्रीन ने आउट किया। वैभव ने ऑफ साइड के बाहर शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल को कट किया। लेकिन अल्बर्ट ने थर्ड मैन पर उनका कैच लपक लिया।




आज खत्म हो रही आरोपियों की रिमांड, पुलिस राज उगलवाने में लगी

# रज्जाक गैंग के पनाहगार अब पुलिस की रडार पर

हरिभूमि जबलपुर।

गत दिवस गिरफ्तार किये गये अब्दुल रज्जाक उर्फ पहलवान परिवार के चार सदस्यों की रिमांड आज खत्म हो रही है. पुलिस आज चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश करेगी. सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने रिमांड के दौरान सरफराज और अन्य की फरारी में मदद करने वालों की सूची के साथ साथ फरार सरताज की जानकारी जुटाई है. वहीं गैंग में सक्रिय सदस्यों की कुंडली भी पुलिस के हाथ लगी है. गौरतलब है जबलपुर पुलिस ने सिवनी पुलिस की मदद से पेंच के एक रिजार्ट से पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर रज्जाक पहलवान के बेटे मोहम्मद सरफराज, भाई मोहम्मद मेहमूद और भतीजे अजहर और सज्जाद को गिरफ्तार किया था. जिसके बाद पुलिस ने इन्हें न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया था. बताया जाता है की चारों पर संगीन धाराओं में अलग अलग थानों में गंभीर अपराध दर्ज हैं, सभी लम्बे समय से फरार थे, जिनपर 50 हजार से अधिक का इनाम घोषित था।



### सरफराज के मददगार निशाने में

रिमांड के दौरान पुलिस ने सरफराज और गैंग के अन्य फरार लोगों की मदद करने वालों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया है. सूत्रों के मुताबिक नरसिंह, करेली, मंडला और कटनी के कई मददगारों की सूची पुलिस ने तैयार की है, जिनपर आने वाले दिनों में कार्यवाही देखने को मिल सकती है।

### सरताज की मिली लोकेशन

रिमांड के दौरान पुलिस का मुख्य फोकस सरताज की लोकेशन पर रहा. बताया जाता है की रिमांड पर आरोपियों ने कबूल किया है की सरताज तुर्की में है. सूत्रों के मुताबिक पुलिस इससे अधिक जानकारी सरताज के बारे में नहीं जुटा सकी है।

### कैसे और कौन चला रहा गैंग

रिमांड के दौरान चारों आरोपियों से रज्जाक गैंग के वैध अवैध धंधों के संचलन के संबंध में जानकारी हासिल करने की कोशिश की गई है. जब रज्जाक जेल में है, सरताज विदेश में और अन्य प्रमुख फरार तब यह साम्राज्य कैसे और कौन चला रहा था, पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी है।

### स्कूल की रद्द हो सकती है मान्यता

सुप्रा डायग्नोस के बाद पुलिस के निशाने पर अब रज्जाक परिवार द्वारा संचालित लिटिल चैम्प स्कूल को निशाने पर लिया गया है. बताया जा रहा है की घर पर छापे के दौरान स्कूल से संबंधित दस्तावेज भी पुलिस ने जप्त किये हैं. कहा जा रहा है स्कूल की मान्यता पहले ही रद्द हो चुकी है. अब प्रशासन स्कूल पर पूरी तरह ताला जड़ सकता है।

लम्बे अरसे बाद हर दिन दर्ज की जा रही बारिश

# बूंदाबांदी के बाद मिली राहत, बारिश के आसार

**जबलपुर।** लगभग एक पखवाड़े के बाद जबलपुर में बारिश का दौर थमा, इसके बाद जनजीवन समान्य रहा. पिछले एक पखवाड़े से लगातार रुक रुक कर बारिश का दौर चलता रहा. सोमवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा. बीच बीच में बादल छाए हलकी बूंदाबांदी हुई, इसके बाद धूप भी निकली , गीली सड़कें सूख गईं. यहां गौरतलब है की लगभग एक पखवाड़े से जबलपुर शहर में बारिश का अनवरत दौर जार रहा है. सावन के शुरुआती दौर में ही बारिश का करीब आधा कोटा पूरा हो गया, अभी भी मानसून मेहरबान है. कइ सालों के अंतराल के बाद प्रतिदिन बारिश दर्ज की गई. वर्ना तेज बारिश के बाद एक एक हफते तक बारिश का ब्रेक होता रहा है. इस साल अबतक 22.2 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है.. जबलपुर में बारिश का औसत कोटा 50-55 इंच के करीब है. मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी उत्तरप्रदेश और पश्चिम बंगाल में हवा के कम दबाव का क्षेत्र व चक्रवात बनने से मध्यप्रदेश में अच्छी बारिश के आसार बने हुये हैं। आषाढ में झामाझम के बाद सावन के भी खुलकर बरसने के आसार हैं.



रविवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाये रहे। ऐसी उम्मीद बनी थी कि जमकर बारिश होगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सुबह टिमटिमाकर पानी बरसा और निकल गया। मौसम में आए बदलाव से शीतल बयारें राहत दे रहीं थीं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 92 प्रतिशत, सायंकाल 75 प्रतिशत आंकी गईं 24 घंटों में कुल वर्षा 42.0 मिमी दर्ज की गई। जबकी रविवार को मात्र 1.2 मिमि बूंदाबांदी दर्ज की गई. 1 जून से अब तक हुई कुल वर्षा का आंकड़ा 565.06 मिमि लगभग 22.2 इंच पर पहुंच गया है। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी जबकि कुल वर्षा 245.5 मिमि दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 33.2 और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड में कम दबाव का क्षेत्र है, जबकि उत्तर पश्चिमी मध्यप्रदेश में हवा का कम दबाव बना हुआ है। लिहाजा अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर, ग्वालियर और रीवा संभाग में जोरदार वर्षा हो सकती है।

24 आरोपियों से 67 लीटर कच्ची, 215 पाव देशी शराब जप्त

# काम्बिंग गश्त में 313 वारंटी पकड़े गये

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में अपराधों की रोकथाम और बदमाशों की धरपकड़ के लिये पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार की रात 9 बजे से देर रात 2.30 बजे तक जिले में काम्बिंग गश्त कराई गई. इस दौरान 313 वारंटी पकड़े गये, वहीं अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर 66 लीटर कच्ची और 215 पाव देसी शराब जप्त की गई. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक काम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। इन टीमों ने अपने अपने थाना क्षेत्रों में निगरानी शुदा बदमाशों और अवैध कारोबार में संलग्न होने के रिकार्ड के आधार पर आरोपियों के घरों में दबिश दी



गई. काम्बिंग गश्त के दौरान कई वर्षों से फरार 104 गैर म्यादी वारिटयों एवं 99 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 110 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

### मायके वालों ने लगाये प्रताड़ना के आरोप

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानांतर्गत कटंगी बायपास औरिया निवासी एक नवविवाहिता ने मेडीकल अस्पताल में डिलेवरी के दौरान दम तोड़ दिया। महिला के 6 माह के बच्चे को मृत हालत में पेट से निकाला गया। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना के आरोप लगाये हैं। नवविवाहिता की अकाल मौत के बावजूद ससुराल वालों ने नवविवाहिता का पुलिस को सूचना दिए बिना ही दाह संस्कार करा दिये। मायके पक्ष की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि गौर सालीवाला निवासी भारत प्रसाद सेन की बेटी दुर्गेश नंदनी सेन की शादी गत 22 जनवरी 2022 को कटंगी बायपास औरिया निवासी कान्हा सेन से हुई थी। शादी में परिजनों के पर्याप्त दहेज देने के बावजूद उसका पति कान्हा सेन पैसों की मांग कर दुर्गेश नंदनी को प्रताड़ना देता था। दुर्गेश के गर्भवती होने पर भारत सेन ने अपनी बेटी दुर्गेश नंदनी को दामाद कान्हा सेन के साथ ससुराल से लेकर डिलेवरी के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डिलेवरी के दौरान दुर्गेश की मौत हो गई थी। जिसके पेट से ६ माह का मृत हालत में निकाला गया।

चार माह में 10 बार शहर की प्रमुख विद्युत आपूर्ति लाइन बाधित

# एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन की जद में निर्माण कार्य से बढ़ रहे हादसे

हरिभूमि जबलपुर।

शहर की प्रमुख 132 केवी विनोबा भावे–व्हीकल फैक्ट्री एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइन, जो नयागांव 220 केवी सबस्टेशन से निकलती है और सुरक्षा संस्थानों एवं वीआईपी क्षेत्रों सहित आधे शहर को विद्युत आपूर्ति करती है, पिछले कुछ माह से लगातार बाधित हो रही है। कल करमेता क्षेत्र में एक दो मंजिला मकान के निर्माण कार्य करते समय ट्रांसमिशन लाइन के इंडक्शन जोन में बल्लियों को लगाने और बारिश के कारण सुचालक पथ बनने से यह व्यवधान हुआ। बीते चार महीनों में तो यह लाइन 10 बार ट्रिप हो चुकी है। मुख्य कारण ट्रांसमिशन लाइन की जद में हो रहे अनाधिकृत निर्माण कार्य हैं, जो विद्युत सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए जनजीवन के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। अधिकांश ट्रिपिंग लाइन के इंडक्शन ज़ोन या सीधे संपर्क में आने के कारण हुई है।

### 600 से अधिक नोटिस

एमपी ट्रांसको के कार्यपालन अभियंता श्री अजय पाल सिंह चौहान ने बताया कि शहर के पोलीपाथर, न्यू शास्त्री नगर, अधारताल, जसूजा सिटी सहित कई क्षेत्रों में हाई टेंशन लाइनों के नीचे अवैध मकान एवं निर्माण कार्य किए गए हैं। एमपी ट्रांसको द्वारा विगत तीन वर्षों में ऐसे मामलों पर 600 से अधिक नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वर्ष 2022, 2023 और अक्टूबर 2024 में भी कई बार चेतावनी दी गई, परंतु निर्माण नहीं रुके। अब जिला प्रशासन के सहयोग से सख्त कार्रवाई की योजना बनाई गई है।

### हादसे दे रहे चेतावनी

करमेता, जसूजा सिटी व अन्य इलाकों में ट्रांसमिशन लाइन के समीप निर्माण कार्यों के चलते हाल ही में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कहीं मजदूर घायल हुए, तो कहीं वाहनों के ट्रांसमिशन लाइन से संपर्क में आने से विद्युत आपूर्ति में



बाधा आयी। गनीमत रही कि कोई बड़ा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

### मुनादी व जनजागरूकता के प्रयास

एमपी ट्रांसको द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी एवं व्यक्तिगत स्तर पर भी लोगों को बार-बार जागरूक किया गया, फिर भी अनाधिकृत निर्माण नहीं रुक पा रहें हैं। अब प्रशासनिक सहयोग से अभियान चलाकर ऐसे निर्माणों को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

### ट्रांसमिशन कंपनी का उद्देश्य

ट्रांसमिशन लाइनों की सुरक्षा और जनहानि रोकना प्राथमिकता है। कंपनी का प्रयास है कि भविष्य में इस तरह के नियम विरुद्ध घातक निर्माण न हों और नागरिकों की सुरक्षा के साथ शहर की विद्युत आपूर्ति अनवरत सुनिश्चित की जा सके।

## जबलपुर में 6 और कानपुर में 8 सीटों पर कब्जा

# 506 आर्मी बेस वर्कशॉप में लहराया लाल झंडा

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर के 506 आर्मी बेस वर्कशॉप एवं कानपुर के ओएफसी में लाल झंडा लहराया हैं। गहमागहमी के बीच हुई मतगणना में 506 आर्मी बेस वर्कशॉप वर्क्स कमेटी में लाल झंडे का कब्जा रहा जबकि बीपीएमएस के हाथ महज 4 सीटें लगी। 506 आर्मी बेस वर्कशॉप में शनिवार को हुए वर्क्स कमेटी मेंबर निर्वाचन में 506 श्रमिक संघ (एआईडीईएफ) ने 10 में से 06 सीट जीतकर कार्य समिति में अपना कब्जा बरकरार रखा। संगठन ने कहा कि 10 में से 6 सीटें जीतकर लाल झंडे ने साबित कर दिया हैं कि कर्मचारियों के हक की लड़ाई में वह सर्वप्रथम हैं। इसी तरह ओएफसी कानपुर में हुए कार्य समिति चुनाव में भी लाल झंडा कर्मचारियों के मन में जगह बनाने में कामयाब रही। यहां 10 में से 8 सीटें जीतकर अपना वर्चस्व स्थापित किया।

ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के



राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक द्वारा दूरभाष पर सभी विजेता उम्मीदवारों को बधाई दी गई और कहा गया कि कर्मचारियों के हक के लिए इसी तरह संघर्ष जारी रखें। जबलपुर के जीसीएफ से रोहित यादव, विनय गुप्ता, उत्तम विश्वास, अमित चंदेल, खमरिया के अर्नब दास गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, सिमेंद्र रजक, व्हीकल फैक्ट्री के अमरीश सिंह, नितेश सिंह, असीम दुबे, जी आई एफ के राकेश दुबे, राजेश पटेल इत्यादि सभी लाल झंडे के पदाधिकारियों ने विजयी उम्मीदवारों को एवं यूनियन को बधाई संदेश प्रेषित किया।

### माल लदान की कमाई में जबलपुर रेल मंडल अव्वल

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल ने पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में मालगाड़ियों द्वारा माल ढुलाई करके सर्वाधिक वाणिज्यिक आय अर्जित किया है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार किये जा रहे इन प्रयासों के परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के तृतीय माह 1 जून 2025 से 30 जून 2025 में कुल 3.79 मिलियन टन माल लदान से मंडल को राशि 360.96 करोड़ रूपये से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है। मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधायो में वृद्धि के साथ ही जबलपुर रेल मंडल विभिन्न प्रकार की माल ढुलाई हेतु व्यापारियों एवं विभिन्न कंपनियों को शिकायत रहित सेवा प्रदान की जा रही है। जिससे कि मंडल द्वारा माल ढुलाई से उक्त बड़ी राशि प्राप्त की जा रही है।

## जीएनएम कोर्स के नए नियमों को चुनौती संबंधी याचिका खारिज

# प्रदेश मातृ मृत्यु दर में आगे कड़े नियम बनाना उचित

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन व न्यायमूर्ति दिनेश पालीवाल की युगलपीठ ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि मध्य प्रदेश मातृ मृत्यु दर के सिलसिले में आगे है। इसलिए जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी, जीएनएम पद पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए राज्य शासन ने कड़े नियम बनाकर सही किया। सरकार को परामर्श दिया जाता है कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य केंद्रों और एंबुलेंस की संख्या के साथ बेहतर सड़कें भी उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। याचिकाकर्ता हरदा के लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय सहित 39 अन्य की ओर से पक्ष रखा गया। याचिकाओं में आरोप था कि मप्र शासन ने जीएनएम पदों पर भर्ती केलिए वर्ष 2024 में नियमों में बदलाव कर बायोलाजी विषय के साथ 12 वीं कक्षा पास करना अनिवार्य कर दिया है। इस कारण जीएनएम कोर्स के सिर्फ 169 पद ही भरे गए और शेष 8388 पद खाली हैं। ऐसे में सरकार को उचित निर्देश दिए जाएं, ताकि खाली पदों पर उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जा सके। हाई कोर्ट सरकार के कदम को उचित निरूपित करते हुए याचिका निरस्त कर दी। राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी और इंडियन नर्सिंग काउंसिल की ओर से अधिवक्ता मोहन सौंसरकर ने पक्ष रखा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240